e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 11, अंक 307
बुधवार
13.11.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**
पहले लोग मरते थे और आत्मा भटकती थी, अब आत्मा मर चुकी है ओए लोग भटक रहे है!

ताजा खबरों के लिए देखें

## क्विक न्यूज

### पलामू से 2.32 लाख कैश बरामद

**हुसैनाबाद** : हुसैनाबाद में एसएसटी की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक गाड़ी से कैश रुपए जब्त किए हैं. झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर पूरे पलामू में वाहन चेकिंग एवं कई तरह का अभियान चलाया जा रहा है. पुलिस के द्वारा जब्त पैसा को वोटरों के बीच बांटे जाने की आशंका थी.इसी क्रम में हुसैनाबाद में वाहन चेकिंग के दौरान एक वाहन को रोका गया और उसकी तलाशी ली गई. तलाशी के दौरान ब्लू रंग का झोला में 2.32 लाख कैश रुपए बरामद हुए हैं. एसएसटी टीम द्वारा गाड़ी में सवार लोगों से पूछताछ की गई तो वे नकद के बारे में कोई जानकारी नहीं दे पाए और न ही कोई कागजात नहीं दिखा पाए. इसके बाद एसएसटी के पदाधिकारियों ने रुपयों को जब्त कर लिया है.इस अभियान को लेकर हुसैनाबाद थाना प्रभारी संजय कुमार ने बताया कि एक बोलेरो गाड़ी से कैश पैसे जब्त किये गये हैं. इस मामले में आगे की छानबीन की जा रही है. उन्होंने बताया की आशंका है कि यह पैसा वोटरों के बीच बांटा जा सकता था पूरे मामले में आगे का अनुसंधान किया जा रहा है एवं वरीय अधिकारियों की इसकी जानकारी दी गई है. बोलेरो सवार लोगों से पूछताछ के बाद और कई जानकारी निकाल कर सामने आएंगी.बता दें कि झारखंड विधानसभा चुनाव के दौरान पलामू में एसएसटी की टीम लगातार कार्रवाई कर रही है. इस कार्रवाई में अब तक लाखों रुपए जब्त हुए है.

### बेकाबू कार ने 35 लोगों को कुचला, मौत

**बीजिंग** : चीन के झुहाई में एक ड्राइवर बेकाबू वाहन लेकर भीड़ में घुस गया। इस भीषण सड़क हादसे में 35 लोगों की मौत हुई है, जबकि 43 से अधिक लोग घायल हुए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक झुहाई में इस समय चीन का प्रतिष्ठित एयर शो चल रहा है। इस कारण शहर में काफी भीड़-भाड़ है। इस हाइप्रोफाइल कार्यक्रम के दौरान व्यस्ततम इलाके में 62 वर्षीय ड्राइवर बेकाबू वाहन के साथ पहुंच गया। चालक को हिरासत में ले लिया गया है। यह दुर्घटना है या हिट एंड रन का मामला, फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो सका है। हादसे के कारण तुरंत स्पष्ट नहीं हो सके हैं। पुलिस ने घटना का विवरण अभी तक जारी नहीं किया गया है। सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के मुताबिक ड्राइवर कार सवार था। राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने झुहाई शहर में कार की टक्कर से मारे गए लोगों के परिजनों के प्रति संवेदना प्रकट की है। उन्होंने हादसे में घायल हुए लोगों के इलाज के लिए हरसंभव मदद का आश्वासन दिया है। शिन्हुआ की रिपोर्ट में कहा गया है कि शी जिनपिंग ने कानून के अनुसार अपराधी को सख्त सजा दिलाने का निर्देश भी दिया है।

### अघाड़ी यानी भ्रष्टाचार के सबसे बड़े खिलाड़ी : पीएम मोदी

**मुंबई** : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को महाराष्ट्र के चंद्रपुर जिले के चिमूर में एक जनसभा को संबोधित किया। इस जनसभा में पीएम मोदी ने अपने संबोधन में विपक्षी महा विकास अघाड़ी गठबंधन पर जमकर हमला बोला और कहा कि महाराष्ट्र में महायुति की सरकार और केंद्र में भाजपा के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार का मतलब विकास की दोगुनी रफ्तार है। प्रधानमंत्री ने कहा कि बीते ढाई वर्षों में आपने विकास की दोगुनी रफ्तार देखी है। महाराष्ट्र अधिकतम विदेशी निवेश वाला राज्य है। यहां नए हवाई अड्डे और एक्सप्रेसवे हैं, एक दर्जन वंदे भारत ट्रेनें चल रही हैं और 100 से अधिक रेलवे स्टेशनों का कायाकल्प किया जा रहा है। महाराष्ट्र का तेज विकास अघाड़ी के बस की बात नहीं है। उन्होंने विकास को रोकने में पीएचडी की हुई है और कांग्रेस की तो इसमें डबल पीएचडी है। अघाड़ी यानी भ्रष्टाचार के सब से बड़े खिलाड़ी। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि महाराष्ट्र में महायुति गठबंधन के साथ केंद्र में भाजपा नीत एनडीए सरकार का मतलब है राज्य में डबल इंजन की सरकार।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | $27^{0}$ |
| न्युनतम | $20^{0}$ |

## पहले चरण के चुनाव के लिए 683 प्रत्याशियों की किस्मत ईवीएम में होगा बंद

# पहले चरण का मतदान आज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : पहले चरण के लिए आज 13 नवंबर की सुबह सात बजे से 43 विधानसभा सीटों के 15 हजार 344 बूथों पर चुनाव मैदान में खड़े कुल 683 प्रत्याशी की किस्मत का फैसला कुल 1 करोड़ 37 लाख 10 हजार 717 वोटर करेंगे. पहले चरण में कई दिग्गज नेताओं की प्रतिष्ठा दांव पर है. उनमें पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा की पत्नी मीरा मुंडा, ओडिशा के राज्यपाल और राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास की बहू पूर्णिमा दास साहु, विधायक सीपी सिंह, पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव, बना गुप्ता, दीपक बिरुवा, रामदास सोरेन शामिल हैं. झारखंड विधानसभा चुनाव के पहले चरण में प्रदेश के पूर्व सीएम चंपाई सोरेन के परिवार की प्रतिष्ठा दांव पर है. दूसरी ओर सत्ताधारी दलों के 6 कैबिनेट मंत्रियों की साख दांव पर है. इनमें की ऐसी सीटें हैं जिन पर पूरे प्रदेश की निगाहें टिकी हैं. इन हाई प्रोफाइल सीटों में सरायकेला, गढ़वा, हुसैनाबाद, रांची, डालटनगंज, कोडरमा, जमशेदपुर पूर्व और लोहरदगा शामिल है. प्रत्याशियों की संख्या के आधार पर सबसे ज्यादा जमशेदपुर पश्चिम जहां 28 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं.

### मतदाता उमंग के साथ करें मतदान : के. रवि कुमार

**6** कैबिनेट मंत्रियों की साख दांव पर है.

**43** विधानसभा सीटों के 15 हजार 344 बूथों पर चुनाव

**पूर्व सीएम चंपाई सोरेन सहित कई दिग्गजों की प्रतिष्ठा दांव पर**



### सुरक्षा के पुख्ता इंतेजाम

13 नवंबर को होने वाले मतदान को लेकर राज्य निर्वाचन आयोग के सीईओ के रवि कुमार के दिशा निर्देश पर सुरक्षा के पुख्ते इंतजाम किए गए हैं। जिला उपायुक्तों व जिला एसपी को सख्त निर्देश दिया गया है। साथ ही रांची जिला के वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा, उपायुक्त वरुण रंजन , ग्रामीण एसपी सुमित अग्रवाल, सीटी एसपी राजकुमार मेहता, डीएसपी सहित सभी थानों के थानेदार व पुलिसकर्मी, सीआरपीएफ, जगुआर सभी सुरक्षा की दृष्टिकोण से तैनात रहेंगे। कोई भी बूथ पर यदि आसपास बदमाशी करता है तो इसकी सूचना डीसी और एसपी को दें। इधर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा है कि मतदान केवल अधिकार नहीं, बल्कि कर्तव्य भी है। प्रत्येक मतदाता अपने मत का अवश्य इस्तेमाल करें एवं लोकतंत्र के महापर्व का हिस्सा बनें। उन्होंने सभी प्रत्याशियों से आग्रह किया है कि ससमय अपने पोलिंग एजेंट को मतदान केंद्र पर भेज दें। वह मंगलवार को निर्वाचन सदन में मीडिया के प्रतिनिधियों को संबोधित कर रहे थे।श्री कुमार ने कहा कि मतदान केंद्रों के 200 मीटर की परिधि की मार्किंग की जानी है। इस परिधि के बाहर ही प्रतिनिधियों द्वारा उनके कैंप लगाने हैं। इसके साथ ही इस कैंप में पार्टी अथवा प्रतिनिधि के झंडे अथवा किसी प्रकार के प्रतीक चिह्न नहीं लगाने हैं। साथ ही इन कैंपों में किसी भी प्रकार के खाने-पीने की व्यवस्था नहीं होगी। वहां एक टेबुल, दो कुर्सी और अधिकतम दो लोगों के रहने की अनुमति होती है। मतदान के दिन वोटर टर्नआउट में गति प्रदान करने हेतु सभी मतदान कर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया है। साथ ही चेन सिस्टम के तहत तीव्रता से मतदान कराने का भी प्रशिक्षण हर स्तर पर मतदान कर्मियों को दिया गया है। उन्होंने मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि लोकतंत्र में चुनाव एक उत्सव होता है। मतदाता उमंग के साथ त्योहारी मूड में सपरिवार घर से निकलें और मतदान करें। स्वतंत्र, निष्पक्ष और भयमुक्त मतदान कराना निर्वाचन आयोग की प्राथमिकता है।

## यूनिक बूथों पर दिखेगी झारखंड की संस्कृति

**रांची** : विधानसभा चुनाव 2024 के प्रथम चरण में 15 जिलों में कुल 43 विधानसभा क्षेत्रों में चुनाव होने जा रहें हैं । मतदान करने में किसी प्रकार की परेशानी न हो, इस उद्देश्य से हर मतदान केंद्र को मॉडल बूथ के रूप में तैयार किया गया है। हर मतदान केंद्र पर बिजली, पेयजल, रनिंग वाटर, शेड, दिव्यांगजनों एवं वृद्धजनों के लिए रैंप एवं व्हीलचेयर के साथ उनकी सहायता के लिए वॉलेंटियर की भी व्यवस्था की गई है।मतदाताओं को सहूलियत पहुंचाने एवं मतदान के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से प्रथम चरण के निर्वाचन में ऐसे बूथ बनाए गए हैं जहां महिला मतदाताओं की संख्या अधिक है वहां कुल 1152 महिलाओं द्वारा मैनेज्ड बूथ बनाए गए हैं। वहीं 24 बूथ दिव्यांगजनों एवं 23 युवा मतदानकर्मियों द्वारा मैनेज्ड बूथ तैयार किए गए हैं। मतदाताओं को आकर्षित करने एवं स्थानीय महत्व को दर्शाने के उद्देश्य से इन 15 जिलों में कुल 50 बूथों को यूनिक बूथ के रूप में सुसज्जित किया गया है। इसमें स्थानीय कलाकृतियों, परम्पराओं, मान्यताओं एवं विशेषताओं को रेखांकित करने के उद्देश्य से बूथों को सुसज्जित किया जा रहा है, ताकि मतदान के उपरांत मतदाताओं में इसकी एक अच्छी याद बनी रहे।इसी उद्देश्य से रांची के तमाड़ में चिपबंधीडीह स्थित बूथ को आदिवासी थीम पर सुसज्जित किया गया है। वहीं बालिका उच्च विद्यालय बरियातु को हॉकी के थीम पर सजाया गया है। हजारीबाग में जंगलों से घिरे बूथ को प्राकृतिक



सौंदर्य से सुसज्जित करने का कार्य किया गया है। संत कोलंबस कॉलेज स्थित बूथ को सबसे पुराना बूथ होने के कारण यूनिक बूथ की कैटेगरी में रखा गया है। रामगढ़ के पतरातु के छावनी परिषद उत्क्रमित मध्य विद्यालय में झोपड़ी से सुसज्जित किया गया है। जबकि , उत्क्रमित मध्य विद्यालय उचरिंगा को पतरातु टूरिज्म के रूप में विकसित किया गया है। गोला के राज्य संपोषित +2 उच्च विद्यालय गोला को कृषि के थीम पर विकसित किया गया है। चतरा में उत्क्रमित उच्च विद्यालय लावालौंग में Yes to Vote No to Drugs थीम पर विकसित किया गया है। गिरिडीह में 11 ऐसे बूथ तैयार किए गए हैं, जो मतदाताओं को आकर्षित करने के लिए स्थानीय संस्कृति के आधार पर तैयार किए गए हैं। छऊ नृत्य के लिए प्रसिद्ध बोकारो एवं सरायकेला के ऐसे बूथ भी हैं, जिन्हें छऊ नृत्य के दृश्यों से सुसज्जित किया गया है। इसके साथ ही सभी जिले में आदिम समूहों की बहुलता वाले बूथों पर इससे संबंधित थीम पर बूथों को सुसज्जित किया गया है। लोहरदगा में पोषक वन के रूप में सुसज्जित किया गया है।

### रामगढ़ में कांग्रेस उम्मीदवार ममता देवी के पक्ष में सीएम ने किया चुनाव प्रचार

## झारखंडी ना तो बटेंगे ना टूटेंगे : हेमंत सोरेन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भाजपा के बंटेंगे तो कटेंगे के बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया जाहिर की है। उन्होंने कहा है कि झारखंडी ना तो बटेंगे ना टूटेंगे, वोट से सबको कूटेंगे। साथ ही कहा कि गरीबों और आदिवासियों का जिस पर आशीर्वाद है, उसका बाल भी बांका नहीं हो सकता। हेमंत सोरेन ने कहा कि यह व्यापारी लोग हिंदू, मुस्लिम, सिख, इसाई में फूट डालकर झारखंड के जल, जंगल, जमीन पर कब्जा करना चाहते हैं लेकिन व्यापारियों की फितरत है सिर्फ लेने की, देने की नहीं। आज एक बार फिर झारखंड में अबुआ सरकार बनाने की जरूरत है। वे मंगलवार को रामगढ़ जिले के दुलमी प्रखंड मैदान में कांग्रेस उम्मीदवार ममता देवी के पक्ष में चुनाव प्रचार करने पहुंचे थे।बेटियों, बुजुर्गो, किसानों और महिलाओं को दी गई राहत।हेमंत सोरेन ने कहा कि जब उनकी सरकार बनी तो ढाई साल कोरोना खा गया। बचे हुए ढाई वर्षो में उन्होंने बेटियों, बुजुर्गो और महिलाओं को पूरी राहत देने की कोशिश की है। सावित्रीबाई फुले योजना के तहत बच्चियों को शिक्षा का ध्यान रखा गया। बुजुर्गो और महिलाओं को पेंशन दिया गया। कोरोना काल में कंधे से कंधा मिलाकर सहयोग देने वाली माता बहनों को मईया सम्मान योजना के तहत 1000 रुपये हर महीने दिया जा रहा है। यदि फिर उनकी सरकार बनी तो अगले 5 सालों में 100000 सीधे उनके खातों में भेजा जाएगा। गरीबों को राहत देने के लिए उनका बकाया बिजली बिल माफ किया गया। किसानों के दो लाख रुपये तक के ऋण की माफी की गई है। आज हम हक से जनता से वोट मांगने आए हैं।

**गिद्ध की तरह झारखंड में मंडरा रहे एनडीए के नेता:** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने एनडीए के नेताओं को गिद्ध की संज्ञा दी। उन्होंने कहा कि वे यहां जल, जंगल, जमीन पर कब्जा करने की साजिश रच रहे हैं। असम के मुख्यमंत्री यहां आदिवासियों की हालत पर बयान दे रहे हैं जबकि उनके प्रदेश में आदिवासियों पर अत्याचार हो रहा है। छत्तीसगढ़ सरकार ने जंगल और जमीन व्यापारियों के हाथों में थमा दिया। झारखंड में भी खनिज संपदा की लूट मचाने के लिए केंद्र सरकार साजिश रच रही है लेकिन हम ऐसा होने नहीं देंगे। उन्होंने कहा कि आज 500 में गैस सिलेंडर देने की बात कही जा रही है। उनकी ही सरकार यूपी, बिहार, असम, छत्तीसगढ़, उड़ीसा में है, वहां वह किसी को नहीं दे रहे। केंद्र सरकार पूरी व्यापारियों की पार्टी है। झूठ बोलकर लोगों को ठगने का काम करते हैं।


## झारखंड में बांग्लादेशी घुसपैठ मामले में 17 ठिकानों पर ईडी ने की छापेमारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** बांग्लादेशी घुसपैठ मामले में झारखंड और बंगाल के 17 ठिकानों पर छापेमारी की गई. सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार झारखंड के रांची और पाकुड़ में छापेमारी की गई. बताया जा रहा है कि छापेमारी के दौरान रांची के बरियातू इलाके से तीन बांग्लादेशी लड़कियां पकड़ी गई थी. इस मामले में बरियातू थाने में दर्ज केस किया गया था, इसी मामले में छापेमारी की गई. रांची के बरियातू थाना क्षेत्र स्थित होटल स्काईलाइन में भी छापेमारी की गई. स्काईलाइन में सीआरपीएफ जवानों को तैनात किया गया. फिलहाल होटल के कागजात और रूम की जांच की गई. हालांकि छापेमारी के दौरान क्या कुछ मिला है, इस पर फिलहाल इस मामले में कोई बयान सामने नहीं आया है.बता दें कि कुछ महीने पहले ही रांची के बरियातू इलाके से दो बांग्लादेशी लड़कियों को मुक्त कराया गया था. पुलिस पूछताछ के दौरान पता चला था कि बंगाल बॉर्डर के पास लगे कटीले तार को फांद को कर दोनों बांग्लादेशी लड़कियां झारखंड पहुंची थी.



# सभी प्रत्याशियों ने किया डोर टू डोर कंपेन





**अखिलेश कुमार@प्रभात मंत्र**

**चैनपुर :** मंगलवार की शाम चुनाव प्रचार खत्म होने के बाद सभी प्रत्याशी कंपेन में जुटे हुए हैं। डाल्टनगंज विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी केएन त्रिपाठी, निर्दलीय दिलीप सिंह नामधारी और भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी आलोक चौरसिया कोमपेन में पूरी ताकत झोंके हुए हैं। तीनों ही नेताओं ने कई गांव का दौरा कर अपने पक्ष में मतदान करने की अपील आमजनों से की। इस दौरान कांग्रेस प्रत्याशी केएन त्रिपाठी ने कहा कि पूरे डाल्टनगंज विधानसभा क्षेत्र में इंडिया गठबंधन की लहर है। ऐसे में कांग्रेस प्रत्याशी की जीत निश्चित है। निर्दलीय प्रत्याशी दिलीप सिंह नामधारी ने कहा कि उनके पिताजी इस विधानसभा क्षेत्र के 6 बार के विधायक हैं। उनके पिताजी के द्वारा किए गए कार्यों के आधार पर यहां के मतदाता उन्हें जरूर वोट देंगे। दिलीप सिंह नामधारी ने कहा कि डाल्टनगंज विधानसभा क्षेत्र में 15 वर्षों से कोई काम हुआ ही नहीं है। अगर यहां की जनता उन्हें समर्थन देती है तो इस विधानसभा क्षेत्र में वे विकास की गंगा बहाने में कोई कमी नहीं छोड़ेंगे। इधर भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी आलोक चौरसिया भी पूरी कमर कसकर अभियान में लगे हुए हैं। उन्होंने कहा कि पूरे देश में नरेंद्र मोदी का डंका बज रहा है। नरेंद्र मोदी और कमल फूल छाप पर यहां के लोगों का पूरा भरोसा है। उन्होंने कहा कि 10 वर्षों में उनके द्वारा भी विकास के कई कार्य किए गए हैं। यहां की जनता पूरी तरह से उनके पक्ष में मतदान करने का मन बना लिया है।

## मगध सम्राट जरासंध की मनाई गई जयंती



**मेदिनीनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पूर्व जिला परिषद शैलेंद्र कुमार शैलू और सैलेश कुमार चंद्रवंशी ने जरासंध जयंती के अवशर पर मंगलवार को चैनपुर भड़गावा चौक पर स्थित महाराज जरासंध की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलित कर तथा माल्यार्पण कर मगध सम्राट जरासंध की जयंती मनाया।मौके पर उपस्थित सैलेंद्र कुमार शैलू ने कहा कि मगध सम्राट जरासंध एक चक्रवर्ती राजा थे।जिनका साम्राज्य काफ़ी समृध्द था।उन्होंने कहा की कार्तिक एकादशी को पूरे भारतवर्ष में जरासंध जयंती समारोह मनाया जाता है।यह आयोजन पूरे माह मनाया जाता है।आज से यह महोत्सव पूरे भारतवर्ष में मनाया जा रहा है।वही मौके पर उपस्थित शैलेश कुमार चंद्रवंशी ने कहा कि जरासंध अपने समय का एक अत्यंत शक्तिशाली और क्रूर राजा थे।उन्होंने कई राजाओं को पराजित करके अपनी सत्ता को बढ़ाया और उन्हें अपने अधीन कर लिया।उनकी सेना और शक्ति इतनी विशाल थी कि उसे हराना बेहद कठिन था। वह अपने युद्ध कौशल और वीरता के लिए प्रसिद्ध थे।उन्होंने कहा की कार्तिक एकादशी को पूरे भारतवर्ष में जरासंध जयंती समारोह मनाया जाता है। यह आयोजन पूरे माह मनाया जाता है। चन्द्रवंशी समाज पूरे जिले में इस महोत्सव का प्रचार प्रसार करने में जुट गए है।उन्होंने कहा की पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी विशाल शोभायात्रा के साथ जरासंध जयंती धूमधाम से मनाया जाएगा।

## प्रमंडलीय आयुक्त ने डिस्पैच सेंटर का किया निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** झारखण्ड विधानसभा आम निर्वाचन-2024 को लेकर प्रमंडलीय आयुक्त बाल किशुन मुंडा आज गढ़वा जिले के श्री सद्गुरु जगजीत सिंह नामधारी महाविद्यालय स्थित डिस्पैच सेंटर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने 80- गढ़वा एवं 81- भवनाथपुर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के मतदान केन्दों पर मतदान प्रक्रिया संपन्न कराने हेतु ईवीएम, वीवीपैट एवं अन्य सभी आवश्यक सामग्रियों के साथ मतदान केंद्रों पर भेजे जा रहे मतदान कर्मियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने मतदान कर्मियों से सीधा बातचीत की और उनके उत्साह की सराहना भी की। उन्होंने मतदान कर्मियों की सुविधा हेतु डिस्पैच सेंटर पर बने विभिन्न काउंटरों का निरीक्षण किया और डिस्पैच प्रक्रिया की पूरी जानकारी ली। साथ ही निर्वाचन आयोग के गाइडलाइन के अनुरूप डिस्पैच प्रक्रिया पूर्ण कराने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी मतदानकर्मियों का उत्साहवर्धन करते हुए निर्वाचन आयोग के गाइडलाइन के अनुरूप निर्भिकता के साथ स्वतंत्र एवं निष्पक्ष मतदान कराने का निदेश देते हुए शुभकामनाएं दी। आयुक्त ने पलामू प्रमंडल के सभी विधानसभा क्षेत्र के मतदाताओं से भी अपील किया है कि 13 नवंबर 2024 को होने वाले विधानसभा चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अपनी महती भूमिका निभाएं। उन्होंने सभी मतदाताओं से उत्सवी माहौल में सपरिवार मतदान केंद्र पर पहुंचकर मतदान करने की अपील की।निरीक्षण के क्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त शेखर जमुआर, पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय, आयुक्त के सचिव बिजय वर्मा, गढ़वा के अनुमंडल पदाधिकारी-सह- 80 गढ़वा के निर्वाची पदाधिकारी संजय कुमार सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## चुनाव व्यवस्था से यात्रियों को हो रही परेशानी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** भवनाथपुर विधानसभा चुनाव के मद्देनजर प्रशासन ने मंगलवार को ब्लॉक मोड़ सहित विभिन्न स्थानों पर सुरक्षा कड़ी कर दिया गया है। 13 नवंबर को होने वाले मतदान के लिए छोटे वाहनों की धरपकड़ की जा रही है। इस वजह से बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को यात्रा में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। सुरक्षा कारणों से प्रशासन द्वारा वाहनों की गहन जांच की जा रही है। जिससे दैनिक यात्रियों को अपने गंतव्य तक पहुँचने में देरी हो रही है।चुनाव के दौरान अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए विशेष रूप से ऑटो जैसे छोटे वाहनों को संदेह के आधार पर रोका जा रहा है। प्रशासन का उद्देश्य चुनाव में पारदर्शिता और निष्पक्षता बनाए रखना है। परंतु यह कदम आम नागरिकों के लिए असुविधाजनक साबित हो रहा है। चेक पोस्ट पर लंबी प्रतीक्षा से बुजुर्गों और बच्चों की सेहत पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।कई स्थानों पर वाहन चालकों को बार-बार अपनी पहचान और यात्रा का कारण बताने की प्रक्रिया से गुजरना पड़ रहा है। जिससे आम जनता में असंतोष बढ़ रहा है। दैनिक कार्यों के लिए यात्रा करने वाले नागरिक विशेष रूप से प्रभावित हो रहे हैं और महिलाओं एवं बुजुर्गों के लिए यह परिस्थिति अधिक कठिन हो गई है।

## आज 440321 मतदाता करेंगे 17 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला




**बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भवनाथपुर विधान सभा क्षेत्र के 17 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला 4,40,321 मतदाता आज अपने-अपने वोट देकर करेंगे। जिसमे 2,28,076 पुरुष तथा 2,12,245 महिला वोटर शामिल है।कहने को तो 17 प्रत्याशी चुनाव मैदान में है।लेकिन मुख्य रूप से एनडीए गठबंधन के भाजपा प्रत्याशी सह पूर्व मंत्री सह वर्तमान विधायक भानु प्रताप शाही और इंडिया गठबंधन के जेएमएम प्रत्याशी सह पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव के बीच ही होने की संभावना है। जब कि समाजवादी पार्टी के उमेन्द्र यादव तथा बसपा के प्रत्याशी पंकज चौबे भी मैदान में है। सभी प्रत्याशियों ने अपना अपना पूरा जोर मतदाताओं को लुभाने में लगा दिया। कुछ प्रत्याशी तो प्रचार प्रसार कर,लोगो से मिल कर अपने अपने समर्थक बढ़ाने का प्रयास कर रहे है। जब कि कुछ प्रत्याशी साम,दाम, भेद तथा नीति का भी प्रयोग करते दिख रहे है। इन्ही में से कुछ पैसो का जोर भी दिखा रहे है और जाति के मुद्दे भी भड़काने की फिराक में है।जिससे उनकी दाल गल जाये तथा फिर से उनके माथे पर ताज सज जाये।पैसो की उन्हें परवाह भी नही।हाँ उनके पास कार्यकर्ताओ की बड़ी फौज भी है। कार्यकर्ताओ के दम पर उन्हें दिलासा भी दिया जा रहा है कि जीत तो आपकी पक्की है।लेकिन अब मतदाता इतने बेवकूफ भी नही है,जो कुछ समझते ही नही है। मतदाताओं को पूरी छूट है। दिन भर खा पिय कन्हू,साझ के खुटा पर आ जईह। मतलब की रुपया कही से ले ल, लेकिन वोटवा हमरे दिह। पार्टियों के,प्रत्याशियों के बारे वोटर सब जानते हैं। सभी ने अपना-अपना मन बना लिया है कि वोट देना किसे है। पर कोई कुछ बोलना नही चाहता।अगर बोलता है तो पार्टी के तथा प्रत्याशियों के समर्थक।सभी अपने अपने प्रत्याशी की घोषणा कर रहे है। इस चुनावी खेल पर बड़े बड़े सट्टे भी लग रहे है कि कौन जीतेगा और कौन हारेगा। अनुमंडल मुख्यालय में तो लाखों के वारे-न्यारे होने वाले है।देखना है ऊंट किस करवट बैठता है।कुछ प्रत्याशियों को तो अभी से डर भी सता रहा है कि हार के बाद क्या होगा?पर आज से सभी की जुबान पर ताला लग जायेगा और इंतजार रहेगा 23 नवम्बर का जिस दिन खुलेगा जादू का पिटारा। किसके यहाँ डंका बजेगा और कितने होंगे मायूस। फिर पांच सालों के लिये चुप्पी छा जायेगा।कोई नेता मतदाताओं का हाल चाल पूछने नही आयेगा। वह चाहे जीता हुआ प्रत्याशी हो या फिर हारे हुये तमाम प्रत्याशी। फिर चार साल आठ महीने के बाद फिर चुनावी मौसम आयेगा फिर से बरसाती मेढक की तरह प्रत्याशियों की फौज खड़ी हो जायेगी। फिर सन्नाटा छा जायेगा।

## सड़क दुर्घटना में 40 वर्षीय व्यक्ति घायल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पांकी थाना क्षेत्र के माड़न गांव निवासी नागो भुइयां के पुत्र कजरू भुइयां उम्र 40 वर्ष मंगलवार की शाम सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बारे में घायल कजरु भुइयां ने बताया की मंगलवार की दोपहर वह बाइक पर सवार होकर तेतराइ बजार गया था। शाम में वापस घर लौट के दौरान पत्थल कुदवा गांव के पास उसकी बाइक की टक्कर बोलेरो वाहन से हो गई। जिसमें बाइक से गिरकर कजरु भुइयां गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा उसे इलाज के लिए मेदनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया। जहां इलाज के बाद भी उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है।वही घटना की जानकारी मिलने पर परिजन अस्पताल पहुंचकर अपने देखरेख में घायल का इलाज करवा रहे हैं। घटना की जानकारी मिलने पर पांकी थाना की पुलिस दोनों वाहनों को जप्त कर उसे थाना ले गई है।वही इस घटना के बाद से पुलिस घटना से संबंधित मामले की छानबीन में जुट गई है।

## अवैध हथियार के साथ दो आरोपी गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** शहर थाना की पुलिस ने अवैध हथियार के साथ दो आरोपी सनी कुमार और शुभम कुमार को गिरफ्तार कर मंगलवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। इस संबंध में शहर थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार ने बताया कि 11 नवम्बर को राजू चन्द्रवंशी निवासी राम नगर कांदु मुहल्ला से तीन अपराधकर्मियों द्वारा हथियार का भय दिखाकर मारपीट कर 650/- रूपया लूट करने की प्राथमिकी सं0 408/2024 दिनांक 11.11.2024 धारा 309 (6) क्न्हस् दर्ज करायी थी। उस कांड के अनुसंधान के क्रम में आज सुबह गुप्त सूचना मिली की रामनगर रेलवे ऑफिस के समीप लूटकांड के दो अपराधी महुआ पेड़ के पास बैठे हुए है। सूचना पर पुलिस बल के द्वारा तत्काल कार्यवाही की गई एवं अपराधी क्रमशः । सन्नी कुमार उम्र 20 वर्ष पिता पारस राम एवं 2. शुभम कुमार उम्र 22 वर्ष पिता विष्णु प्रसाद दोनों सा0 राम नगर कान्दु मुहल्ला, थाना शहर, जिला पलामू को खदेड़ कर पकड़ा। जिनमें से सन्नी कुमार के पास से एक देशी कट्टा एवं एक गोली तथा शुभम कुमार के पास से 455/- (चार सो पचपन) रूपया बरामद किया गया। लूट कांड में प्रयुक्त ज्ञ्क्ऽस् राईडर मोटर साईकिल भी बरामद किया गया। अपराधियों ने कांड में अपनी संलिप्तता स्वीकार किये है तथा लूट कांड में शामिल तीसरे साथी का नाम बताये हैं जिनकी गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है । इस संदर्भ में शहर थाना कांड संख्या 410/2024 दिनांक 12.11.2024 धारा-25 (1-ड्ढ) (ड्ड) / 26/35 आर्म्स एक्ट दर्ज किया गया है। मौके पर शहर थाना प्रभारी देवब्रत पोदार, शहर थाना के एसआई सोनू कुमार चौधरी, गुलशन बिरूआ, टिओपी वन प्रभारी इंद्रदेव पासवान, टिओपी 2 प्रभारी अनिल सिंह, टाइगर मोबाइल के जवान राजेश चंद्रवंशी, राकेश सिंह, रोहित कुमार, संतन कुमार, मिथलेश पासवान, अमित कुमार, सूर्यनाथ सिंह, मुकेश कुमार सिंह,प्रमोद यादव, सहायक पुलिस के जवान जयंत दुबे, प्रफुल कुमार मौजूद थे।

## आज मतदान अवश्य करें: जिला निर्वाचन पदाधिकारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन ने जिलेवासियों से अपील करते हुए कहा कि विधानसभा चुनाव के महात्यौहार के मौके पर आगामी 13 नवंबर 2024 को आपकी वृहद सहभागिता अत्यावश्यक है,अन्यथा लोकतंत्र जिन सिद्धान्तों के आधार पर परिपक्व होता है,उसकी पूर्ति होना सम्भव नहीं है।उन्होंने कहा कि हमे उम्मीद है कि आप स्वतंत्र,निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निवार्चन की गरिमा को बनाये रखते हुए निर्भिक होकर धर्म,वर्ग,जाति,समुदाय,भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना अपने मत का प्रयोग करेंगे।उन्होंने कहा कि आप सभी से अनुरोध है कि आप अपने मतदान केन्द्र पर मतदान के दिन अवश्य जायें और लोकतंत्र की सफलता, गतिशीलता एवं समावेशी-समतामूलक समाज की परिकल्पना को साकार करने में देश हित में 13 नवंबर 2024 को अपने बूथ पर जाकर मतदान अवश्य करें।वहीं मतदान करने के पश्चात अपना फ़ोटो लेकर #VoteDeneChalo के साथ सोशल मीडिया पर अपलोड करें साथ ही डीसी पलामू को भी टैग करें.

**इन दस्तावेज़ों के आधार पर दे सकतें हैं वोट**

1.पासपोर्ट 2.ड्राइविंग लाइसेंस 3.फोटोयुक्त सर्विस पहचान पत्र (केन्द्र/राज्य सरकार/ सार्वजनिक उपक्रम/पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा जारी) 4.बैंक/डाकघर द्वारा जारी फ़ोटो युक्त पासबुक 5.पैन कार्ड 6.एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड 7.मनरेगा जॉब कार्ड 8.पेंशन दस्तावेज (फोटो सहित) 9.सांसद,विधायक और विधान परिषद सदस्यों को जारी आधिकारिक पहचान पत्र, 10.आधार कार्ड 11.दिव्यांग यूनिक आईडी कार्ड12.स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड (श्रम मंत्रालय की योजना के अंतर्गत जारी) में से कोई भी एक दस्तावेज दिखाकर मतदान किया जा सकता है.।

# बूथों के लिये रवाना हुये मतदानकर्मी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** विधानसभा चुनाव को लेकर पलामू के पांचों विधानसभा में बुधवार को मतदान होना है। जिसे लेकर सारी तैयारियां पूर्ण कर ली गयी है।मंगलवार को जिले के 1570 बूथों के लिये पोलिंग पार्टी को रवाना किया गया।इसी क्रम में डालटनगंज विधानसभा अंतर्गत दुर्गम बूथों पर मतदान कर्मियों को हेलीकॉप्टर के माध्यम से भेजा गया।गणेश लाल अग्रवाल कॉलेज में बनाये गये डिस्पैच सेंटर में पर्याप्त व्यवस्था की गयी थी।

**सुबह से दोपहर तक कैम्प कार्यालय में रहे डीसी,सभी काउंटर का किया निरीक्षण**

अहले सुबह से ही शुरू हुए डिस्पैच कार्यों का खुद जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्री रंजन मॉनिटरिंग करते नज़र आये।उनके साथ सभी कोषांगों के नोडल पदाधिकारी समेत जिले की पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन उपस्थित रहीं।इस दौरान वे डिस्पैच हेतु बनाये गये विभिन्न काउंटर का निरीक्षण कर कई निर्देश दिये।

**जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने रवानगी के पूर्व मतदान कर्मियों को किया ब्रीफ,कहा मतदान केंद्र के अंदर मोबाइल पर पूर्णतया रोक**

डिस्पैच के पूर्व जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी पोलिंग पार्टी को ब्रीफ किया।उन्होंने कहा कि मतदान केंद्र के अंदर किसी के भी मोबाइल ले जाने पर पूर्ण रूप से रोक है यह आप सभी सुनिश्चित करें।मॉक पोल के संबंध में जारी निर्वाचन आयोग के सभी नियमों का पालन करें।सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट अपने पोलिंग पार्टी के साथ एक व्हाट्स ग्रुप बनायें ताकि आपस में कम्युनिकेश करने में सहूलियत हो।उन्होंने सभी से कहा कि निष्पक्ष चुनाव कराना अब आपकी जिम्मेवारी,ऑल द बेस्ट।

**मतदानकर्मियों का बूथों पर हुआ स्वागत**

गणेश लाल अग्रवाल कॉलेज से डिस्पैच होने के पश्चात पड़वा के गाड़ीखास पहुंचे मतदानकर्मियों का बूथ अवेयरनेस ग्रुप के सदस्यों द्वारा भव्य स्वागत किया गया।सभी बीएलओ द्वारा मतदानकर्मियों फूल-माला से स्वागत किया गया।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



## संक्षिप्त खबरें

### आपके पास पहचान पत्र नहीं है, फिर भी आप कर सकते हैं मतदान

**रांचीः** 13 नवंबर को झारखंड विधानसभा के प्रथम चरण में 43 सीटों पर मतदान हो रहा है । रांची जिला के पांच सीटों पर मतदान होगा । यदि किसी भी मतदाता के पास पहचान पत्र नहीं है तो इसके लिए निर्वाचन आयोग में वैकल्पिक व्यवस्था भी की है ।

**ये वैकल्पिक दस्तावेजः** पासपोर्ट,ड्राइविंग लाइसेंस, फोटोयुक्त सर्विस पहचान पत्र (केन्द्र/राज्य सरकार/ सार्वजनिक उपक्रम,/ पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा जारी), बैंक/ डाकघर द्वारा जारी फ़ोटो युक्त पासबुक,पैन कार्ड, एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड,मनरेगा जॉब कार्ड, पेंशन दस्तावेज (फोटो सहित), सांसद, विधायक और विधान परिषद सदस्यों को जारी आधिकारिक पहचान पत्र,आधार कार्ड, दिव्यांग यूनिक आईडी कार्ड, स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड (श्रम मंत्रालय की योजना के अंतर्गत जारी) में से कोई भी एक दस्तावेज दिखाकर मतदान किया जा सकता है।

### एबीवीपी ने मतदाता जागरुकता अभियान चलाकर किया मतदान का आह्वान

**रांची :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने मंगलवार को रांची के अल्बर्ट एक्का चौक से लेकर अपर बाजार के क्षेत्र में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान लोकतंत्र के महापर्व में अपनी भूमिका निभाते हुए झारखंड विधानसभा के पहले चरण के मतदान में मतदान करनेके लिए आम जनता से आग्रह किया। विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने वोटर हेल्पलाइन और जागरूकता संबंधी पत्रक आम जनता के बीच वितरित किया। साथ ही संकल्प मतदान का झारखंड के उत्थान का एवं बॉर्डर पर तो नहीं जा सकते, बूथ पर तो जा सकते हैं ना लिखे हुए पोस्टर के माध्यम से लोगों को जागरुक करने का प्रयास किया।

# रांची जिला के 5 सीटों पर मतदान आज

**परवेज कुरैशी@प्रभात मंत्र**

**रांची ।** झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर सारी तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई है । पोलिंग एजेंट भी अपने-अपने बूथ पर पहुंच चुकें हैं। 13 नवंबर को झारखंड विधानसभा के 43 विधानसभा सीटों पर मतदान होना है, जिसमें पहले चरण की कुल 43 सीटों में प्रत्याशियों की संख्या 683 है। कुल मतदाता केंद्र बनाए गए हैं 15 3 4 4 , जिसमें शहरी मतदान केंद्र 2628 है और ग्रामीण क्षेत्र में मतदान केंद्र बनाए गए 12716 , कुल मतदाताओं की संख्या है 1,36,85 509 जिसमें पुरुषों की संख्या है 68,65,208 , महिलाओं की संख्या 68, 20 00 जिसमें थर्ड जेंडर 301, दिव्यांग मतदाताओं के संख्या 1,9155 3 और 85 साल के अधिक उम्र के मतदाताओं की संख्या है 63725 वहीं 100 से अधिक उम्र की मतदाताओं की संख्या है 995, और सर्विस वोटरों की संख्या 28461 है।

**18 हजार गाड़ियों को लिया गया है :** चुनाव को देखते हुए विभिन्न स्कूलों से करीब 18000 वाहनों को राज्य निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश पर जिला प्रशासन द्वारा लिया गया है। जिसमें पहले चरण के चुनाव में करीब 12 बसों और गाड़ियों को चुनाव कार्य में लगाया गया है और सभी वाहनों में जीपीएस के साथ टैग किया गया है। सभी वाहनों का रूट तय है और इससे उनकी ट्रैकिंग भी की जाएगी, ताकि निश्चित रूट से अगर दूसरी ओर वाहन जाती है तो अविलंब पदाधिकारी वाहन को टैग कर उसको पकड़ सकती है।

**रांची से पांच सीटों पर मतदान आज :** 13 नवंबर को 45 सीटों में जहां मतदान हो रहा है तो इसी क्रम में रांची जिला के पांच विधानसभा शामिल है। जिसमें रांची विधानसभा जिसमें महागठबंधन की झाममो की प्रत्याशी महुआ माजी और भाजपा के सीपी सिंह से सीधे टक्कर है, तो वहीं हटिया विधानसभा में महागठबंधन के कांग्रेस उम्मीदवार अजयनाथ शाहदेव है , जिसकी टक्कर भाजपा के नवीन जायसवाल से है। मांडर विधानसभा में नेहा शिल्पी तिर्की कांग्रेस से है, तो



वहीं भाजपा के उम्मीदवार सनी टोप्पो इसे टक्कर दे रहे हैं। कांके विधानसभा से भाजपा ने चेहरा बदला है, इस बार समरीलाल को टिकट न देकर डॉक्टर जीतू चरण राम को टिकट दिया है और इसको फिर से एक बार टक्कर दे रहे हैं कांग्रेस के प्रत्याशी सुरेश बैठा। वहीं तमाड़ विधानसभा में महागठबंधन के झामुमो प्रत्याशी विकास सिंह मुंडा हैं तो दुसरी तरफ भाजपा के सहयोगी दल जेडीयू के उम्मीदवार गोपाल कृष्ण पातर और बाप पार्टी से प्रेम शाही मुंडा शामिल हैं।

**मतदाताओं की संख्या :** रांची विधानसभा में मतदाताओं की संख्या 378055 है , जिसमें पुरुष 191524 ,महिला 186500 है। हटिया विधानसभा में 5244 60 , वहीं पुरुषों की संख्या 261359 महिलाओं की संख्या 263077 , कांके के विधानसभा में 480094 मतदाताओं की संख्या है, पुरुषों की संख्या 240894 ,महिलाओं की संख्या 239187, मांडर विधानसभा में 378837 और पुरुषों की संख्या 185886, महिलाओं की संख्या 192948 , तमाड विधानसभा में 218018 मतदाताओं की संख्या है जिसमें पुरुषों के संख्या 108131 और महिलाओं की संख्या 109886 है । पांचो विधानसभा में 72 थर्ड जेंडर मतदाता हैं, जिसमें 67560 युवा वोटर पहली बार वोट कर रहे हैं। वही 1997 ऐसे मतदान केंद्र है जहां पर सुबह 7ः00 से शाम 5ः00 बजे तक वोटिंग होगी , जबकि 88 मतदान केंद्रों पर सुबह 7ः00 से शाम 4ः00 तक ही मतदान होगा । सबसे अधिक मतदान केंद्र 57 है जो तमाड विधानसभा में है , 21 मतदान केंद्र कांके और 10 मतदान केंद्र मांडर में है। वहीं रांची ,हटिया ,कांके , मांडर और तमाड़ विधानसभा में कुल 93 उम्मीदवार चुनावी मैदान में है। 19,85,583 मतदाता बुधवार को किस्मत का फैसला करेगी । सबसे अधिक प्रत्याशी और सबसे अधिक मतदाता 524 460 हटिया विधानसभा क्षेत्र में है। रांची विधानसभा में 18 उम्मीदवार, हटिया विधानसभा में 27, कांके में 13 , तमाड़ में 18 मांडर में 17 उम्मीदवार मैदान में है । हटिया, मांडर, तमाड और रांची विधानसभा क्षेत्र में 15 से अधिक प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं। इसलिए यहां पर हर बूथ पर 2 - 2 एवीएम से मतदान कराया जाएगा। रांची जिला के पांच विधानसभा क्षेत्र में कुल 2085 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इसमें 1715 संवेदनशील मतदान केंद्र है , दो मतदान केंद्र वाले 430 भवन है , तीन मतदान केंद्र वाले 120 भवन है और चार मतदान केंद्र वाले 69 और 5 से अधिक मतदान केंद्र वाले 65 भवन है। पहले चरण के चुनाव के लिए कुल 8340 मतदान कर्मी लगाए गए हैं, जो मंगलवार 12 नवंबर को रवाना हो चुके।

**सुरक्षा के पुख्ते इंतेजामः** वही 13 नवंबर को होने वाले मतदान को लेकर राज्य निर्वाचन आयोग के सीईओ के रवि कुमार के दिशा निर्देश पर सुरक्षा के पुख्ते इंतजाम किए गए हैं । जिला उपायुक्तों व जिला एसपी को सख्त निर्देश दिया गया है । साथ ही रांची जिला के वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा, उपायुक्त वरुण रंजन , ग्रामीण एसपी सुमित अग्रवाल, सीटी एसपी राजकुमार मेहता, डीएसपी सहित सभी थानों के थानेदार व पुलिसकर्मी, सीआरपीएफ , जगुआर सभी सुरक्षा की दृष्टिकोण से तैनात रहेंगे । कोई भी बूथ पर यदि आसपास बदमाशी करता है तो इसकी सूचना डीसी और एसपी को दें।

## सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने पोस्टल बैलट से किया मतदान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** रांची के सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने मंगलवार को पोस्टल बैलट के माध्यम से मतदान किया। कांके रोड स्थित पुलिस लाइन में बने फैसिलिटेशन सेंटर में उन्होंने मताधिकार का इस्तेमाल किया। मेहता ने चुनाव कार्य में लगे अन्य पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों से आवश्यक रूप से मतदान करने की अपील की। साथ ही कहा कि जिन पुलिस पदाधिकारियों ने पोस्टल बैलट से मतदान के लिए पूर्व में फॉर्म 12-डी भरकर आवेदन दिया था वे पुलिस लाइन में आकर मतदान कर सकते हैं।

## सामाजिक कार्यों में एनएसएस का महत्वपूर्ण योगदान : लोचन

**प्रभात मंत्र संवावददाता**

**रांची :** केंद्रीय युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय की सचिव मीता राजीव लोचन तीन दिवसीय दौरे पर मंगलवार को राजधानी रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर पहुंची। इनके स्वागत और अभिनंदन कार्यक्रम में झारखंड के खेल निदेशक संदीप कुमार, राज्य एनएसएस पदाधिकारी डॉ ब्रजेश कुमार, राज्य निदेशक एनवाईकेएस, ललिता कुमारी, अनुमंडलीय शिक्षा पदाधिकारी दीप्ति कुमारी के साथ एनएसएस के स्वयंसेवक शामिल हुए। एनएसएस के स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए सचिव मीता राजीव लोचन ने कहा कि सामाजिक कार्यों में एनएसएस का महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने उपस्थित स्वयंसवकों से नवंबर एवं दिसंबर के आगामी कार्य योजना की चर्चा करते हुए कहा कि माई भारत पोर्टल युवाओं के लिए काफी लाभदायक है एवं उनके विकास में सहयोगी है। उन्होंने कहा कि माई भारत के माध्यम से जो भी क्रियाकलाप एनएसएस के जरिये किये जा रहे हैं, उन्हें माई भारत पोर्टल पर अपलोड करना है ताकि उनके कार्य को पूरा देश देख सकें। उन्हें एनएसएस के स्वयंसेवकों ने बताया कि विधानसभा निर्वाचन में एनएसएस के माध्यम से मतदाता जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है एवं स्वच्छता अभियान भी प्रभावी ढंग से आयोजित किया गया। इसके बाद सचिव बिरसा मुंडा हवाई अड्डे से छत्तीसगढ़ के जशपुर के लिए रवाना हो गयीं। उनके साथ खेल निदेशक संदीप कुमार भी गए। राज्य एनएसएस पदाधिकारी डॉ ब्रजेश कुमार ने बताया कि सचिव 13 नवंबर को जशपुर में जनजातीय गौरव दिवस पदयात्रा में शामिल होंगी। फिर जशपुर से पुनः 14 नवंबर को रांची के बिरसा मुंडा हवाई अड्डा से सुबह नई दिल्ली के लिए प्रस्थान करेंगी।

## हटिया विधानसभा में मुझे दें एक मौका : अजयनाथ शाहदेव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रांची।** कांग्रेस प्रत्याशी ने दिन भर कार्यकर्ताओं और समर्थकों संग बूथ रणनीति पर चर्चा किया, कार्यकर्ताओं को बूथ पर डटे रहने को कहा । हटिया विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी अजय नाथ शाहदेव कार्यकर्ताओं और समर्थकों संग चुनावी रणनीति बनाने में व्यस्त रहें। उन्होंने बूथ स्तर कार्यकर्ताओं से कहा कि अब आपकी बारी है लड़ने की।आप सब बूथ में समय से पहले पहुंचे और वोटिंग के अंत तक सतर्क और चौकस रहें। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि किसी भी तरह की दिक्कत या समस्या बूथ में नजर आए तो तुरंत हमारे वार रूम में सूचित करें।शाहदेव ने जनता से अपील कर कहा कि पांच वर्षो के उपरांत आपके हाथों में एक जनप्रतिनिधि चुनने का अवसर होता है।इस बार आप सब हटिया में आपके बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए, अच्छी स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए, युवाओं और महिलाओं के रोजगार के लिए, क्षेत्र में बेहतर मूलभूत सुविधाओं के लिए कांग्रेस को वोट करें। हटिया में इस बार परिवर्तन की लहर है और सभी लोग बदलाव चाहते हैं।हटिया विधानसभा के बेहतर भविष्य के लिए आप सब मुझे एक मौका दें।

## हेमंत सरकार के संरक्षण में बांग्लादेशी घुसपैठिया गैंग झारखंड में सक्रिय : मरांडी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार पर बड़ा निशाना साधा। मरांडी ईडी की कार्रवाई पर प्रतिक्रिया दे रहे थे। कहा कि आज रांची में ईडी की कारवाई के दौरान बांग्लादेशी घुसपैठियों को झारखंड में बसाने की जिस साजिश का उद्भेदन हुआ है, वह अत्यंत राज्य की आंतरिक सुरक्षा के लिए बेहद चिंताजनक है। कहा कि पहले भी कई बार बता चुका हूं कि घुसपैठियों को अवैध तरीके से भारत में प्रवेश कराने वाला गैंग झारखंड में सक्रिय है। हेमंत सरकार के संरक्षण में यह गैंग बांग्लादेश से प्रवेश कराने से लेकर घुसपैठियों को मदरसों में ठहराने से लेकर उनका वोटर आईडी, आधार



कार्ड व पासपोर्ट बनाने तक का जुगाड़ लगाता है। कहा कि हैरानी है कि झारखंड की सुरक्षा और संप्रभुता के साथ खिलवाड़ कर झामुमो कांग्रेस की सरकार झारखंड को बारूद के ढेर पर ला खड़ा किया है। विगत कुछ सालों के दौरान हुई बेतहाशा घुसपैठ ने झारखंड की मूल पहचान पर संकट खड़ा कर दिया है। कहा कि संथाल परगना के साथ-साथ राजधानी रांची, लोहरदगा, गुमला, चाईबासा समेत कई जिले घुसपैठियों के सेफ जोन बन चुके हैं। कुछ दिनों पूर्व रांची में बांग्लादेशी युवतियों की गिरफ्तारी के बाद रांची पुलिस को ही प्रारंभिक साक्ष्य मिले थे, इसके बावजूद प्रशासन ने कोई कार्रवाई नहीं की। कहा कि इसके विपरीत माननीय न्यायालय के समक्ष घुसपैठ के स्याह सच को छुपाते हुए झूठा शपथ पत्र दायर किया गया, सुप्रीम कोर्ट जाकर घुसपैठ की जांच रुकवाने का प्रयास भी किया गया।कहा कि वादा उनका संकल्प है कि झारखंड में भाजपा की सरकार बनते ही पिछले दस से पंद्रह सालों के अंदर बने फ़र्जी वोटर आईडी कार्ड की जांच उसे रद्द किया जाएगा।

## अपने घरों से निकले और वोट करें फिर दुकान खोले : जितेंद्र

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** फुटपाथ दुकानदार संघ के अध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता ने रांची नगर निगम क्षेत्र के दुकानदारों के पास पहुंचे और रांची विधानसभा की महागठबंधन झारखंड मुक्ति मोर्चा की प्रत्याशी डॉ महुआ माजी के लिए वोट मांगा ।

गुप्ता ने अपील करते हुए कहा बेहतर और सुंदर रांची, विकसित रांची बनाने के लिए भारी मतों से महुआ माजी को वोट करके विजय बनाएं । फुटपाथ दुकानदारों की जो



समस्याएं हैं उसका हल करने में सीपी सिंह असफल रहे,सीवरेज ड्रेनेज का निर्णय लेने के कारण बरसात में रांची शहर में गंदा पानी सड़क पर बहता है और लोग परेशान हैं। सभी चिजों में सुधार चाहते हो तो दिनांक 13 तारीख को क्रम संख्या 3 पर बने तीर धनुष छाप में बटन दबाकर वोट दें और भारी बहुमतों से डॉ महुआ माजी को जिताएं और हेमंत सोरेन की सरकार दुबारा बनाएं । गुप्ता ने कचहरी चौक से लेकर ओवर ब्रिज तक दुकानदार से मिलकर निवेदन पूर्वक कहा पहले आप वोट करें बाद में दुकान खोलें और अपने परिवार के सभी वोटर को वोट करवाएं।

## भारत सरकार की संस्थाएं झामुमो के प्रचार अभियान को रोकने की कर रही हैं कोशिश : सुप्रियो



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने मीडियो को संबोधित किया । उन्होंने कहा कि भाजपा चुनाव आयोग और केंद्र सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। सुप्रियो ने कहा कि चुनाव आयोग और भारत सरकार की अन्य संस्थाएं झामुमो के प्रचार अभियान को रोकने की कोशिश कर रही हैं और यह लोकतांत्रिक प्रक्रिया के खिलाफ है। सुप्रियो ने बताया कि मंगलवार को उनके प्रचार के दौरान कल्पना सोरेन का हेलीकॉप्टर रोका गया था, और उनके दो हेलीकॉप्टरों के बीच एयरफोर्स का हेलीकॉप्टर उतार दिया गया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और कल्पना सोरेन लगातार अनुरोध करते रहे कि उन्हें उड़ान भरने की अनुमति दी जाए। उन्हें एक घंटे की देरी हो गई, जिसे उन्होंने चुनाव आयोग की कार्रवाई के रूप में देखा।सुप्रियो भट्टाचार्य ने चुनाव आयोग के चीफ राजीव कुमार पर भी सवाल उठाया। उन्होंने कहा, राजीव कुमार कहते रहते हैं कि सभी दलों को समान अवसर मिलना चाहिए।

## गौ तस्करी मामले में युवती गिरफ्तार, तीन युवक फरार, पुलिस कर रही है तलाश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** सदर थाना क्षेत्र में पुलिस ने गौ तस्करी के आरोप में एक युवती को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। वहीं गोवंशीय पशुओं सहित स्कॉर्पियो जिसका नंबर है जेएच 01 डीसी 1883 को जप्त कर लिया है । सदर थाना प्रभारी कुलदीप ने बताया कि 11 नवंबर 2024 को सदर थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार से आ रही एक ब्लैक स्कॉर्पियो जेएच 01 डीसी 1883 ने एक ऑटो को धक्का मार दिया । धक्का मारने के बाद स्कॉर्पियो चालक भगाने के प्रयास किया, जो डिवाइडर पर चढ़ने से स्कॉर्पियो वहीं फंस गई। इस सूचना पर तुरंत पुलिस पहुंची। पुलिस ने घायल ऑटो चालक को इलाज के लिए अस्पताल भेजा। वहीं पुलिस को देखकर स्कॉर्पियो में सवार युवक फरार हो गए । फरार युवकों में शाहरुख , जाहिद कुरैशी और तनवीर के नाम पर



एफआईआर दर्ज किया गया है । तीनों लोअर बाजार थाना क्षेत्र के रहने वाले बताये जा रहे हैं। हालांकि पूछताछ में युवती ने बताया कि यह लोग तनवीर से मिलने आए थे उन्हें तीन गोवंशीय पशु दिए थे, जिसे स्कॉर्पियो में जैसे तैसे लादकर आ रहे थे, तभी यह दुर्घटना हुई। थाना प्रभारी ने आगे बताया कि फरार युवकों के बारे में युवती ने पूरी जानकारी दी है। युवती ने अपना नाम आसफरीन बताया और बताया कि यह लोगों गोवंशीय पशुओं की तस्करी करते हैं और हमें भी इस काम में शामिल किया है। इन लोगों का कहना था कि विधानसभा चुनाव का समय है और जगह जगह पर पुलिस तैनात है। अगर हम लोग सिर्फ गौ तस्करी करेंगे तो फंस सकते हैं , इसलिए महिलाएं अगर गाड़ी में रहेंगी तो पुलिस को शक भी नहीं होगा और अगर पकड़े भी जाएंगे तो कुछ पैसे देकर छूट जाएंगे। वहीं सदर डीएसपी संजीव बेसरा ने बताया कि फरार आरोपियों की छानबीन शुरू कर दी गई है। बताया गया कि पहले भी इन लोगों पर गौतश्करी से संबंधित मामले दर्ज हुए हैं । सभी लंबे समय से यही काम कर रहे हैं, जबकि झारखंड में 2005 से गोवंश प्रतिबंध लागू है । विधानसभा चुनाव के समय में इस तरह का काम हो रहा है, तो यह गंभीर मामला है और पुलिस अपने स्तर से टीम बनाकर छानबीन शुरू करेगी , युवती ने बताया कि इस तरह की तस्करी कांटा टोली, आजाद बस्ती सहित और कई मुहल्लों में हो रहा है।

# विधानसभा चुनाव : कांग्रेस ने सात वादे, पक्के इरादे के साथ जारी किया घोषणा पत्र

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मंगलवार को झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस पार्टी ने अपना घोषणा पत्र जारी किया है। पार्टी ने इसे (सात वादे पक्के इरादे) के नाम से पेश किया, जिसमें राज्य के विभिन्न मुद्दों पर ठोस वादे किए गए हैं। कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में आदिवासी, दलित, पिछड़े वर्ग, महिलाओं और युवाओं के लिए कई अहम योजनाओं का ऐलान किया है।

**यह है वादाः** कांग्रेस ने भी 1932 के खतियान पर आधारित स्थानीयता नीति लागू की जाएगी, साथ ही सरना आदिवासी धर्म कोड को लागू करवाया जाएगा। इसके अलावा क्षेत्रीय भाषा-संस्कृति के संरक्षण का संकल्प लिया गया है।

मंईया सम्मान योजना के तहत दिसंबर 2024 से 2500 रुपये की सम्मान राशि दी जाएगी, एसटी, एससी, ओबीसी और अल्पसंख्यक के हितों की रक्षा की जाएगी. एसटी के लिए 28प्रतिशत , एससी के लिए 12 प्रतिशत, ओबीसी के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण का प्रस्ताव है। इसके साथ ही एक पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्रालय का गठन भी किया जाएगा। राशन वितरण में प्रति



व्यक्ति 7 किलो राशन दिया जाएगा और गैस सिलेंडर प्रत्येक गरीब परिवार को 450 रुपये में मिलेगा, 10 लाख युवाओं को नौकरी और रोजगार दिए जाएंगे और 15 लाख रुपये तक परिवारिक स्वास्थ्य बीमा उपलब्ध कराया जाएगा।राज्य के सभी प्रखंडों में डिग्री कॉलेज और जिला मुख्यालयों में इंजीनियरिंग, मेडिकल कॉलेज और यूनिवर्सिटी स्थापित की जाएगी। इसके अलावा, औद्योगिक प्रोत्साहन नीति लागू कर प्रत्येक जिले में 500 एकड़ का औद्योगिक पार्क बनाने का वादा किया गया है।धान के एम एसपी को 2400 रुपये से बढ़ाकर 3200 रुपये करने, साथ ही लाह, साल बीज, इमली, महुआ आदि के समर्थन मूल्य में 50 प्रतिशत तक वृद्धि की जाएगी ।

### ये हैं घोषणा पत्र के प्रमुख संकल्प

गरीब परिवारों को मुफ्त बिजली देने के साथ-साथ कृषि कार्य के लिए मुफ्त बिजली देने का वादा किया गया है। जातिगत जनगणना की जाएगी और क्रिमी लेयर की सीमा को 10 लाख रुपये तक बढ़ाया जाएगा.

हो, गुण्डारी, खड़ियि, कुड़ुख और कुड़माली भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल करने का प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजा जाएगा।


राज्य के आदिवासियों की पारंपरिक स्वशासन व्यवस्था को मूलरूप में लागू किया जाएगा।

शिक्षा के स्तर को सुधारने के लिए हर प्रखंड में अंग्रेजी माध्यम के उत्कृष्ट विद्यालय खोले जाएंगे।खेलों को बढ़ावा देने के लिए स्कूलों में प्रशिक्षण की व्यवस्था की जाएगी और सरकारी नौकरी के रिक्त पदों को एक साल में भरा जाएगा।

स्वास्थ्य सेवाओं के लिए अधिनियम लागू किया जाएगा, जिससे राज्य के प्रत्येक नागरिक को चिकित्सा का अधिकार मिलेगा।अमुआ आवास योजना का दायरा बढ़ाकर सभी गरीब परिवारों को पक्का आवास उपलब्ध कराया जाएगा। भ्रष्टाचार के खिलाफ कठोर कदम उठाने के लिए एक विस्थापन आयोग का गठन किया जाएगा, ताकि विस्थापितों को समय पर मुआवजा और सुविधाएं मिल सकें।सीएनटी और एसपीटी कानूनों को सख्ती से लागू कर रैयतों की भूमि सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी। मॉब लिंचिंग को रोकने के लिए एक प्रभावी कानून बनाने का प्रस्ताव है.

कांग्रेस का यह घोषणा पत्र राज्य के गरीब, आदिवासी और पिछड़े वर्गों के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाएं पेश करता है। पार्टी ने वादा किया है कि सरकार बनते ही इन योजनाओं को तत्काल प्रभाव से लागू किया जाएगा। इस मौके पर लोहरदगा सांसद सुखदेव भगत , पूर्व मंत्री बंधु तिर्की,प्रवक्ता किशोर नाथ शाह देव,सतीश पॉल, मो तौसिफ आदि उपस्थित थे।

## सड़क दुर्घटना में स्कूली बच्ची घायल



**कर्रा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आरसी बालिका कि 12 वर्षीय बच्ची नेहा कच्छप पिता कार्तिक कच्छप का मंगलवार को छुट्टी के बाद घर लौटते समय कर्रा-तोरपा मुख्य सड़क के पोड़ा गांव समीप अज्ञात पिकप वैन के चपेट में आने से दाया पैर टूट गया. ज्ञात हो नेहा कच्छप स्कूल छुट्टी होने के बाद अपने सहेली के साथ पैदल अपने घर कांटी महुवा टोली लौट रही थी. तभी कर्रा- तोरपा रोड़ के पोड़ा गांव के पास अज्ञात वाहन द्वारा कुचलने से स्कूल छात्रा नेहा कच्छप का दायां पैर का हड्डी टूट चू-चूर हो गया. जिसे रास्ते से गुजरने वाले राहगीर ने अपने कार घायल बच्ची को सीएचसी कर्रा पहुंचाया. जहां एमवाईसी डॉ. शकील अहमद एवं डॉ. सबिता गुप्ता ने घायल बच्ची का प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रिम्स रांची रेफर किया गया. घटना कि खबर परिजनों को मिलने परिजन सीएचसी कर्रा पहुंचे. और बच्ची को अपने साथ रिम्स लेकर रांची गये है।

## पिपरवार के बंद पड़े पांच नंबर कांटा के समीप अज्ञात अपराधियों ने की फायरिंग



**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पिपरवार थाना क्षेत्र के अशोक परियोजना वर्कशॉप कार्यालय के आगे बंद पड़े पांच नंबर काटा घर के समीप मंगलवार की सुबह अज्ञात अपराधियों ने फायरिंग कर दहशत फैलाने का काम किया।घटना के बाद कुछ देर के लिए वहां अफरा तफरी का माहौल बन गया था।घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार की सुबह करीब 11ः30 बजे बाइक पर सवार आए अज्ञात अपराधियों ने अचानक अंधाधुंध फायरिंग कर दी।गोली की आवाज सुनने के बाद कांटा घर के अगल-बगल बैठे ट्रक मालिक,डीओ,लिफ्टर सहित अन्य ग्रामीणों के बीच भगदड़ मच गया और सभी लोग इधर-उधर अपनी जान बचाते हुए भागने लगे।इस दौरान अपराधियों ने करीब 7-8 राउंड फायरिंग कर जंगल की ओर चले गए। घटना की सूचना पाकर पिपरवार थाना प्रभारी प्रशांत कुमार मिश्रा तुरंत सशस्त्र बल के जवानों के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जानकारी दी।वही आस-पास के जंगलो मे अपराधियों की गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी अभियान शुरू कर दिया।इस संबंध में बात करने पर पिपरवार थाना प्रभारी प्रशांत कुमार मिश्रा ने बताया कि पांच नम्बर बन्द पड़े कांटा के समीप फायरिंग की सुचना मिली थी,जिसके मौके पर पहुंचकर मामले की जांच की जारी है।उन्होंने बताया कि घटनास्थल पर किसी भी प्रकार का खोखा बरामद नहीं किया गया है।वहीं घटना किसके द्वारा अंजाम दिया गया है इसके बारे में पता लगाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जल्द ही घटना में शामिल अपराधियों को गिरफ्तार किया जाएगा। इधर दिनदहाड़े कांटा घर के समीप गोलीबारी होने से क्षेत्र के लोगों में भी दहशत का माहौल व्याप्त है।सूत्रों के मुताबिक पूरा मामला लेवी से जुड़ा हुआ बताया जा रहा है।बताया गया कि लगातार क्षेत्र के कोल ट्रांसपोर्टर, डीओ,होल्डर और लिफ्टरो को लेवी को लेकर फोन पर धमकी मिल रही है।फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

## तोरपा विधानसभा क्षेत्र के लोहाजिमी में बनाया जा रहा है यूनिक मतदान केंद्र




**खूँटी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** स्थानीय कला, संस्कृति एवं सभ्यता को दर्शाते हुए 59 तोरपा विधानसभा क्षेत्र के लोहाजिमी में यूनिक मतदान केंद्र बनाया जा रहा है। उक्त मतदान केंद्र में सोहराय पेंटिंग, मतदाताओं का पारंपरिक स्वागत, पारंपरिक खान-पान, पारंपरिक नृत्य के साथ-साथ अन्य व्यवस्था की जा रही है।। उल्लेखनीय है इस मतदान केंद्र पर 95% प्रतिशत से अधिक मतदाता अनुसूचित जनजाति वर्ग के है, जिसे देखते हुए जिला निर्वाचन खूँटी द्वारा इसे यूनिक बूथ घोषित किया गया है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने सभी मतदाताओं से अपील किया है कि आज दिनांक 13 नवम्बर को मतदान दिवस पर अपने घरों से निकलकर मतदान केंद्र पर जाए और मतदान जरूर करें। सभी मतदान केंद्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं, अब आपकी बारी है।

## झारखंड विधानसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान आज

# पिपरवार थाना क्षेत्र के 33 बुथों पर कड़ी सुरक्षा के बीच होगा मतदान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** झारखंड विधानसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान आज होगा।मतदान को लेकर सारी तैयारी पूरी कर ली गई है। पिपरवार थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले 33 बुथों पर कड़ी सुरक्षा के बीच मतदान होगा।मतदान को लेकर जिला प्रशासन के द्वारा भी सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किया गया है। मंगलवार की देर शाम तक सभी क्लस्टर केन्द्रो पर मतदान कर्मियों को कड़ी सुरक्षा के बीच लाया गया। कलस्टर एवं मतदान केंद्र पहुंचने के साथ ही मतदान कर्मियों के द्वारा भी मतदान को लेकर सारी व्यापक तैयारी शुरू कर दी गई है।आज सुबह 7 बजे से लेकर 4 बजे तक मतदान होगा। इधर सभी मतदान केन्द्रो के अलावा क्लस्टर केन्द्र पर सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किया गया है।पिपरवार थाना प्रभारी प्रशांत कुमार मिश्रा ने बताया कि बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले की पिपवार थाना क्षेत्र के बचरा दक्षिणी,बचरा उतरी और किचटो पंचायत के कुल 20 बुथ एवं सिमरिया विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले पिपरवार थाना क्षेत्र के कल्याणपुर, बहेरा और बेती पंचायत के कुल 13 बुथो पर मतदान होगा।सभी मतदान केन्द्रो पर सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किया गया है।वही मतदान को लेकर लोगों को जागरुक भी किया गया है।उन्होंने थाना क्षेत्र के सभी मतदाताओं से निर्भीक होकर अपने-अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की है।

## सतर्कता जागरूकता सप्ताह पर सीआईएसएफ कैंप में किया गया वृक्षारोपण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अवसर पर केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल सीआईएसएफ के पिपरवार कैंप में मंगलवार को वृक्षारोपण अभियान चलाया गया,जिसके तहत कैंप परिसर में सीआईएसएफ के अधिकारी,सीसीएल अधिकारी एवं सीआईएसएफ के जवानों ने संयुक्त रूप से वृक्षारोपण किया।जानकारी के अनुसार सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अवसर पर सीसीएल पिपरवार एरिया प्रबंधन के द्वारा कई प्रकार के कार्यक्रम एवं अभियान चलाया जा रहा है।वहीं सीआईएसएफ के द्वारा भी सर्तकता जागरूकता अभियान को लेकर कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है,जिसको लेकर मंगलवार को वृक्षारोपण अभियान चलाया गया।इस दौरान अधिकारियों एवं जवानों ने कई प्रकार के फलदार पौधा कैंप परिसर में लगाया।पौध रोपण के बाद वृक्ष की देखभाल करने का संकल्प लिया गया।उपस्थित अधिकारियों ने कहा कि वर्तमान में पर्यावरण की रक्षा के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाने की जरूरत है। इससे मनुष्य को भी लाभ होगा।वहीं क्षेत्र के सभी लोगों से भी पेड़ लगाने की अपील की गई।इस मौके पर सीआईएसएफ के डिप्टी कमांडेंड दिनेश कुमार, इंस्पेक्टर संतोष नेगी,सुमन तिवारी,संतोष बिन्हा, पिपरवार के कार्मिक एवं प्रशासनिक अधिकारी नागेश कुमार गोपाल,एरिया सिक्योरिटी ऑफिसर हेमचंद महतो,कार्मिक प्रबंधक रवि बाड़ा,अरुण कुमार महतो, धर्मराज सिंह सहित कई अधिकारी एवं जवान मौजूद थे।

## नारायणपुर के बोरवा केंदवाड़ीह में सामाजिक संगठन यूएमएफ की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जामताड़ा :** सोमवार को जामताड़ा में सामाजिक संगठन यूनाइटेड मिल्ली फोरम (यू?एम?एफ?) की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें आगामी झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर चर्चा हुई। इस बैठक में निर्णय लिया गया कि जामताड़ा से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी डॉ इरफान अंसारी को चुनाव में पूरा समर्थन दिया जाएगा। इसके साथ ही, संगठन ने हेमंत सोरेन की सरकार को पुनः सत्ता में लाने का संकल्प लिया। संगठन के जामताड़ा संयोजक मो सिराजुद्दीन ने हेमंत सोरेन सरकार के कार्यों की सराहना की और कहा कि इस सरकार ने झारखंड में विकास कार्यों को गति दी है और राज्य में शांति बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि झारखंड के लोगों की भलाई और प्रदेश की समृद्धि के लिए हेमंत सोरेन की सरकार को वापस सत्ता में लाना जरूरी है।बैठक में उपस्थित दिल्ली से आए भारत जोड़ो अभियान के राष्ट्रीय सचिव प्रोफेसर अजीत झा, रांची के वरीय पत्रकार अशोक वर्मा, जमशेदपुर से आए सर्व सेवा संघ के अरविंद अंजुम ने उम्मीद जताई कि इंडिया गठबंधन के समर्थन से झारखंड का भविष्य और बेहतर होगा, और जामताड़ा की जनता इस बार भी सही निर्णय लेगी।

उक्त मौके पर आवाम को सम्बोधित करते हुए भाजपा एवं मोदी सरकार की नीतियों का जमकर विरोध किया गया। डबल बुलडोजर भाजपा सरकार वाले राज्यों के आदिवासियों दलितों पिछडो और अल्पसंख्यकों के अधिकारों और संसाधनों पर लगातार हमला किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ में आदिवासियों के हसदेव जंगल पर सुरक्षा बलों की फौज उतार कर रातों-रात जंगल की कटाई कर अदानी को दिया। उत्तर प्रदेश में दलित और मुसलमान पर व्यापक हिंसा धर्म के नाम पर हिंसा और दमन/ गरीबों और मुसलमान के घर पर बुलडोजर वगैरह चला दिया गया। मध्य प्रदेश में आदिवासी युवक पर पेशाब कर दिया। मणिपुर में आदिवासी महिलाओं पर हिंसा एवं बहुत बेशर्मी से इज्जत तार तार कर दिया। बिहार में दलितों की बस्ती को दबंगों द्वारा जला दिया गया। वही झारखंड प्रदेश को लेकर कहा कि हेमंत सोरेन सरकार द्वारा पारित सरना कोड पिछड़ों के लिए 27 परसेंट आरक्षण व खतियान आधारित स्थानीयता नीति को रोक दिया।आदिवासियों मूल वासियों द्वारा चुनी हुई सरकार को बार-बार गिराने की कोशिश की गई, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को फर्जी आरोप लगाकर 5 महीना तक जेल में कैद कर रखा।

## गेड़ीया मे सीपीआई का हुआ चुनावी जनसभा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नाला :** नाला विधानसभा के भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के प्रत्याशी कनाई मालपहाड़िया ने गेड़ीया मे चुनावी जनसभा किया। मौके पर उन्होंने जनता से अपील किया कहा कि मेरा पास पैसा नहीं हे आपलोगो का समर्थन चाहिए ना मेरा कोई बड़ा स्टार प्रचारक हे नहीं हम बड़ा जनसभा कर पाएंगे हम हमेशा नाला विधानसभा के जनता के साथ खड़ा रहता हु इस बिसवार पर आपलोग मुझे वोट दे ताकि आपसभी का हम सेवा कर सकू विधानसभा चुनाव में सत्ता में आने के लिए झामुमो व भाजपा ने बहुत सारे वादे किए थे। एकभी वादे नहीं करपाए सिर्फ लुभावन वादे किए थे,कनाई माल पहड़िया ने कहा अगर नाला विधानसभा के जनता इस बार मौका दिया तो हम नाला विधानसभा के चेहरा ही बदल देंगे कियोकि हम एक गरीब हु और गरीब की दर्द हम महसूस कर सकते है ।

## स्वतंत्र, निष्पक्ष मतदान हमारे विकास का पहला सोपान : सकलदीप भगत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** मुरहू स्थित श्योर सक्सेस कोचिंग के निदेशक सकलदीप भगत ने कल 13 नवंबर 2024 को होने वाले विधानसभा चुनाव के मदेनजर नजर छात्र-छात्राओं को मतदान करने हेतु प्रेरित किया।

उन्होंने छात्र-छात्राओं को अपने संबोधन में कहा कि वैसे छात्र छात्राएं जिनकी उम्र 18 वर्ष नहीं हुई है वह भी अपने परिवार एवं समाज के लोगों को मतदान केंद्र तक पहुंचाने का कार्य करें और अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। उन्होंने जिले के सभी मतदाताओं को अपील की कि वे मतदान केन्द्र पर पहुँचकर निर्भय होकर मतदान कर लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अपनी सक्रिय भागीदारी निभायें। मतदाता समृद्ध लोकतांत्रिक परम्पराओं के संवाहक हैं। मतदाताओं की सक्रिय सहभागिता से ही लोकतंत्र परिष्कृत और समृद्ध बनता है। मतदान से लोकतांत्रिक परम्परा को अधिक समृद्ध बनाने, संवैधानिक कर्तव्य निभाने का एक और अवसर मिला है। लोकतंत्र में स्वतंत्र, निष्पक्ष मतदान हमारे विकास का पहला सोपान है।

## महागठबंधन के प्रत्याशी डॉ इरफान अंसारी को आईयूएमएल ने जीत दिलाने का लिया संकल्प



**जामताड़ा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग के कार्यकर्ताओं द्वारा नारायणपुर प्रखंड के पचमोरिया गांव में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। इस दौरान लीग के नेता महताब आलम ने कहा आईयूएमएल इंडिया गठबंधन का हिस्सा है, जामताड़ा विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस प्रत्याशी डॉ इरफान अंसारी को आईयूएमएल समर्थन कर रही है। उनकी जीत को लेकर नुक्कड़ सभा के माध्यम से प्रचार प्रसार एवं जनसंपर्क अभियान चलाया जाएगा। महताब आलम ने कहा महागठबंधन की सरकार ने 5 वर्षों में बहुत विकास किया है। झारखंड के किसानों का कर्ज माफी एवं बिजली बिल माफी मैया सम्मान योजना आदि कई योजनाएं धरातल पर उतारा गया है जिसका लाभ आम अवाम को मिल रहा है। महागठबंधन के प्रति झारखंड के लोगों का विश्वास बना हुआ है हेमंत सोरेन के नेतृत्व में प्रदेश में तरक्की एवं खुशहाली दिखाई दे रहा है। शिक्षा की बेहतरी के लिए कॉलेज, महिला कॉलेज, डिग्री कॉलेज आदि का शिलान्यास राज्य भर में बड़ी तादाद में हुई है। एक एक वोट महागठबंधन के प्रत्याशी डॉ इरफान अंसारी को मिलेगा बहुत अधिक मतों से जीत दर्ज कर इतिहास रचेंगे। उक्त मौके पर कई अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

## इंडिया महागठबंधन आपके लिए समर्पित रहा है : कल्पना मुर्मू सोरेन



**कुंडहित (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला के कुंडहित प्रखंड क्षेत्र के बगडेहरी फुटबाल मैदान में मंगलवार को झामुमो के स्टार पचारक कल्पना मुर्मू सोरेन ने चुनावी सभा को संबोधित करते हुए विधायक रबिन्द्र नाथ महतो के पक्ष में मतदान करने का अपील किया। उन्होंने कहा कि असम, गुजरात, छत्तीसगढ़, दिल्ली आदि से बाहर के लोग आ रहे हैं और झूठ बोलकर बरगलाने का काम कर रहे हैं, हमें ओर सतर्क रहने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि व्यापारी लोग आएंगे और हमें लुटने का काम करेंगे। उन्होंने भाजपा पर कटाक्ष करते हुए कहा कि किस तरह का केंद्र सरकार आवश्यक वस्तुओं का दाम में बेतहाशा वृद्धि कर महंगाई दर को बड़ा दिया है। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार जो काम करके दिखाया आज तक किसी ने भी नहीं किया। गरीबों का बिजली बिल माफ किया गया। । मईया को सम्मान दिया गया। उन्होंने कहा कि रबिन्द्र नाथ महतो ने नाला विधानसभा क्षेत्र मे सड़क पुल पुलिया किसानो के लिए कलस्टोरेज डिग्री कलेज आदि दर्जनों विकास काम किया, इसलिए 20 नवंबर को तीर धनुष पर बटन दबाकर इन्हें भारी बहुमत से विजय बनाएं। उन्होंने कहा कि फिर से बहुमत की सरकार बनने जा रही है, चारों ओर अपार जनसमर्थन मिल रहा है। किसी के बहकावे में आना नहीं है। झारखंड की पहचान, झारखंड की अस्मिता को बचाने के लिए झामुमो का सरकार बनाने के लिए तीर धनुष पर बटन दबाएं।

## बाईक रैली निकालकर भाजपा पार्टी प्रत्याशी के लिये किया वोट देने की अपील



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नाला :** मंगलवार को नाला विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के प्रत्याशी माधव चंद्र महतो के अपने समर्थकों ने नाला प्रखंड के टेसजुरिया कुंडागल पंचायतों में बाइक रैली निकालकर चुनावी सरगर्मी तेज कर दी है। जहां पानेश्वर किस्कू के अगुवाई में बाइक रैली का जत्था देवली कुंडागल चालना बेनागाड़ीया सहित बिभिन्न गांव में भ्रमण कर जनसम्पर्क अभियान चलाया। इस मौके पर क्षेत्र के लोगों से अगामी 20 नवंबर को कमल फूल चिन्ह पर वोट देने की अपील की। वहीं कहा कि इस बार नाला विधानसभा में परिवर्तन की लहर चल पड़ी है जहां लोगों का भाजपा प्रत्याशी माधव चंद्र महतो के साथ दिनों दिन जुड़ने का सिलसिला बढ़ता जा रहा हैं और यह अब रुकेगा नहीं थमेगा नहीं अपनी मंजिल और अपनी जीत तय करके ही दम लेगा ।

वही राधा रानी सोरेन ने लोगों से अपील किया कि इस बार नाला को बदलने का मौका दें माधव चंद्र महतो ने हमारे संवाददाता से बर्ता मे कहा की मेरे हर एक कार्यकर्ता सोने का टुकड़ा है दिन रात मेहनत कर रहे हे कियोकि जनता और कारकर्ता ही नेता का पूंजी है निश्चित रूप से हमारी जीत होती है तो नाला विधानसभा बदलेगा,नाला विधानसभा के लोगों का विकास होगा यहां के लोगों को रोजगार मिलेगा, पलायन रुकेगा गांव और पंचायत के गली, मोहल्ले तक के लोगोंको सभी आवश्यक बुनियादी सुविधाओं का लाभ मिलेगा। वही एक बेहतर हेल्थ ट्रीटमेंट सेंटर के साथ साथ एक हायर एजुकेशन कॉलेज की भी स्थापना यहां होगी ताकि यहां के लोग अब बंगाल, बिहार या दूसरे प्रदेश ना जाकर उनको शिक्षा के साथ साथ सारी स्वास्थ्य सुविधा पाकुड़ में ही दिलाने का काम करेंगे और पाकुड़ की जनता को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का काम करेंगे। जहां नाला की जनता को सालों से बेवकूफ बनाकर लूटने का काम किया गया है। वही ष्टाचार को बढ़ावा दिया गया है जो वर्तमान समय में सबों से जगजाहिर हे अब जनता क्या फैसला करती है यह आने वाला वक्त ही बताएगा ।

## किसानों के बीच मेधा फसल प्रदर्शनी का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कर्रा :** फसल कटाई दिवस के अवसर पर सोमवार को ग्राम दिवरी में फसल प्रदर्शनी का आयोजन कोटेवा एग्रीसाइंस पायोनियर बीज कंपनी द्वारा किया गया. कार्यक्रम में उपस्थित किसानों को खेत में लगे धान फसल पायोनियर 27 क्र37 और अन्य हाइब्रिड धान को किसानों के द्वारा काटकर देखा ,जिसमे सौ मिस्टर वर्ग फिट में 70 केजी एकड़ में 28 किवंटल अन्य हाइब्रिड धान 50 किलो एकड़ में 20 किवंटल आया. हर हाल बेमिसाल 8 किवंटल प्रति एकड़ से ज्यादा उत्पादन हुआ. प्रदर्शनी में देखा गया की अन्य धान के मुकाबले इस धान मे किसान अधिक मुनाफा कमाते हैं। साथ में 44S36 सरसों के बारे में भी किसानों को जानकारी दी गयी. जिससे किसान अधिक आमदनी कर अपने जीवन स्तर को उपर उठा सकते हैं. मौके पर टेरेटरी मैनेजर टिंकु कुमार बेमिसाल किसान को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया. डंके की चोट पर पायोनियर जैसा कोई नहीं क्षेत्रीय प्रतिनिधि लालू ओहदार किसानों को दोगुनी आय के तरीके बताए. क्षेत्रीय प्रतिनिधि पवन कुमार सिंह सहित सैंकड़ों किसान उपस्थित थे।

## मिसिंग मिडिल पर केंद्रित संपूर्ण स्वास्थ्य बीमा योजना मणिपाल सिग्ना सर्व पेश





**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नीति आयोग की 'भारत के लापता मध्यम वर्ग के लिए स्वास्थ्य बीमा' रिपोर्ट के अनुसार, कम से कम 30 प्रतिशत आबादी या 'लापता मध्यम वर्ग' के वर्ग में आने वाले 35-40 करोड़ व्यक्ति स्वास्थ्य के लिए किसी भी वित्तीय सुरक्षा से वंचित हैं। इसको देखते हुए मणिपाल सिग्ना हेल्थ इंश्योरेंस ने अपनी नई स्वास्थ्य बीमा 'मणिपाल सिग्ना सर्व' लॉन्च किया है।मणिपाल सिग्ना हेल्थ इंश्योरेंस के प्रबंध निदेशक और सीईओ प्रसून सिकदर ने लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए कहा, मणिपाल सिग्ना में, हमारी प्रतिबद्धता सिर्फ़ स्वास्थ्य बीमा की पेशकश करने से कहीं आगे जाती है - यह ऐसे समाधानों को नया रूप देने के बारे में है जो स्वास्थ्य सेवा की पहुँच और सामर्थ्य में महत्वपूर्ण अंतर को पाटते हैं, बल्कि भारत के लापता मध्यम वर्ग के सामने आने वाली सामर्थ्य और पहुँच की चुनौतियों का रणनीतिक रूप से समाधान करता है और साथ ही सरकार और नियामक के %2047 तक सभी के लिए बीमा% के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाता है। मणिपाल सिग्ना सर्व तीन अनुकूलित योजनाएं प्रदान करता है- सर्व प्रथम, सर्व उत्तम और सर्व परम, जो लोगों के वित्तीय स्वास्थ्य को सुरक्षित करने के लिए अनुकूलित स्वास्थ्य कवरेज प्रदान करते हैं।

## सैमसंग इनोवेशन कैम्पस ने 3500 युवाओं को किया तकनीकी कौशल में प्रशिक्षित




**जमशेदपुर/ रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सैमसंग इंडिया ने अपने सैमसंग इनोवेशन कैम्पस (एसआईसी) प्रोग्राम के तहत वर्ष 2024 में 3500 विद्यार्थियों को प्रमाणित कर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। यह पहल भारत सरकार की स्किल इंडिया और डिजिटल इंडिया पहलों के अनुरूप है, जिसका उद्देश्य युवाओं को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी), बिग डेटा और कोडिंग एवं प्रोग्रामिंग जैसे अत्याधुनिक क्षेत्रों में प्रशिक्षित कर उनकी नौकरी की योग्यता बढ़ाना है। साल 2023 में 3000 छात्रों को प्रशिक्षण देने के बाद, इस वर्ष सैमसंग ने 12 प्रमाणन कार्यक्रमों के माध्यम से उत्तर प्रदेश, दिल्ली एनसीआर, तमिलनाडु और कर्नाटक के शैक्षणिक संस्थानों में अपनी पहुँच को बढ़ाते हुए 3500 छात्रों को इस पहल में जोड़ा। सैमसंग साउथवेस्ट एशिया के प्रेसिडेंट और सीईओ जेबी पार्क ने कहा कि हम सैमसंग इनोवेशन कैम्पस के माध्यम से भारतीय युवाओं को भविष्य के इनोवेटर्स बनाने के लिए कौशल में सुधार कर रहे हैं। यह प्रोग्राम भारत की विकास यात्रा, स्किल इंडिया और डिजिटल इंडिया के प्रति सैमसंग की प्रतिबद्धता को और मजबूत करता है। प्रोग्राम के तहत हर डोमेन में टॉपर्स को 1 लाख रुपये का नकद पुरस्कार और सैमसंग के उत्पाद दिए जाएंगे। चयनित राष्ट्रीय टॉपर्स को दिल्ली एनसीआर में सैमसंग की अत्याधुनिक फैसिलिटीज़ का दौरा करने का अवसर भी मिलेगा, जहां वे कंपनी के लीडर्स से मिल सकेंगे।

## आईटीसी आशीर्वाद स्वस्ति ने छठ पूजा पर किया भावपूर्ण गीत पेश




**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आईटीसी आशीर्वाद स्वस्ति ने छठ पूजा के अवसर पर एक भावपूर्ण गीत लॉन्च किया है, जिसमें राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता गायिका रेखा भारद्वाज की आवाज है। परंपरा और संगीत कला के प्रेरक मिश्रण में, यह गीत त्योहार के गहरे सांस्कृतिक महत्व का उत्सव मनाता है, जिसे रेखा भारद्वाज की शक्तिशाली और भावनात्मक आवाज के माध्यम से दर्शाया गया था। गीत अलाइव इंडिया म्यूजिक फाउंडेशन के साथ मिलकर बनाया गया है, जिसके नेतृत्व गायक, संगीतकार और गीतकार सुप्रतीक घोष हैं। इस सहयोग पर बोलते हुए, रेखा भारद्वाज ने कहा, मेरे लिए पहला छठ पूजा गीत बनाना एक बहुत ही खुशी की बात रही है। यह हमारे धरोहर के प्रति एक श्रद्धांजलि है, जो हमारी समृद्ध संस्कृति और समुदाय का उत्सव मनाती है।विवेक कुक्कल, वाइस प्रेसिडेंट और हेड, डेयरी एंड बेवरेज, आईटीसी ने कहा, छठ पूजा सिर्फ एक त्योहार नहीं है, यह बिहार की सांस्कृतिक धरोहर का एक अभिन्न हिस्सा है, जो शुद्धता और एकता का प्रतीक है। आशीर्वाद स्वस्ति इस त्योहार का जश्न मनाने के लिए सम्मानित महसूस करता है जो हमारे मूल्यों के साथ गहराई से जुड़ा हुआ है।

## डीसी, एसएसपी ने किया अपील, लोकतंत्र की मजबूती के लिये करें मतदान



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल एवं वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल की जिले के मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि निर्भिक होकर मतदान करें, लोकतंत्र को और सशक्त बनाएं। 18+ मतदाता अपने मत का प्रयोग जरूर करें। यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम एक सशक्त लोकतंत्र का निर्माण करें, यह एक विशेष दिन है जब हम अपने मत देने के अधिकार का प्रयोग कर सकते हैं।

## करनी सेना ने किया बन्ना गुप्ता को समर्थन देने की घोषणा

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** करनी सेना के अध्यक्ष संजय सिंह ने कहा कि करनी सेना अपना पूर्ण समर्थन बन्ना गुप्ता को देने की घोषणा करती है। उन्होंने बयान जारी कर कहा कि बन्ना गुप्ता एक ऐसे नेता हैं जिन्होंने जमशेदपुर पश्चिमी में विकास की गंगा बहाई है. उन्होंने सोनारी दोमुहानी संगम को धार्मिक स्थल के रुप में तब्दील कर दिया है. गंगा आरती में लाखों लोगों का जुटान कर ऐसा कर दिया मानों स्वर्णरेखा खरकाई का संगम ही वाराणसी का गंगा तट है. मानगो को जाम से मुक्ति दिलाने हेतु उनके द्वारा बनवाया जा रहा फ्लाइ ओवर काबिले तारीफ परियोजना है. जमशेदपुर में रिंग रोड बनाने का उनका सपना सच हो, इसके लिए करनी सेना उनके साथ कंधा से कंधा मिलाकर खड़ी है. संजय सिंह ने कहा कि करनी सेना अपना पूर्ण समर्थन बन्ना गुप्ता को देने की घोषणा करती है और अपने सदस्यों से आह्वान करती है कि जमशेदपुर पश्चिमी में भारी मतों से बन्ना गुप्ता को विजयी बनायें।

# आज जिले के 1913 मतदान केंद्रों में सुबह 7 बजे से शुरू होगा मतदान

## - जिले के 18,73,589 मतदाता करेंगे अपने मताधिकार का प्रयोग




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** विधानसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर 13 नवंबर को होने वाले मतदान के लिए एलबीएसएम कॉलेज से बहरागोड़ा, घाटशिला एवं पोटका तथा कॉपरेटिव कॉलेज से जुगसलाई, जमशेदपुर पूर्व व जमशेदपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र की पोलिंग पार्टियां रवाना की गई । जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल एवं वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल के पर्यवेक्षण में दोनों डिस्पैच सेंटर से मतदान कर्मियों के बीच ईवीएम, वीवीपैट, कंट्रोल यूनिट और अन्य सभी तरह के प्रपत्र देकर उन्हें निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव की जिम्मेदारी सौंपकर बूथों के लिए रवाना किया गया । जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा सेक्टर पदाधिकारी एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारी की संयुक्त ब्रीफिंग में तथा पोलिंग पार्टियों को सुरक्षित माहौल में त्रुटिरहित निर्वाचन संपन्न कराने का निर्देश दिया गया। साथ ही, आपसी समन्वय रखते हुए एक-दूसरे की सुरक्षा, आपात स्थिति में निर्णय लिये जाने, ससमय मतदान कराने की जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तत्काल अपने वरीय को सूचित करें।

**मतदान सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक**

विधानसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत 13 नवंबर 2024 को सुबह 7 बजे से मतदान प्रारंभ होगा। पूर्वी सिंहभूम जिला के छह विधानसभा क्षेत्रों में 1913 मतदान केन्द्र पर जिले के 18,73,589 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे ।

**डिस्पैच सेंटर में पोलिंग पार्टियों के लिए पर्याप्त व्यवस्था**

जिला प्रशासन की ओर से डिस्पैच सेंटर में पोलिंग पार्टियों के लिए पर्याप्त व्यवस्था की गयी। पोलिंग पार्टियों को मतदान सामग्री या ईवीएम प्राप्त करने में किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं हो इसके लिए उनके टेबल पर मतदान प्रक्रिया से संबंधित सभी प्रकार के सामाग्री पहुंचाया गया ।

**मतदान कराने को लेकर उत्साहित दिखे मतदान कर्मी**

मतदान केंद्रों के लिए रवाना होने से पहले मतदान कर्मी खासे उत्साहित दिखे । उन्होने अपनी भावनाओं को व्यक्त करते हुए कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व का हिस्सा बनकर काफी खुशी हो रही है । हम सभी ने अपना मतदान कर दिया है, अब जिलावासियों से अपेक्षा है कि बड़ी संख्या में बूथ पर आएं और शत प्रतिशत मतदान करें।

## सरयू राय धार्मिक उन्माद फैलाने पर अमादा : बन्ना गुप्ता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** इंडिया गठबंधन के जमशेदपुर पश्चिमी से कांग्रेस प्रत्याशी बन्ना गुप्ता ने कहा कि सरयू राय प्रचार के दौरान क्षेत्र घूम कर यह समझ गए हैं कि पश्चिमी की जनता उन्हें नकार चुकी है. उनके पास अब कोई मुद्दा नहीं बचा है, इसीलिए अब वे धार्मिक उन्माद फैलाने पर उतारू हो चुके हैं. बन्ना गुप्ता ने कहा कि पश्चिमी के मतदाता और कार्यकर्त्ता सरयू राय के चाल चरित्र भागोड़ापन और पलटू कला से वाकिफ हो चुके हैं. गुप्ता ने कहा कि जाते जाते सरयू राय शहर का अमन चैन बिगाड़ना चाहते हैं. वे धर्म और जात पात के नाम पर वोटों का ध्रुवीकरण करना चाहते हैं. किंतु जमशेदपुर की जनता इस बार भागोड़ा प्रत्याशी की किसी चाल में फंसने वाली नहीं है. जमशेदपुर के समझदार मतदाता विकास के लिए वोट करेंगे. मेरा लक्ष्य है कि जमशेदपुर में रिंग रोड बने. जमशेदपुर एजुकेशन हब बने. जमशेदपुर अपराध मुक्त शहर बने. जमशेदपुर के हर युवा के पास रोजगार हो. जमशेदपुर की हर माता बहन को मईया योजना का लाभ मिले.

**मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के साथ बन्ना गुप्ता पहुंचे आस्तिक महतो के आवास**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और मंत्री बन्ना गुप्ता झामुमो के दिग्गज एवं समाजसेवी आस्तिक महतो की माताजी के निधन पर शोक प्रकट करने उनके आवास पर पहुंचे. दोनों नेताओं ने शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं प्रकट की.

## ब्रह्मर्षि समाज अपने विवेक से चुनेगा अपना उम्मीदवार : अशोक चौधरी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** कोई संस्था किसी समाज का ठेकेदार कैसे हो सकता है. ब्रह्मर्षि समाज बुद्धिजीवी समाज है और वह अपना भला बुरा बेहतर समझ सकता है. समाज के लोग अपने विवेक से शिक्षित, ईमानदार और जमशेदपुर का विकास करने वाले उम्मीदवार को चयन करेंगे. ब्रह्मर्षि समाज हमेशा जमशेदपुर के विकास में अपना योगदान देते रहा है. इसबार भी समाज के लोग सुयोग्य एवं कर्मठ उम्मीदवार का ही चयन करेंगे. गोलमुरी क्लब में आयोजित ब्रह्मर्षि समाज की आपात बैठक के बाद मीडिया को संबोधित करते हुए अशोक चौधरी ने कही। उन्होंने कहा, किसी के फतवा जारी करने से समाज के लोगों पर कोई असर पड़ने वाला नहीं और किसी को फतवा जारी करने का अधिकार भी नहीं. उन्होंने कहा कि समाज एकजुट है था और रहेगा. इसमें किसी को कोई शंका नही होनी चाहिए.वहीं उपेंद्र शर्मा ने कहा ब्रह्मर्षि समाज इस बार विधानसभा चुनाव में शिक्षित, ईमानदार,कर्मठ उम्मीदवार के साथ अच्छे रिकार्ड वाले नेता का ही चयन करेंगे. जिसका रिकार्ड पहले बेहतर रहा है. जिन्होने जमशेदपुर को अपराधियों के आतंक से मुक्ति दिलायी था. वहीं संजय पांडे ने कहा कि रोड,नाली का ठेकेदारी करने वाला कोई व्यक्ति समाज का ठेकेदार नहीं बन सकता है. जिस प्रकार से बिना समाज के लोगों के विश्वास में लिए हुए किसी के पक्ष में फतवा जारी करना बिलकुल गलत है.इस अवसर मुख्य रुप से अशोक, संजय शर्मा, अमलेश कृष्णा,राजेश, श्याम ठाकुर,गजेंद्र,विजय नारायण, विनोद शुक्ला, श्याम,अशोक सिंह, अविनाश सिंह, सुनील सिंह, रमन कुमार, धीरज कुमार, संतोष ठाकुर, आशिष चौधरी, सन्नी कुमार सिंह और मनमोहन कुमार उपस्थित थे.

## श्रीलंका में आयोजित आईसीक्यूसीसी में टाटा स्टील यूआईएसएल की टीम ने जीता स्वर्ण पदक




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** टाटा स्टील यूआईएसएल की टीम क्रांति ने श्रीलंका में आयोजित इंटरनेशनल कन्वेंशन ऑन क्वालिटी कंट्रोल सर्किल्स (आईसीक्यूसीसी) 2024 में स्वर्ण पुरस्कार जीता है।विजेता टीम ने सिदगोड़ा पंप हाउस में क्षैतिज पंप के लिए शून्य ब्रेकडाउन प्राप्त करना शीर्षक से अपनी अनुकरणीय परियोजना प्रस्तुत की। महत्वपूर्ण पंपिंग उपकरणों की विश्वसनीयता और प्रदर्शन को बढ़ाने पर केंद्रित इस परियोजना ने शून्य ब्रेकडाउन प्राप्त करने की दिशा में एक सक्रिय दृष्टिकोण का प्रदर्शन किया - जो परिचालन दक्षता और स्थिरता के लिए एक महत्वपूर्ण कारक है। टीम क्रांति में रश्मि रंजन मोहंती, कमलेश कुमार सिंह, बसंत कुमार बीउरा, आनंद प्रकाश सिंह, धीरज कुमार और अंकिता फ्रुसटी सहित पेशेवरों का एक समर्पित और प्रतिभाशाली समूह शामिल है ।

# जमशेदपुर के आदर्श बूथ एक नजर



झारखण्ड की कला संस्कृति को समर्पित जे. एच तारापोर स्कूल स्थित थीम बूथ मतदाताओं के स्वागत को तैयार है।




मण्डप की थीम पर सजे बीपीएम मिडिल स्कूल, बर्मामाइंस स्थित थीम बूथ की तस्वीर

## सीजीपीसी प्रधान भगवान सिंह की माता पंचतत्व में विलीन, डा. अजय ने अर्पित किए श्रद्धा सुमन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** कांग्रेस प्रत्याशी डॉ अजय कुमार ने सेंट्रल गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान सरदार भगवान सिंह की माता सुरजीत कौर उम्र 86 वर्ष के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की. मंगलवार को तमोलिया स्थित ब्रम्हानंद अस्पताल में ईलाज के क्रम में उनका निधन हो गया. वे कुछ दिन से बीमार चल रही थी. जहां जनप्रतिनिधियों एवं सभी गुरुद्वारा कमेटियों, धर्म प्रचार कमेटी अकाली दल, स्त्री सत्संग सभा, नौजवान सभा, विभिन्न गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटियों द्वारा उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई. उसके बाद मानगो स्वर्णरेखा घाट पर उनका अंतिम दाह संस्कार किया गया. इस मौके पर शमसान घाट में समाज के गणमान्य लोग उपस्थित थे.

## आरओ, एआरओ, बीडीओ, सीओ, नगर निकाय पदाधिकारी ने कलस्टर व बूथों का किया निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** एल.बी.एस.एम व कॉपरेटिव कॉलेज स्थित डिस्पैच सेंटर से मतदान दल रवाना करने के पश्चात जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल द्वारा सभी आरओ, एआरओ, बीडीओ, सीओ, नगर निकाय पदाधिकारी को कलस्टर व बूथ निरीक्षण का निर्देश दिया गया था। इसी क्रम में संबंधित विधानसभा क्षेत्र के आर.ओ, ए.आर.ओ व अन्य पदाधिकारियों ने कलस्टर व बूथ का निरीक्षण कर मतदान दल के लिए उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के क्रम में सेंटर में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं जैसे पेयजल, बिजली आपूर्ति, छाया हेतु शेड, महिला-पुरुष हेतु अलग अलग शौचालय, रैंप, फर्नीचर आदि से संबंधित सभी आधारभूत सुविधाओं की जांच की गई ताकि सुगम मतदान कराने में कोई व्यवधान नहीं उत्पन्न हो। निरीक्षण के दौरान पदाधिकारियों ने मतदान दल से उन्हें उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का फीडबैक लिया जिसपर सभी ने संतुष्टि जाहिर की।


## मंदाकिनी महतो का निधन, झारखंड आंदोलनकारियों की एक बड़ी क्षति है : डा.अजय



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** कांग्रेस प्रत्याशी डा.अजय कुमार ने झारखंड आंदोलनकारी सह झामुमो नेता आस्तिक महतो उर्फ बाबू भाई की माता मंदाकिनी महतो के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि मंदाकिनी महतो का निधन झारखंड आंदोलनकारियों की एक बड़ी क्षति है. उन्होंने कहा कि झारखंड आंदोलन में उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता. उन्होंने झारखंड आंदोलन को आर्थिक रुप से जो सहयोग किया था जिसके कारण ही झारखंड अगल राज्य का सपना पूरा हो पाया. डा. अजय ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी एवं उनके आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की. इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेंमत सोरेन एवं स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता भी उपस्थित थे

## अखबार पढ़े, बाइक की सवारी की, आम लोगों से मिले डा. अजय



**जमशेदपुर :** प्रचार का शोर थमने के बाद मंगलवार को कांग्रेस प्रत्याशी डा. अजय ने सुबह नित्य कर्म से निवृत होने के बाद सबसे पहले दैनिक अखबारों में छपी खबरों पर का मुल्यांकन किया. लगातार प्रचार में व्यस्त रहने के कारण अखबार देखने का समय ही नहीं मिल रहा था. अखबार पढ़ने के बाद बाइक लेकर निकल पड़े टेल्को की ओर चाय दुकान पर चाय चुश्की के साथ आम लोगों से मुलाकात किएं एवं विचार विमर्श किया. टेल्कों कॉलोनी का एक चक्कर लगाने के बाद वापस घर लौटे. घर पर इंतजार कर रहे कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की साथ ही मिलने आए आम लोगों से मुलाकात किए. लोगों ने जीत की अग्रिम बधाई दी. अन्य दिनों की अपेक्षा आज डा. अजय की दिनचर्या समान्य रही।

## देर रात कदमा पुलिस ने गिच्चू को घर से उठाया, सरयू राय के हस्तक्षेप से पीआर बॉन्ड पर रिहा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** सोमवार की देर रात, करीब पौने 12 बजे एनडीए के प्रत्याशी सरयू राय के समर्थक और भाजपा कार्यकर्ता निमाई अग्रवाल उर्फ गिच्चू को कदमा पुलिस ने उठा लिया. गिच्चू की गिरफ्तारी की खबर सुनते ही सैकड़ों सरयू समर्थक कदमा थाना पहुंच गये और नारेबाजी करने लगे. बाद में जब सरयू राय ने वरीय पुलिस अधीक्षक से फोन पर बात की तो गिच्चू को रिहा किया गया. जानकारी के अनुसार, गिच्चू अपने घर में था. रात पौने 12 बजे के करीब पुलिस उनके घर पर पहुंची और कहा कि आपको डीएसपी साहब ने बात करने के लिए थाने में बुलाया है. गिच्चू के साथ उनकी पत्नी भी कदमा थाना पहुंच गई. गिच्चू की गिरफ्तारी की खबर जैसे ही सरयू समर्थकों को हुई, सभी कदमा थाना पहुंच गये. सरयू समर्थकों ने बताया कि जब गिच्चू के बारे में कदमा पुलिस ने कोई सूचना देने से इनकार कर दिया तो कार्यकर्ताओं ने सुबह तीन बजे एनडीए प्रत्याशी सरयू राय को फोन किया. राय तुरंत ही कदमा थाना पहुंचे. वहां डीएसपी मौजूद थे. राय ने डीएसपी से पूछा कि गिच्चू कहां हैं तो डीएसपी ने बताया कि गिच्चू को सोनारी थाने में रखा गया है. आप लोग वहां जाकर उनसे मिल सकते हैं।

विचार प्रवाह

संपादकीय

# 370 पर 'असंवैधानिक' हरकत

नेशनल कॉन्फ्रेंस का यही राजनीतिक मंसूबा था, क्योंकि अनुच्छेद 370 और 35-ए पार्टी का प्रमुख चुनावी मुद्दा था। हालांकि पार्टी को 23 फीसदी वोट ही हासिल हुए, लेकिन वह सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी, लिहाजा सत्तारूढ़ है। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला बखूबी जानते हैं कि विधानसभा को संविधान में संशोधन करने या ऐसा प्रस्ताव पारित करने का कोई भी अधिकार नहीं है। यह संसद और सर्वोच्च अदालत के फैसलों का उल्लंघन भी है। फिर भी उपमुख्यमंत्री सुरेंद्र चौधरी के जरिए प्रस्ताव पेश कराया गया कि जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा बहाल किया जाए। यह दर्जा अनुच्छेद 370 में ही संरक्षण पाता रहा है। प्रस्ताव को लेकर विधानसभा में विधायकों ने हाथापाई, धक्कामुक्की की। यहां तक कि मारपीट भी की गई। विपक्षी सदस्यों को मार्शलों के द्वारा जबरन सदन के बाहर धकियाया गया। यह विधायी सदन है अथवा अराजकता का कोई अखाड़ा है? सत्तारूढ़ पक्ष अच्छी तरह जानता है कि अब अनुच्छेद 370 और 35-ए को बहाल नहीं किया जा सकता। प्रधानमंत्री मोदी यहां तक कह चुके हैं कि अनुच्छेद 370 को जमीन में गाड़ा जा चुका है। दुनिया की कोई भी ताकत अब उसे वापस नहीं ला सकती।' मोदी सरकार ने ही इन अनुच्छेदों को निरस्त कराया है, वह ही इन्हें बहाल क्यों करेगी, कश्मीरी प्रतिनिधि यह भी बखूबी जानते हैं, लेकिन सियासत की उछल-कूद कर रहे हैं। सदन में जो असंसदीय, असंवैधानिक, अनधिकृत, अनैतिक हरकत की गई है, उसके अंजाम ऐसे भी हो सकते हैं कि उमर अब्दुल्ला सरकार और विधानसभा 'प्रतीकात्मक', 'कागजी' बनकर रह सकते हैं और राज्यत्व का मुद्दा भी लटक कर रह सकता है। अनुच्छेद 370 एक ऐतिहासिक गलती थी, लिहाजा उसे दुरुस्त करना जरूरी और उचित था। विलय-पत्र में भी इसका कहीं उल्लेख नहीं था। संविधान में यह अस्थायी प्रावधान था। अनुच्छेद 370 को 17 अक्तूबर, 1949 को संविधान का हिस्सा बनाया गया, जिसे 26 जनवरी,1950 को गणतंत्र बनने के बाद भी धारण किया गया। नेहरू-गांधी परिवार के तीन प्रधानमंत्री हुए, कांग्रेस अध्यक्ष बने, कांग्रेस नेतृत्व की यूपीए सरकार के प्रधानमंत्री भी कांग्रेस के ही थे, लेकिन इस अस्थायी अनुच्छेद को हटाया नहीं गया। नतीजतन जम्मू-कश्मीर का 'विशेष दर्जा' जारी रहा। यह दर्जा ऐसा था, जिसका झंडा, संविधान, नागरिकता और 6 साल की विधानसभा आदि अलग व्यवस्थाएं थीं। भारत के कई कानून यहां मान्य और लागू नहीं थे। 'जनसंघ' के संस्थापक नेता डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने कश्मीर में 'एक विधान, एक निशान, एक प्रधान' के तहत आंदोलन छेड़ा था और रहस्यमयी बलिदान दिया। 'बलिदान हुए जहां मुखर्जी, वह कश्मीर हमारा है,' भाजपा विधायकों ने सदन में ये नारे लगाए। जवाब में अब्दुल्ला की पार्टी के विधायकों ने नारे लगाए-'जिस कश्मीर को खून से सींचा, वो कश्मीर हमारा है।' यह कश्मीर में हिंसक अतीत को सुलगाने की हरकत है। यह जेहादियों का और अलगाववाद का नया एजेंडा हो सकता है, अलबत्ता दोनों अनुच्छेद तो आज मृत हैं। 5 अगस्त, 2019 को संसद ने कश्मीर के विशेष दर्जे को समाप्त करने का फैसला लिया। लोकसभा में 370 सांसदों और राज्यसभा में 125 सांसदों ने अनुच्छेद 370 और 35-ए को निरस्त करने वाले प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किए थे। लोकसभा में कांग्रेस समेत विरोधियों के कुल 70 सांसदों ने ही मतदान किया। आज एक अधूरी, बौनी-सी विधानसभा उस संसदीय निर्णय को खारिज कर दर्जा बहाल करने की मांग का दुस्साहस कैसे कर सकती है? पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने भी संसद के निर्णय को 'संवैधानिक' माना था। उसका उल्लंघन भी 'संवैधानिक अपराध' है।

> मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला बखूबी जानते हैं कि विधानसभा को संविधान में संशोधन करने या ऐसा प्रस्ताव पारित करने का कोई भी अधिकार नहीं है। यह संसद और सर्वोच्च अदालत के फैसलों का उल्लंघन भी है। फिर भी उपमुख्यमंत्री सुरेंद्र चौधरी के जरिए प्रस्ताव पेश कराया गया कि जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा बहाल किया जाए। यह दर्जा अनुच्छेद 370 में ही संरक्षण पाता रहा है। प्रस्ताव को लेकर विधानसभा में विधायकों ने हाथापाई, धक्कामुक्की की। यहां तक कि मारपीट भी की गई। विपक्षी सदस्यों को मार्शलों के द्वारा जबरन सदन के बाहर धकियाया गया। यह विधायी सदन है अथवा अराजकता का कोई अखाड़ा है? सत्तारूढ़ पक्ष अच्छी तरह जानता है कि अब अनुच्छेद 370 और 35-ए को बहाल नहीं किया जा सकता। प्रधानमंत्री मोदी यहां तक कह चुके हैं कि अनुच्छेद 370 को जमीन में गाड़ा जा चुका है। दुनिया की कोई भी ताकत अब उसे वापस नहीं ला सकती।' मोदी सरकार ने ही इन अनुच्छेदों को निरस्त कराया है, वह ही इन्हें बहाल क्यों करेगी, कश्मीरी प्रतिनिधि यह भी बखूबी जानते हैं, लेकिन सियासत की उछल-कूद कर रहे हैं।

### केंद्र सरकार से कहा गया है कि वह विशेष दर्जा वापस देने के लिए राज्य के प्रतिनिधियों से बातचीत करे

# विशेष दर्जे की बहाली का प्रस्ताव अंधेरों की आहट

ललित गर्ग

> उमर अब्दुला सरकार ने सदन में अपने बहुमत का लाभ उठाते हुए बुधवार को बिना अनुच्छेद 370 की पुर्नबहाली शब्द का इस्तेमाल कर, विशेष दर्जे की बहाली का प्रस्ताव तीखी झड़पों, हाथापाई, लात-घूंसे एवं शोरशराबे के बीच ध्वनिमत से पारित करा, साबित कर दिया है, वह पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी के साथ इस होड़ में पीछे रहने के मूड में नही है। ऐसा लगता है कि जम्मू कश्मीर में अलगाववाद और तुष्टिकरण की राजनीति फिर से परवान चढ़ने लगी है, आम कश्मीरी अवाम को गुमराह कर उसे बर्बादी की तरफ धकेलने की कुचेष्टाएं प्रारंभ हो गयी है।

नेशनल कॉन्फ्रेंस एवं उमर अब्दुला सरकार ने सदन में अपने बहुमत का लाभ उठाते हुए बुधवार को बिना अनुच्छेद 370 की पुर्नबहाली शब्द का इस्तेमाल कर, विशेष दर्जे की बहाली का प्रस्ताव तीखी झड़पों, हाथापाई, लात-घूंसे एवं शोरशराबे के बीच ध्वनिमत से पारित करा, साबित कर दिया है, वह पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी के साथ इस होड़ में पीछे रहने के मूड में नही है। ऐसा लगता है कि जम्मू कश्मीर में अलगाववाद और तुष्टिकरण की राजनीति फिर से परवान चढ़ने लगी है, आम कश्मीरी अवाम को गुमराह कर उसे बर्बादी की तरफ धकेलने की कुचेष्टाएं प्रारंभ हो गयी है। इस पारित प्रस्ताव में केंद्र सरकार से कहा गया है कि वह विशेष दर्जा वापस देने के लिए राज्य के प्रतिनिधियों से बातचीत करे। बुधवार को नवगठित राज्य विधानसभा में जब यह प्रस्ताव उप-मुख्यमंत्री सुरिंदर सिंह चौधरी ने पेश किया, तभी यह स्पष्ट हो गया था कि चौधरी का चयन ही इसलिए किया गया है कि भारतीय जनता पार्टी इसे सांप्रदायिक रंग देने की कोशिश न कर सके। लेकिन भाजपा ने एक विधान एक निशान और राष्ट्रवाद के प्रति अपनी संकल्पबद्धता को दोहराते हुए इस प्रस्ताव का विरोध कर बताया कि वह प्रत्यक्ष तो क्या परोक्ष तौर पर भी किसी को घड़ी की सुइयां पीछे मोढ़ने की अनुमति नहीं देगी। जब तक केन्द्र में भारतीय जनता पार्टी की नरेन्द्र मोदी सरकार है, कोई भी अनुच्छेद 370 और 35ए को वापस नहीं ला सकता। अनुच्छेद 370 एक मरा हुआ सांप है, जिसे वह एक गले से दूसरे गले में डाल, जहर, आतंक एवं हिंसा फैलाने के षडयंत्र को सफल नहीं होने देगी। कश्मीर के नेताओं को समझना ही होगा कि पूरे भारत में अनुच्छेद 370 को लेकर जैसा जनमानस है, उसे देखते हुए अनुच्छेद 370 की वापसी असंभव है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयासों से अनुच्छेद 370 हटने के बाद जम्मू-कश्मीर की धरती पर अनेक सकारात्मक स्थितियां उद्घाटित हुई है, विशेषतः लोकतंत्र को जीवंतता मिली है, वहां की अवाम ने चुनावों में बढ़-चढ़कर भाग लिया, शांति एवं विकास से इस प्रांत में एक नई इबारत लिखी जाने लगी है। जम्मू-कश्मीर हमारे देश का वो गहना है जिसे जब तक सम्पूर्ण भारत के साथ जोड़ा नहीं जाता, वहां शांति, आतंकमुक्ति एवं विकास की गंगा प्रवहमान नहीं होती, अधूरापन-सा नजर आता रहा है। इसलिए इसे शेष भारत



के साथ हर दृष्टि से जोड़ा जाना महत्वपूर्ण है और यह कार्य मोदी एवं उनकी सरकार ने करके एक नये सूरज को उदित किया है, अब उस सूरज को अस्त नहीं होने दिया जायेगा। बड़ी जद्दोजहद से वहां एक नया दौर शुरू हुआ है, अब इस सुनहरे एवं उजले दौर को स्वार्थी एवं सत्ता की अलगाववादी एवं विघटनकारी राजनीति की भेंट नहीं चढ़ने देना चाहिए। भारत की महानता उसकी विविधता में है। साम्प्रदायिकता एवं दलगत राजनीति का खेल, उसकी विविधता में एकता की पीठ में छुरा भोंकता रहा है, घाटी उसकी प्रतीक बनकर लहूलुहान रही है। जब हम नये भारत-सशक्त भारत बनने की ओर अग्रसर हैं, विश्व के बहुत बड़े आर्थिक बाजार बनने जा रहे हैं, विश्व की एक शक्ति बनने की भूमिका तैयार करने जा रहे हैं, तब हमारे मस्तक के ताज जम्मू-कश्मीर को जाति, धर्म व स्वार्थी राजनीति से बाहर रखना सबसे बड़ी जरूरत है। इसी दिशा में घाटी को अग्रसर करने में मोदी सरकार के प्रयत्न सराहनीय एवं स्वागतयोग्य रहे हैं। घाटी की कमजोर राजनीति एवं साम्प्रदायिक आग्रहों का फायदा पडोसी उठा रहे हैं, जिनके खुद के पांव जमीन पर नहीं वे आंख दिखाते रहे हैं। अब ऐसा न होना, केन्द्र की कठोरता एवं सशक्तीकरण का द्योतक हैं। कश्मीर के तथाकथित राजनीतिक कर्णधारों! अलगाववाद और तुष्टिकरण की राजनीति छोड़ो। अगर तेवर ही दिखाने हैं तो देश के दुश्मनों को दिखाओ, पडौसी देश के मनसूंबों को निस्तेज करों। अतीत की राजनीतिक भूलों को सुधारना और भविष्य के निर्माण में सावधानी से आगे कदमों को बढ़ाना, जम्मू-कश्मीर की चुनी हुई सरकार का संकल्प होना चाहिए। विशेष राज्य का दर्जा पाने के मसले पर नेशनल कॉन्फ्रेंस जहां खड़ी है, पीडीपी उससे दो कदम आगे रहना चाहती है। ऐसे करके नेशनल कान्फ्रेंस और पीडीपी सरीखे दल यहां अलगाववाद और एक वर्ग विशेष की तुष्टिकरण की राजनीति को जारी रखना चाहते हैं, वह यहां फिर से अलगाववाद को पैदा करना चाहते हैं, आम कश्मीरी अवाम को गुमराह कर उसे बर्बादी की तरफ धकेलना चाहते हैं, तभी अनुच्छेद 370 की बहाली का प्रस्ताव लाये हैं। जबकि अनुच्छेद 370 के हटने से घाटी में एक उजाला अवतरित हुआ है, अब फिर से घाटी को अंधेरों से नहीं घिरने देना चाहिए। भले ही नेशनल कॉन्फ्रेंस ने जम्मू-कश्मीर का चुनाव ही इसी घोषणा के साथ लड़ा और जीता है कि वह भारतीय संविधान में राज्य को उसका विशेष दर्जा वापस दिलाएगी। इसीलिये नेशनल कॉन्फ्रेंस ने सत्ता में आते ही पहला काम यही किया और विधानसभा ने राज्य को विशेष दर्जा दिए जाने का प्रस्ताव पारित कर दिया। नेशनल कान्फ्रेंस को लगता है कि विशेष दर्जे के मुद्दे से कुछ लोगों के तार भावनात्मक रूप से जुड़े हैं, इसलिए ज्यादा अतिवादी रूख अपनाकर इसका कुछ राजनीतिक फायदा उठाया जा सकता है। दोनों ही प्रमुख दल इस मुद्दे का राजनीतिक लाभ उठाने की होड़ लगाते हुए दिख रहे हैं। तभी मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला की टिप्पणी थी कि यह पीडीपी का केवल प्रचार स्टंट है और उसके विधायक सिर्फ कैमरे के आगे आने के लिए यह सब कर रहे हैं। मगर उमर अब्दुल्ला जो बात पीडीपी के लिए कह रहे हैं, वही शायद उनके लिए भी कही जा सकती है, वरना वह भी यह जानते हैं कि 5 अगस्त, 2019 को जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले संविधान के जिस अनुच्छेद 370 को खत्म किया गया था, उसकी वापसी अब इतनी आसान नहीं है। वैसे भी, इतना तो उन्हें पता ही होगा कि सिर्फ विधानसभा में प्रस्ताव पारित हो जाने भर से अनुच्छेद 370 वापस आने वाला नहीं है। फिर इस समय केंद्र में भाजपा सरकार है, जो किसी भी तरह से इस पर विचार करने के मूड में नहीं है। उसकी नजर में यह एक कागज का टूकड़ा है, जो बिना विचार के रद्दी की टोकड़ी में ही जाने वाला है। अनुच्छेद 370 को लेकर कश्मीर की जनता और राजनेताओं, दोनों को समझना ही होगा कि 70 साल तक विशेष दर्जा होने के बावजूद इससे राज्य का कोई बहुत भला नहीं हुआ। देश की मूल धारा से कटकर यह प्रांत अंधेरों से घिरा रहा है।

दृष्टि कोण

# नदियों की सेहत और अदालतों के निर्देश

हिंदू शास्त्रों में गंगा और यमुना नदी का धार्मिक महत्व बताया गया है। इन नदियों की उपयोगिता के कारण इन्हें जीवनदायिनी कहा गया है। वर्तमान में हालत यह है कि ये जीवनदायिनी खुद जीवन के लिए तरस रही हैं। देश में अन्य समस्याओं की तरह इन नदियों के की बर्बादी के लिए भी राजनीति जिम्मेदार है। नदियों के प्रदूषण का मुद्दा राजनीतिक दलों को वोट नहीं दिला सकता, इसलिए इनकी सेहत लगातार बिगड़ती जा रही है। सत्तारूढ़ दलों की प्राथमिकता में नदियों की पवित्रता बरकरार रखना नहीं रह गया है। इन नदियों की हालत नालों जैसी बन चुकी है। भ्रष्टाचार और वोट बैंक की राजनीति के कारण इस हालत से निपटने के लिए सरकारी प्रयास विफल साबित हुए हैं। राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण, हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के दखल के बावजूद नदियों में अपेक्षित सुधार नहीं हो पा रहा है। अदालतों ने नदियों में प्रदूषण के लिए कई बार भारी जुर्माना लगाया है। चूंकि जुर्माना नेता-अफसरों की जेब से नहीं जाता, इसलिए उसका ऊंट के मुंह में जीरे जितना ही असर हुआ है। सुप्रीम कोर्ट ने यमुना नदी को अनुपचारित अवशिष्ट से प्रदूषित करने के लिए आगरा नगर निगम को 58.39 करोड़ रुपए पर्यावरणीय मुआवजा देने का आदेश दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने नगर निगम के सारे दावों की पोल खोल कर रख दी और यमुना नदी में बढ़ते प्रदूषण स्तर को लेकर नगर निगम को फटकार लगाई। इस तरह के मामले में इससे पहले राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण (एनजीटी) ने भी नगर निगम के खिलाफ अप्रैल में आदेश दिया था। यह पहला मौका नहीं है कि जब एनजीटी या अदालत ने नदियों के प्रदूषण के लिए सरकारी एजेंसियों पर जुर्माना लगाया हो, इससे पहले भी ऐसे कदम उठाए जा चुके हैं, किन्तु शासन-प्रशासन की मिलीभगत से नदियों में प्रदूषण का स्तर बढ़ता ही जा रहा है। हालात यह हो गए हैं कि नदियों का जल पीने लायक तो दूर, आचमन करने लायक भी नहीं रह गया है। दिल्ली में बहने वाली यमुना नदी कभी धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण थी। अब प्रदूषण के कहर से जूझ रही है। आंकड़े बताते हैं कि यमुना का प्रदूषण स्तर खतरनाक स्तर तक पहुंच चुका है। छठ जैसे पर्व पर महिलाओं को इस नदी पर स्नान करने से रोक लगाई गई। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आंकड़ों के अनुसार यमुना में खतरनाक बैक्टीरिया और प्रदूषकों का स्तर मानक सीमा से कई गुना अधिक पाया गया है। दिल्ली में यमुना के प्रमुख हिस्सों में पानी की गुणवत्ता, बीओडी (बायोकेमिकल ऑक्सीजन डिमांड) और अन्य प्रदूषक तत्वों के कारण न केवल पीने के योग्य नहीं है। यमुना में प्रतिदिन लगभग 3000 मिलियन गैलन से अधिक सीवेज प्रवाहित होता है। यह बिना किसी सफाई प्रक्रिया के सीधे नदी में जा रहा है। राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण ने नोएडा विकास प्राधिकरण पर 100 करोड़, यानी एक अरब रुपए और दिल्ली जल बोर्ड पर 50 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया था। इसी तरह बिहार सरकार में नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) ने सॉलिड और लिक्विड वेस्ट का वैज्ञानिक तरीके से निपटारा नहीं कर पाने को लेकर राज्य सरकार पर चार हजार करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया। सर्वोच्च न्यायालय ने 28 नवंबर, 2023 को एनजीटी के उस आदेश पर रोक लगा दी, जिसमें महाराष्ट्र को अनुचित अपशिष्ट प्रबंधन के लिए पर्यावरण मुआवजे के रूप में 12000 करोड़ रुपए का भुगतान करने का निर्देश दिया गया था। एनजीटी ने पंजाब सरकार पर कई चेतावनियों के बावजूद राज्य में ठोस और तरल अपशिष्ट प्रबंधन में विफल रहने के लिए 1000 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया। इसी तरह सुप्रीम कोर्ट ने नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल द्वारा राजस्थान सरकार पर लगाए 3000 करोड़ रुपए के जुर्माने पर रोक लगा दी। एनजीटी ने राजस्थान में गीले और सूखे कचरे के समुचित प्रबंधन में नाकाम रहने से पर्यावरण पर पड़ रहे बुरे असर को लेकर यह जुर्माना लगाया था। सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरनमेंट (सीएसई) की ओर से 5 जून को पर्यावरण दिवस के मौके पर जारी स्टेट ऑफ एनवायरमेंट (एसओई) रिपोर्ट 2023 में यह खुलासा किया गया कि देश के 30 राज्यों में कुल 279 (46 फीसदी) नदियां प्रदूषित हैं, हालांकि 2018 के मुकाबले मामूली सुधार 2022 में देखा गया है। 2018 में 31 राज्यों में 323 नदियां प्रदूषित थीं। एसओई रिपोर्ट के मुताबिक देश की 279 अथवा 46 फीसदी प्रदूषित नदियों में सर्वाधिक प्रदूषित नदियां महाराष्ट्र (55) में हैं, जबकि इसके बाद मध्य प्रदेश में 19 नदियां प्रदूषित हैं।

कुछ अलग

# ईमानदारी का डंका...

नेताजी की ईमानदारी का डंका बज रहा है और सिर्फ मीडिया में बज रहा है। मीडिया बता रहा है कि नेताजी कट्टर ईमानदार हैं। कोई गिफ्ट लेकर आ जाता है तो उसे हडक़ा देते हैं और फिर खबर छप जाती है कि नेताजी की ईमानदारी देखकर गिफ्ट लाने वाले की सिट्टी पिटी गुम हो गई। पब्लिक कंफ्यूज हो जाती है। पब्लिक में चर्चा शुरू हो जाती है कि क्या नेताजी ने अपने घर के दरवाजे पर सिक्योरिटी कर्मी की बजाय मीडिया का कैमरा फिट कर रखा है जो गिफ्ट लाने वाले की भाव भंगिमा देखता है और फिर नेताजी का रिएक्शन देखता है। नेताजी को गिफ्ट खोलते देखता है और फिर गिफ्ट लाने वाले को घूरते हुए देखता है। फिर खबर प्रचारित कर देता है कि नेताजी ने महंगा गिफ्ट देखकर आग उगल दी। उनकी ईमानदारी डंके की चोट पर भ्रष्टाचार पर चोट करने लगी। भ्रष्टाचार दुम दबाकर भाग गया। पब्लिक में से एक बंदा दूसरे बंदे से हैरानी से सवाल कर रहा है कि आज तक तो भ्रष्टाचार नेताजी के आगे-पीछे दुम हिलाता फिरता था, अब अचानक दुम दबाकर भाग कैसे गया! दूसरा बंदा अपनी खोपड़ी को खुजाते हुए कहता है, 'जब से सरकार के भ्रष्टाचार के चर्चे विपक्ष में होने लगे हैं और राष्ट्रीय स्तर के नेता भ्रष्टाचार को लेकर सरकार को घेरने लगे हैं तो सलाहकारों ने नेताजी को अपनी छवि बनाने के लिए इस तरह के प्रपंच रचने को कहा होगा।' इन दोनों लोगों की गुफ्तगू सुन रहा तीसरा व्यक्ति अपना रिएक्शन देते हुए कहता है कि छवि बनाने के लिए राजभाट बढिया होने चाहिए। राजभाट पब्लिक को हरा-हरा दिखाते हैं। सूखा सूखा छिपाते हैं। पब्लिक के दुख छिप जाते हैं। विकास का सूचकांक छलांगे मारने लगता है। भ्रष्टाचार का मुद्दा गौण हो जाता है। विपक्ष की जुबान पर ताला लग जाता है। नेताजी की ईमानदारी फिजाओं में छा जाती है। उनके समर्थकों में बहार आ जाती है। घोटाले की फाइलें धूल फांकने लगती हैं। जांच एजेंसियां मक्खियां मारने लगती हैं। ठप्प पड़ा विकास करवट बदलकर दूसरी तरफ सो जाता है। पारदर्शिता जुम्हाई लेती रहती है। दफ्तरों में फाइलों के ढेर जमा हो जाते हैं। सरकारी अदायगी के सारे बिल पैंडिंग हो जाते हैं। नौकरी देने वाले संस्थानों पर ताले लग जाते हैं। तालों के अंदर जाले लग जाते हैं और मकडियां अपना घर बना लेती हैं। नेताजी की कट्टर ईमानदारी की चकाचौंध में सारे असली मुद्दे गायब होने लगते हैं। पब्लिक को लगने लगता है जैसे नेताजी का घर नहीं, कोई मंदिर हो गया है, जहां गिफ्ट देना मना है। बस श्रद्धा से नतमस्तक होकर आइए और यहां नीचे बह रही पापमोचनी गंगा में स्नान करके लौट जाइए। नेताजी की ईमानदारी की 'फाइव स्टार' परफॉर्मेंस की तूती हर तरफ बोल रही है। उनका ही एक कट्टर समर्थक आंख मारते हुए दूसरे समर्थक को कह रहा है कि, 'भाई, अब तो ऐसा लग रहा है जैसे नेताजी के इर्द-गिर्द कोई ईमानदारी का सुरक्षा कवच बन गया है जिसमें भ्रष्टाचार की एक भी बूंद नहीं घुस सकती। यह कैसे मुमकिन हुआ?' दूसरा समर्थक व्यंग्यपूर्ण मुस्कान के साथ जवाब देता है, 'नेताजी की ईमानदारी की इस महागाथा का हर दिन एक नया अध्याय लिखा जा रहा है और यह अध्याय लिखवाने का फार्मूला सिर्फ और सिर्फ हमारे नेताजी के पास है। उनके इस फार्मूले को मीडिया ने प्रमाणपत्र भी दे दिया है। अब और क्या चाहिए।'

देश दुनीया से

# धर्मपरायण देश में गौधन की दुर्दशा क्यों?

अपने गोविंद सा कोई गौपालक तलाशती हूं। मैं सुभद्रा, सुनंदा, कपिला, सुरभि, नंदनी व कान्हा की प्रिय 'पद्मा' अब बेसहारा होकर गली, चौक चौराहे पर आशियाना तलाशती हूं'। शायद बेसहारा होकर दर-दर की ठोकरें खाकर अपमानित हो रहे गौधन के दिल की यही आवाज होगी, मगर सडक़ों पर भाग्य तलाश रहे बेजुबान गोवंश की जुबान को समझेगा कौन? यदि मां के बाद किसी दूध की महिमा व महत्त्व है, तो वह केवल गाय का दूध है। इसीलिए अनादिकाल से भारतीय संस्कृति में एकमात्र प्राणी गाय को 'गौमाता' का दर्जा प्राप्त है। कार्तिक शुक्ल पक्ष की अष्टमी को मनाया जाने वाला पर्व 'गोपाष्टमी' गौधन को समर्पित है। पौराणिक मान्यता है कि भगवान विष्णु के आठवें अवतार श्रीकृष्ण ने इस दिन गौचारण लीला आरंभ की थी। चंद्रवंशी क्षत्रिय श्रीकृष्ण गोपाल बने। गोरक्षक के रूप में श्रीकृष्ण का नाम 'गोविंद' पड़ा। 'गावो ममाग्रतः सन्तुगावो मे सन्तु पृष्ठतः गावों मे हृदय सन्तु गवा मध्ये वसाम्यहम्' अर्थात गायें मेरे आगे, पीछे व हृदय में स्थित रहे, गायों के बीच ही मैं सदा निवास करूं। गऊओं के संदर्भ में श्रीकृष्ण के इस प्रसंग का उल्लेख 'भविष्यपुराण' के उत्तरपर्व में हुआ है। धार्मिक ग्रंथों में जमदग्नि, भारद्वाज, वशिष्ठ, असित तथा गौतम जैसे महान ऋषियों के आश्रमों में नंदा, सुभद्रा, सुरभि, सुशीला व बहुला जैसी गऊओं का उल्लेख हुआ है। सबसे प्राचीन ग्रंथ ऋग्वेद, उपनिषद व पुराणों में ऋषियों ने गौधन की महिमा को लिपिबद्ध करके दुनिया को गाय के समस्त गुणों से परिचित करवाया था। मगर ऋषि-मुनियों द्वारा गौधन के संदर्भ में लिखे ज्ञान तथा उपदेशों को भारत में तीलांजलि दी जा चुकी है। शिवरात्रि के अवसर पर भगवान शंकर के साथ 'नंदी' की पूजा भी होती है। जिस देश में सुख समृद्धि की कामना के लिए 'बलिवैश्वदेव यज्ञ' के द्वारा घर की पहली रोटी दिव्य गुणों की स्वामिनी गाय को खिलाई जाती हो, वहां हर घर आंगन की शोभा रही गोविंद की प्रिय गाय तथा भगवान शिव के प्रिय नंदी को बेसहारा होकर सडक़ों पर दुर्दशा, तशद्दुद व तस्करी का शिकार होकर बूचडख़ानों तक का सफर तय करना पड़ेगा, पूज्य रहे गौधन को आवारा पशु का खिताब दिया जाएगा, गोवंश को गो तस्करों के हवाले करके गौपालन से पीछा छुड़ाने के प्रयास होंगे, शायद गोपाष्टमी, गोवत्स द्वादशी व गोवर्धन पूजा जैसे पर्व मनाने वाले भारत में इस बात की कल्पना भी नहीं की जा सकती थी। प्रश्न यह है कि गोवंश की इस बेकदरी के आलम का जिम्मेवार कौन है? श्वेत क्रांति, कृत्रिम गर्भाधान, चरागाहों में चरता विकास, मुफ्तखोरी की योजनाएं, आपरेशन फ्लड की आंधी, रोजगार की जुस्तजू में गांवों से युवाओं का पलायन, आधुनिकता की चकाचौंध में भौतिकतावादी जीवनशैली या गौपालन व्यवसाय को उपयोगी बनाने में सियासी निजाम की उदासीनता? स्मरण रहे तराजू किसी चीज का भार बता सकता है, गुणवत्ता नहीं। स्वस्थ जीवनशैली के लिए गुणवत्ता युक्त खाद्यान्न मायने रखता है। विदेशी नस्लों की तुलना में स्वदेशी नस्ल की गऊओं में दुग्ध उत्पादन क्षमता कुछ हद तक कम हो सकती है, मगर पौराणिक शास्त्रों व आयुर्वेद तथा वैज्ञानिक कसौटियों पर स्वदेशी गौधन का दूध श्रेष्ठ साबित हुआ है। विश्व की सबसे उम्दा स्वदेशी नस्ल की गऊएं भारत में ही पाई जाती हैं। लेकिन अधिक दूध उत्पादन के लालच में विदेशी नस्ल के गोवंश को अहमियत देकर अपने स्वदेशी गौधन को नजरअंदाज कर दिया गया। उनका स्वरूप बिगाड़ा गया। सडक़ों पर फरियादी बनकर आशियाने को मोहताज होकर हादसों का शिकार हो रहे गोवंश के हुजूम उसी श्वेत क्रांति व आपरेशन फ्लड का परिणाम हैं। युगों से भारतीय कृषि अर्थशास्त्र का मजबूत आधार स्तम्भ रहे गोवंश की दुर्दशा का मंजर शहरों व राजमार्गों पर देखा जा सकता है। किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के दावे किए जाते हैं। रासायनिक उवर्रकों व कीटनाशकों से रहित प्राकृतिक व जैविक कृषि के मश्विरे पेश किए जाते हैं। स्वदेशी उत्पाद अपनाने की सलाह दी जाती है, लेकिन किसानों की आर्थिकी की धुरी तथा ग्रामीण समृद्धि के द्वार खोलने वाला गौपालन जैसा पुश्तैनी व्यवसाय हाशिए पर जा रहा है। उत्तम दुग्ध गुणवत्ता वाली स्वदेशी गौधन की कई प्रजातियां अपना वजूद तलाश रही हैं। लेकिन बाजार से मिलावटी व कृत्रिम सिंथेटिक दूध खरीद कर बड़े शौक से लाया जाता है। अर्थतंत्र को मजबूत करने के लिए सरकारें विदेशी क्वालिटी की शराब की अरबों रुपए की तिजारत को बढ़ावा दे रही हैं। विदेशी खाद्य पदार्थों, विदेशी बीज, रसायन व कीटनाशकों का अरबों रुपए का कारोबार भारतीय बाजारों पर पैठ बना चुका है। विदेशी कंपनियों की कोल्ड ड्रिंक्स व बोतलबंद पानी का अरबों रुपए का व्यापार देश में हो रहा है। विदेशी नस्ल के कुत्तों की खरीद फरोख्त का बाजार देश में लगातार बढ़ रहा है। विदेशी नस्ल के खतरनाक किस्म के महंगे कुत्ते पालना स्टेटस सिबंल बन चुका है। विदेशी नस्ल के कुत्ते पालने के बजाय छोटे कद की गाय 'पुंगनूर' तथा औषधीय गुणों से भरपूर दूध देने वाली हिमाचल की पहाड़ी गाय 'चुरू' तथा उत्तराखंड की कामधेनू कही जाने वाली 'बद्री' नस्ल की गऊओं का पालन-पोषण आसानी से किया जा सकता है। 'राष्ट्रीय पशु अनुवांशिक संसाधन ब्यूरो' 'चुरू' व 'बद्री' को देश की मान्यता प्राप्त गऊओं की नस्लों में शामिल कर चुका है। मगर सागर मंथन से उत्पन्न विलक्षण गुणों वाली 'कामधेनु' जैसी मुकद्दस गाय के धर्मपरायण देश भारत में हरदम विनम्र स्वभाव की दुधारू गाय पालने से मोहभंग होना तथा गौधन की दुर्दशा का कारण क्या पश्चिमी शिक्षा व तहजीब का प्रभाव है या बदलते सामाजिक मूल्यों का असर, यह मंथन का विषय है। बहरहाल श्रीकृष्ण ने गोपाल बनकर विश्व को गौपालन का संदेश दिया था। अतः सौभाग्य के प्रतीक स्वदेशी गौधन का महत्व समझ कर गौपालन व्यवसाय को उपयोगी बनाकर गौधन को आश्रय देना होगा। 'गोपाष्टमी' के अवसर पर गाय के प्रति श्रद्धा व आस्था की झलक धरातल पर भी दिखनी चाहिए।



आप का नजरीया

# अदालत के समक्ष हिमाचल

अदालत के समक्ष हिमाचल की चिंताओं की व्याख्या और समाधानों का रिश्ता बराबर पनपता है। मसले भविष्य के हों, विकास के हों या पर्यावरणीय कसौटियों एवं कर्मचारी हितों से जुड़े हों, अदालत का सफर सदियों को मापता प्रतीत होता है। अदालत को ग्रामीण परिदृश्य में कचरा प्रबंधन की चिंता है, तो पर्यटन विकास निगम को घाटे से उबारने का रास्ता दिखाना भी आवश्यक लगता है। ठोस कचरा निस्तारण की व्यवस्था में पंचायतों को जिम्मेदार बनाने हेतु माननीय अदालत ने पंचायती राज कानून को नए परिप्रेक्ष्य में सार्थक बनाने के लिए बदलाव करने का सुझाव दिया है। पंद्रहवें वित्तायोग की मदद व निर्देशन में पंचायत स्तर तक स्वच्छता अभियान की व्याख्या में शौचालय व्यवस्था व कचरा प्रबंधन के जो वित्तीय प्रावधान किए गए हैं, उनके ऊपर अमल करने की हिदायतें अब सामने आनी चाहिएं। हिमाचल में ग्रीन ट्रिब्यूनल अगर सख्त न होता, तो कई पर्वतीय स्थल कूड़ेदान में बदल गए होते। रोहतांग दर्रे की सूरत में कचरे का आलम दुरुस्त न करें, तो यह पर्यावरणीय इतिहास का सबसे भयानक जुर्म साबित हो सकता है। कुछ इसी तरह पर्यटक स्थलों में मोटी कमाई के लिए छीले गए पहाड़ों की अगर ग्रीन ट्रिब्यूनल निगरानी न करता, तो अंधाधुंध विकास के घाव अत्यंत पीड़ाजनक हो सकते थे। इसी तरह अवैध खनन के बढ़ते मामलों में अदालती आदेश अगर क्रशरों की वैधता पर प्रश्न न उठाते, तो हिमाचल के सिफर होते पर्यावरणीय सफर की कहानी ज्यादा देर तक नहीं चलेगी। कहना न होगा कि अन्य राज्यों के मुकाबले हिमाचल की कानूनी साक्षरता काफी दक्ष व संवेदनशील है और इसीलिए लोकहित की दरख्वास्तें, प्रशासनिक चूक के मसले, कर्मचारी विसंगतियां तथा प्रभाव के बल पर सरकारों के नीतिहीन फैसलों पर नागरिक अदालतों की भूमिका को सर्वोपरि बना देते हैं। हिमाचल हाईकोर्ट की कानूनी परंपराएं आरंभ से ही सुदृढ़ तथा कानून के दायरों को पुष्ट करती आई हैं, इसलिए कमोबेश हर सरकार ने फैसलों और निर्देशों के आलोक में कानून के पक्ष को अपनी प्रवृत्ति में समाहित किया। इसी परिप्रेक्ष्य में नागरिक समाज प्रदेश की चौकसी में कानून से जब कभी दखल चाहता है, तो लोकतंत्र की परिभाषा में जवाबदेही और निष्पक्षता अलंकृत होती हैं। यह दीगर है कि हाईकोर्ट के दरवाजे केवल शिमला में खुलते हैं और अगर चार दशकों पुरानी मांग के चलते धर्मशाला में उच्च अदालत की सर्किट बैंच या स्वतंत्र खंडपीठ स्थापित हो जाए, तो सरकार की कानूनी परीक्षा निश्चित तौर पर बढ़ जाएगी। अदालत के मौजूदा संदर्भों में घाटे के निगमों में, सफेद हाथी बने पर्यटन निगम की चाल को सुधारने के लिए जो निर्देश आए हैं, वे सहज व बहुप्रतीक्षित हैं। अदालत निगम की करीब सवा पांच करोड़ की लेनदारी पर स्पष्टता के साथ अपने आदेश नत्थी कर रही है। आश्चर्य है कि हिमाचल के विभिन्न विभागों ने पर्यटन विकास निगम की सवा चार करोड़ के लगभग राशि चुकानी है। अब अदालत अपनी कलम और लिखावट से निगम के नेतृत्व को नोटिस लिखना सिखा रही है।

## चतरा कॉलेज चतरा से मतदान कर्मियों एवं पुलिस कर्मी उत्साह पूर्वक मतदान कराने हेतु अपने-अपने मतदान स्थल की ओर रवाना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** स्थानीय चतरा कॉलेज चतरा से सिमरिया विधानसभा क्षेत्र के 24 मतदान केन्द्र एवं चतरा विधानसभा क्षेत्र के 08 मतदान केन्द्र कुल 32 मतदान केन्द्रों के लिए पी - 2 पार्टी को इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम हेतु डिस्पैच किया गया था। वहीं मंगलवार को सिमरिया विधानसभा के लिए 395 एवं चतरा विधानसभा के लिए 467 पी - 1 पोलिंग पार्टियों को मतदान कराने हेतु मतदान केन्द्रों के लिए रवाना किया गया।जिले के सभी मतदाताओं से अपील है कि आपके बूथ पर मतदान कराने हेतु पोलिंग पार्टी को भेजा जा रहा है। आप सभी मतदाता जागरूक होकर अपने मतदान केन्द्र पर जाकर 13 नवंबर को अपना मत का प्रयोग जरूर करें और चतरा जिला को अच्छी पहचान दिलाएं। हर एक मतदाता का वोट लोकतंत्र के लिए महत्वपूर्ण है। अपने मत का प्रयोग करें और लोकतंत्र को मजबुत बनाएं।पोलिंग पार्टी डिस्पैच के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चतरा श्री रमेश घोलप ने पूरे डिस्पैच प्रक्रिया का निरीक्षण किया एवं पार्टियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया।वैसे मतदाता जिनका नाम मतदाता सूचि में है परन्तु उनके पास वोटर कार्ड या मतदाता पर्ची नही हैं वो भी कर सकते हैं।मतदान जिन मतदाताओं का नाम वोटर लिस्ट में है परन्तु वोटर कार्ड या मतदाता पर्ची प्राप्त नहीं हुआ है वैसे मतदाता भी फोटोयुक्त इन दस्तावेजों के साथ मतदान कर सकते है। जैसे पैन कार्ड, आधार कार्ड, ड्राईविंग लाईसेंस, पेंशन दस्तावेज, सेवा पहचान पत्र, मनरेगा जॉब कार्ड, स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, अधिकारिक पहचान पत्र, फोटोयुक्त पासबुक, पासपोर्ट, दिव्यांग यूनिक आईडी, स्मार्ट कार्ड (आरजीआई द्वारा जारी)। साथ ही जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चतरा श्री रमेश घोलप ने लोगों से अपील किया कि आप सभी मतदान करने अवश्य अपने घर से निकल कर बूथ पर जाएं, परिवार के साथ जाएं और मतदान करें। वहीं अपने आस पास जान्ने पहचान्ने वाले लोगों को भी मतदान करने हेतु प्रेरित करें। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम चतरा में बनाए गए वाहन कोषांग का भी निरीक्षण कर कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए।मौके पर पुलिस अधीक्षक विकास कुमार पाण्डेय, कामांडेंट सीआपीएफ 190 बटालियन, उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा, अपर समाहर्ता अरविन्द कुमार, निर्वाची पदाधिकारी सह अनुमण्डल पदाधिकारी सिमरिया सन्नी राज, निर्वाची पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी चतरा जहूर आलम समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी कर्मी उपस्थित थे।

## मोटरसाइकिल के धक्के से एक वृद्धे घायल




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ थाना क्षेत्र के पालही ग्राम में एक अज्ञात मोटरसाइकिल सवार के धक्के से कैला भुइयां 60वर्ष पिता फूलचंद भुइयां ग्राम पालही थाना बालूमाथ निवासी घायल हो गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार कैला भुइयां अपने घर के पास सड़क पार कर रहा था। जहां एक मोटरसाइकिल सवार ने उसे टक्कर मार दिया। और फरार हो गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों के सहयोग से उसे बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर अमरनाथ प्रसाद द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया।

## हैवानियत की हदे पार, पति ने कुछ लोगों के सहयोग से पत्नी का किया हत्या

**सिमरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र के देल्हो चाड़रम जंगल में शव फेंके जाने की खबर पर सिमरिया पुलिस ने एक महिला का शव बरामद किया है। जहां बरामद शव एस एस प्लस टू उच्च विद्यालय सिमरिया के शिक्षिका प्रीति कुमारी का है। मामले की जानकारी परिजनों को दी गई। मामले का उद्भेदन करने के बाद उक्त मामले में मुख्य रूप से तीन व्यक्ति मिल कर हत्या का अंजाम दिया गया था। जिसमें मृतिका प्रीति कुमारी के पति शंकर रजक, और शंकर रजक के भाई रामचंद्र रजक और चालक संतोष कुमार का नाम शामिल है। फिलहाल मृतिका के हत्यारा पति शंकर रजक और भाई रामचंद्र रजक को गिरफ्तार कर लिया गया है। इधर मृतिका के भाई अरुण कुमार रजक, पिता रमेश रजक ,ग्राम छोटका इरगा, पोस्ट दारू,थाना दारू,जिला हजारीबाग ने सिमरिया थाना को लिखित आवेदन देकर हत्या का आरोप सात लोगों पर लगाते हुए कहा है कि मेरी बहन प्रीति का शादी 14 वर्ष पूर्व हिंदू रीति रिवाज के साथ शंकर रजक ,पिता कार्तिक बैठा,ग्राम बोंगा साड़म,थाना पत्थलगड़ा ,जिला चतरा के साथ किया गया था। मेरी बहन एस एस प्लस टू उच्च विद्यालय सिमरिया में शिक्षिका थी। बहुत दिन सिमरिया में हीं अमर सिंह के मकान में किराए का मकान में रह कर विद्यालय पढ़ाने के लिए जाती थी। पिछले सोमवार को समय 3.30 बजे विद्यालय से छुट्टी उपरांत वापस बोंगादाग जा रही थी। इसी बीच रास्ते में एक वाहन से पति शंकर रजक पिता कार्तिक बैठा, कार्तिक बैठा पिता ना मालूम, रामचंद्र रजक पिता कार्तिक बैठा, नंदलाल रजक पिता कार्तिक बैठा, बिनोद रजक पिता कार्तिक बैठा, अनिल रजक और राजेश रजक दोनों पिता रामचंद्र रजक और एक वाहन चालक संतोष कुमार ने मिल कर बहन को पीट पीट कर हत्या कर जंगल में फेंक दिया। जहां सिमरिया पुलिस ने शव को अपने कब्जे कर पोस्टमार्टम के लिए चतरा भेज दिया है। जानकारी के अनुशार मृतिका प्रीति का संबंध किसी और के साथ होने के शक हो गया था। जिस बात को पति को नागवार गुजरा और पत्नी को जान से मारने की ठान लिया । जहां हत्या में अपने सहयोगियों के साथ मिल कर हत्या का अंजाम दिया है। इधर सिमरिया पुलिस ने त्वरित कारवाई करते हुए पति शंकर रजक और देवर रामचंद्र रजक को गिरफ्तार कर लिया है दोनों ने हत्या को स्वीकार कर लिया है। मामले को लेकर सिमरिया पुलिस ने कांड संख्या 187/24 के तहत धारा 103(1)238, 3(5) भारतीय न्याय संहिता के तहत दर्ज कर दोनों हत्यारों को जेल भेज दिया गया है।

## सिमरिया विधानसभा से दो विधायक आमने-सामने काटे की टक्कर

### मतदाता करेंगे आज अपना मतदान तब करेंगे जलपान





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** सिमरिया विधानसभा क्षेत्र से दो पूर्व विधायक का पुत्र का साख दाव पर लगा है। ऐसे में ही आज मतदाता करेंगे अपनी अपनी मतदान तब करेंगे जलपान गिद्धौर प्रखंड से लगभग 32000बतीस हजार मतदाता करेंगे अपना मतदान। आगे बता दें कि विधायक स्व रामचंद्र राम का पुत्र मनोज कुमार चंद्रा तीसरी बार चुनाव हारने के बाद चौथी बार जेएमएम पार्टी से अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। वही पूर्व विधायक स्व उपेंद्रनाथ दास का पुत्र उज्जवल दास एक बार चुनाव हारने के बाद दूसरी बार अपनी किस्मत आजमा रहे हैं।ऐसे में मनोज कुमार चंद्रा तीनों बार चुनाव हारने के बाद भी क्षेत्र में लगातार 5 साल प्रखंड के विभिन्न गांव में ग्रामीणों से मिलते जुलते रहे।जिससे उनकी लोकप्रियता कुछ अच्छा है। मतदाताओं की माने तो गिद्धौर प्रखंड में दोनों के बीच काफी टक्कर देखने को मिल सकता है। मतदाताओं ने बताया कि गिद्धौर प्रखंड के पहरा, द्वारी, बरियातु, मांझगांवां, बारिसाखी व द्वारा पंचायत में महागठबंधन प्रत्याशी मनोज कुमार चंद्र काफी आगे चल रहे हैं।वहीं गिद्धौर पंचायत में कांटे की टक्कर हैं। मतदाताओं के अनुसार बताया गया की सरकार द्वारा चलाए गए महत्वाकांक्षी योजना बिजली बिल माफी योजना, कृषि ऋण माफी योजना,मंइयां सम्मान योजना से महागठबंधन के जेएमएम प्रत्याशी मनोज कुमार चंद्रा को रामबाण साबित हो रहा है।जबकि मंईयां सम्मान योजना से महिलाएं अग्रसर हो रहे हैं।ऐसे में भाजपा पार्टी के प्रत्याशी के साथ-साथ पार्टी कार्यकर्ताओं ने श्री चंद्रा को कड़ी टक्कर देने की फिराक में जुटे है।हलांकि महागठबंधन पार्टी के गिद्धौर प्रखंड प्रभारी की मनमानी से नाराजगी व्यक्त कर रहे है।परंतु मनोज कुमार चंद्रा के नाम से लोग तीर कमान में मत देने की बात कह रहे हैं। अब देखना यह होगा की 23 नवंबर को बजी कौन मारता है।

## अंचलाधिकारी उदल राम आचार संहिता को लेकर सख्त नजर आये, बूथ क्षेत्र से 200 मीटर की दायरे में लगे झंडा पोस्टर को उतारा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पत्थलगड़ा :** आज पहले चरण का मतदान होने जा रही है। चुनावी प्रचार प्रसार मंगलवार शाम से ही चुनाव आयोग द्वारा बैन हो चुकी है जिसे आचार संहिता उलझन को लेकर बूथ क्षेत्र से 200 मीटर पर जगह-जगह as CBB लगे चुनावी पार्टियों का बैनर पोस्टर झंडा को हटाने का भी सख्त निर्देश दिया गया था। लेकिन कई जगहों पर अभी भी बैनर पोस्टर झंडा लगे नजर आए उसे देख पत्थलगड़ा प्रखंड अंचलाधिकारी उदल राम व सेक्टर ऑफिसर सकलदेव राणा ने सभी लगे झंडे को बूथ क्षेत्र से 200 मीटर की दूरी से लगे दायरे से जल्द से जल्द लगे झंडे को उतारने का निर्देश दिए,साथ हीं अधिकारियों को उन्होंने बताया कि सभी बूथों पर प्रोजेडिंग ऑफिसर व पोलिंग एजेंट 5~30 बजे अपना उपस्थिति दर्ज कराएंगे क्योंकि 5:30 से मुखपॉल प्रक्रिया शुरू कर दिया जाता है। और उसके बाद 7:00 बजे से मतदान चालू कर दिया जाएगा।

## कोयला लदा हाइवा पलट जाने से चालक घायल



**सिमरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बीते दिन देर रात्रि को कोयला लदा एक हाइवा अनियंत्रित होकर देलहो घाटी में पलट गई। जिससे चालक घायल हो गया। जानकारी मिलने के बाद अचला अधिकारी गौरव कुमार राय ने घटना स्थल पहुंच कर घायल धर्मेंद्र कुमार साव को एंबुलेंस के माध्यम से रेफरल अस्पताल सिमरिया पहुंचाया ।जहां मौजूद चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया। वहीं बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग रेफर कर कर दिया गया है। घायल चालक धर्मेंद्र कुमार साव चट्टी पेटो थाना केरेडारी जिला हजारीबाग का रहने वाला है।

## मनिका विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस की स्थिति मजबूत सभी वर्गों का मिल रहा समर्थन : रामचंद्र सिंह



**बरवाडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सोमवार को प्रखंड मुख्यालय बरवाडीह के साथ कुटमु जोन में महागठबंधन के प्रत्याशी और वर्तमान विधायक रामचंद्र सिंह के अगुवाई में हजारों महिलाओं व कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस के सिंबल तले दस किलोमीटर पैदल मार्च करते रैली निकालकर कांग्रेस और महागठबंधन की मोहब्बत और प्यार का जौहर दिखाया।इस दौरान विधायक रामचंद्र सिंह ने क्षेत्र की जनता से आशीर्वाद लेते अपने पक्ष में अपना कीमती वोट करने की अपील किया है। मौके पर सादगी भरे अंदाज में विधायक रामचंद्र सिंह ने कहा कि हमने कुछ वर्षों में अपने विधानसभा क्षेत्र में विकास की लकीरें खींची है, जनता जनार्दन है फिर एकबार हमें मौका देती है तो क्षेत्र का चहुंमुखी विकास की योजना बनाकर कार्यकर्ताओं से हमकदम होते मूलभूत सुविधाओं के साथ क्षेत्र की जनता के हर समस्याओं को अपना लक्ष्य बनाकर उनकी हर परेशानियों से रुबरु होने का संकल्प लिए कदम बढ़ाया जाएगा। उन्होंने भाजपा पर चुटकी लेते हुए कहा कि वह उसका नींव नफरत, धर्म और समुदाय के नाम पर टिकी हुई है, उनके पास कोई जन कल्याण के लिए कोई मुद्दा नहीं है। उन्होंने कहा हमारी गठबंधन की सरकार कई लाभकारी योजनाओं के साथ युवतियों महिलाओं के सम्मान में दमखम लगा दी है। उन्होंने कहा कि विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस की स्थिति मजबूत हुई है, हमें सभी वर्गों का प्यार मिल रहा है समर्थन मिल रहा है। उन्होंने मतदाताओं से विनम्र अपील करते हुए कहा कि वे अपना कीमती वोट खराब न करते हुए कांग्रेस के सिंबल को टच कर जीत दिलाएं। मौके पर जिप सदस्य संतोषी कुमारी, राजद प्रदेश महासचिव अजय चंद्रवंशी, कांग्रेस प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रविन्द्र राम, भाकपा माले जिला सचिव बिरजू राम झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अफजल अंसारी समेत हजारों लोग मौजूद रहे।

## मनिका क्षेत्रवासियों का मिल रहा है अपार समर्थन खिलेगा कमल : हर्षवर्धन सिंह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** सोमवार को बरवाडीह में भाजपा मंडल अध्यक्ष हर्षवर्धन के नेतृत्व में रोड शो किया गया।इस दौरान सैंकड़ों कार्यकर्ताओं द्वारा गर्मजोशी के साथ प्रखंड क्षेत्र का भ्रमण करते प्रखंड मुख्यालय में दमखम के साथ पुरी ताकत झोंक दी। मौके पर अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा संगठन पुरी मजबूती से मैदान में है।उन्होंने बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए कहा है कि सभी बूथ अध्यक्ष अपने अपने बूथों पर मजबूती से काम करें और प्रत्येक बूथों पर बढ़त बनाने का प्रयास करें बूथ जीतेंगे सीट जीतेंगे। मौके पर ईश्वरी सिंह, कन्हाई सिंह,अमर प्रसाद, दीपक तिवारी, नन्दलाल प्रसाद, सुनील कुमार सिंह, अशोक प्रसाद, बंटी ठाकुर समेत एनडीए गठबंधन के काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सिमरिया विधान सभा के जनता से यही है मेरा वायदा विकास करने का है इरादा : मनोज चंद्रा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** अनुमंडल मुख्यालय के सिमरिया चौक पर महागठबंधन के प्रत्याशी मनोज चंद्रा ने चौक पर स्थित बगरा रोड, टंडवा रोड, हजारीबाग रोड और चतरा रोड दुकानदारों से घूम घूम एक बार अपना कीमती वोट देने की अपील किया है। और कहा है कि सिमरिया विधान सभा क्षेत्र के तमाम मतदाता मुझे एक बार अपना कीमती वोट देकर विजयी बनावे हम आपके ऋणी रहेंगे। साथ हीं सिमरिया विधान सभा के सभी प्रखंडों में विकास करने का है मेरा इरादा यही है मेरा वायदा। आज चुनाव का आखिरी दिन है। सभी से हाथ जोड़ कर एकबार पुनः आग्रह कर रहें हैं कि ज्यादा से ज्यादा बहुमूल्य अपना मत देकर मुझे अपना आशीर्वाद दें इसके लिए मैं आपके साथ हमेशा तत्पर रहूंगा। इसी दौरान सिमरिया चौक स्थित हनुमान मंदिर मत्था टेक लिया आशीर्वाद। आपका मनोज चंद्रा कल भी था और आज भी है और आने वाला कल भी आपके साथ कंधे से कंधे मिला कर खड़ा रहेगा। अंतिम आग्रह में शामिल सैकड़ों युवा, वृद्ध और महिला, पुरुष शामिल थे।

## बरवाडीह की सामाजिक समरसता कायम रखना हमारी प्राथमिकता रही है : रामचंद्र सिंह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** मनिका विधानसभा क्षेत्र के सम्मानित विधायक सह महागठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी रामचंद्र सिंह एक अच्छे व्यक्तित्व की पहचान रखने वाले तीन बार के विधानसभा के सदस्यता लेने के बाद अबतक विपक्षी दलों के संबंधित लोगों से व्यक्तिगत संबंध मधुर बनाए रखे हैं। ऐसे में आज उनके भाग्य की आजमाइश ईवीएम के सोफ्टवेयर में कैद होने जा रही है।अब देखना है कि मतदाता की उंगली किस नम्बर को डायल करती है।इसी सिलसिले में मंगलवार को विधायक रामचंद्र सिंह से वार्ता के दौरान उन्होंने कहा कि हमारी गठबंधन की सरकार ने कुछ ही समय में कई लाभकारी व जनकल्याणकारी योजनाओं से शुरुआत की है जो आगे भी उक्त योजनाओं का लाभ जन जन तक पहुंचता रहेगा जब हमारी गठबंधन सरकार चुनाव 2024 का सफर तय करती है।आगे उन्होंने जनता के भरोसे अपनी जीत की पक्की उम्मीद लगा रखी है। उन्होंने कहा कि विकास का पैमाना सिर्फ सड़क पुल पुलिया ही नहीं है बल्कि सुदूरवर्ती इलाकों में मूलभूत सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए बरवाडीह व अन्य प्रखंडों में आपसी सौहार्द, समाजिक समरसता को बरकरार रखने की जवाबदेही को बखुबी निभाया है। आगे उन्होंने मतदाताओं को जागरूक करते हुए कहा खासकर सरना धर्मावलंबियों से अपनी संस्कृति जल जंगल जमीन की रक्षा करने और संविधान के आस्तित्व को बचाने के लिए महागठबंधन व हेमंत सोरेन की सरकार को फिर एकबार कायम करने और रखने की जवाबदारी दे रहा हुं। वार्ता के दौरान कहा कि विपक्षी दल भाजपा पर कभी प्रहार नहीं किया पर भाजपा के पिछले दस वर्षों मनिका विधानसभा क्षेत्र में विकास के नाम पर सिर्फ और सिर्फ लूट खसोट हुआ है उनके पास जाति, धर्म और नफ़रत के अलावा कोई उपलब्धि नहीं है। उन्होंने कहा कि राज्य में फिर एकबार महागठबंधन की सरकार आप रही है।

## मतदान पदाधिकारियों व कर्मियों को आवश्यक सामग्रियों के साथ मतदान केंद्रों पर किया गया रवाना





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** विधासभा आम निर्वाचन के प्रथम चरण के तहत लातेहार जिला अंतर्गत लातेहार विधानसभा एवं मनिका विधानसभा क्षेत्र में 13 नवंबर को होने वाले चुनाव के मद्देनजर भारत माता भवन के प्रांगण में बनाए गए डिस्पैच सेंटर से मतदान पदाधिकारियों व मतदान दल के कर्मियों को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने मनोबल एवं उत्साहवर्धन कर शुभकामनाओं के साथ मतदान केन्द्रों हेतु रवाना किया गया।इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने मतदान कर्मियों को उपलब्ध कराई जा रही सामग्रियों व अन्य कार्यों का जायजा लिया। उपायुक्त ने मतदान कर्मियों को संबंधित पोलिंग पार्टी एवं पुलिस के जवानों के साथ समन्वय स्थापित कर मतदान कार्यों का सफल संचालन सुनिश्चित करने की बात कही। साथ ही उन्होंने बताया कि सभी मतदान कर्मियों की सुरक्षा व्यवस्था के साथ कलस्टरों में भोजन, पानी, शौचालय, निर्बाध बिजली की व्यवस्था एवं कलस्टरों में चिकित्सीय दल की भी प्रतिनियुक्ति की गई है। उपायुक्त ने सभी को शांतिपूर्ण एवं कदाचार मुक्त तरीके से मतदान संपन्न कराने हेतु मतदान कर्मियों को कई आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिए।13 नवंबर 2024 को मतदान कार्य सफलतापूर्वक संपन्न कराने को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता, पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव द्वारा सभी मतदान पदाधिकारियों एवं पुलिसकर्मियों को शुभकामनाएं दी गई।

## सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत

**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला मुख्यालय के धर्मपुर बाईपास मोड़ के पास मंगलवार के शाम चार बजे सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान लातेहार सदर थाना क्षेत्र के पोचरा ग्राम निवासी कमलेश्वर सिंह 30 वर्ष के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक अपने गांव से मंगल बाजार घूमने के लिए आया हुआ था और किसी काम से लातेहार बाईपास की ओर जा रहा था कि इसी बीच विपरीत दिशा से आ रही एक ट्रक ने धक्का मार दिया जिससे युवा गंभीर रूप से घायल हो गया और राजगीरों की मदद से इलाज के लिए लातेहार सदर अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद उसके मृत घोषित कर दिया। इसकी जानकारी परिजनों को लगी तो परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया है।

## दो मोटरसाइकिल सवार में टक्कर, दो घायल

**बालूमाथ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बालूमाथ-लातेहार मुख्य पथ पर बालूमाथ थाना क्षेत्र के बालू ग्राम के पास दो मोटरसाइकिल सवार में आमने-सामने टक्कर हो गयी। जिसमें दो लोग गम्भीर रूप घायल हो गये।घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार रंजीत उराँव 18 वर्ष पिता सुधीर उराँव ग्राम पालही थाना बालूमाथ निवासी बालूमाथ से अपने घर पालही जा रहा था। वहीं दूसरे मोटरसाइकिल सवार रंजीत भुइयां 20वर्ष पिता जगदीश भुइयां ग्राम डुमराटांड थाना हेरहंज निवासी जो लातेहार से अपने घर जा रहा था।इसी दौरान बालू डैम के समीप दोनों के मोटरसाइकिल में टक्कर हो गई । जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए।घटना के बाद स्थानीय लोगों के सहयोग से दोनों घायलों को बालूमाथ में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर अमरनाथ प्रसाद के द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया। वहीं दोनों की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज हेतु रांची रिम्स रेफर किया गया।

# बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के लिए मतदान आज, तैयारी पूरी

## 456 बूथों पर मतदान कर्मी ईवीएम के साथ अपने-अपने बूथों पर पहुंचे



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए प्रथम चरण में बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र का चुनाव आज 13 नवंबर को प्रातः 7 बजे से शाम के 5 बजे तक मतदाता मताधिकार का प्रयोग करेंगे। 26 प्रत्याशी मैदान में डटे हुए हैं। जिसमें बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के चुनाव के लिए चार प्रखंड बड़कागांव, केरेडारी, टंडवा और पतरातु में कुल 456 बूथ बनाए गए हैं। जिसमें से बड़कागांव प्रखंड में 127 बूथ, केरेडारी और टंडवा प्रखंड में 108 बूथ एवं पतरातु प्रखंड में 221 बूथ बनाए गए हैं। बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के कुल 386072 मतदाताओं के द्वारा बड़कागांव के प्रत्यासियों का भाग्य का फैसला किया जाएगा। विधानसभा क्षेत्र में 197399 पुरुष मतदाता एवं 188662 महिला मतदाता हैं। बड़कागांव प्रखंड में कुल मतदाताओं की संख्या 110939 है, जिसमें से 56525 पुरुष मतदाता एवं 54414 महिला मतदाता हैं। केरेडारी प्रखंड में कुल मतदाताओं की संख्या 87785 है, जिसमें से 45381 पुरुष मतदाता एवं 42404 महिला मतदाता हैं। पतरातु प्रखंड में पतरातु प्रखंड में कुल मतदाताओं की संख्या 187348 है, जिसमें से 95493 पुरुष मतदाता एवं 91844 महिला मतदाता हैं। सुदूर ग्रामीण क्षेत्र अंबा टोला नव प्राथमिक विद्यालय में कई बूथों के कर्मियों को ठहराव किया गया है। सभी को अहले सुबह अपने निकटतम बुथों में भेजा जाएगा।बड़कागांव जोनल मजिस्ट्रेट बीडीओ जितेंद्र कुमार मंडल ने बताया कि मतदान को लेकर प्रशाशन के द्वारा तैयारी पूरी कर ली गई हैं। सभी मतदान कर्मी को अपने-अपने बूथों में ईवीएम मशीन के साथ शिफ्ट करा दिया गया है। सभी बूथ में पेयजल, बिजली, शौचालय को पूर्ण रूप से तंदुरुस्त किया गया है। वही चुनाव को शांतिपूर्वक निष्पक्ष रूप से संपन्न कराने के लिए सभी बुथों में भारी संख्या में पुलिस बल तैयार किए गए हैं।

# मार पीट और जान मारने का प्रयास को लेकर बड़कागांव थाने में दिया आवेदन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** प्रखंड अंतर्गत चेपा खुर्द निवासी आशीष कुमार साव पिता द्वारिका साव ने साजिश रचकर गाड़ी के ऊपर पत्थरबाजी करने, गाड़ी रोक कर गाली गलौज मर पीट करने, धारदार हथियार और पिस्टल सटाकर जान मारने का प्रयास का आरोप लगाते हुए बड़कागांव में थाने में आवेदन दे कर मामला दर्ज कराया है। दिए आवेदन में बताया है कि 11 नवंबर दिन सोमवार को शाम लगभग 9 बजे अंकित राज पिता योगेंद्र साव के साथ बड़कागांव से गोंदलपूरा से बड़कागांव आ रहे थे उसी क्रम में बाबू पारा बादम नदी के सामने सुनसान जगह पर 12 से 15 लोग अचानक पथराव किया तथा गाड़ी को रोक दिया और हम दोनों को गाड़ी से खींचकर उतारकर भद्दी भद्दी गाली गलौज एवं मार पीट करने लगे तथा हमलोगों के शरीर में धारदार हथियार व पिस्टल सटाकर जान से मारने की कोशिश करने लगे। हमलोगों के आवाज को सुनकर ग्रामीणों को आता देख वे अपना हथियार छिपा



लिए, ग्रामीणों के सहयोग से हमलोगों की जान बच पाई। तत्पश्चात ग्रामीणों ने बताया कि उपेंद्र महतो पिता गुडन महतो, संतोष महतो, जग्गी कुमार, रवि महतो, बाजू महतो एवं अन्य 12 से 15 लोगों को ग्रामीणों ने पहचाना इसमें हम दोनों को गंभीर चोट आई एवं गाड़ी भी क्षतिग्रस्त हो गया। मामले को लेकर बड़कागांव थाना कांड संख्या 279/24 भारतीय न्याय संहिता 61(2), 126(2), 115(2), 189(2), 190, 352, 351(2), के तहत मामला दर्ज किया गया है। मामले को लेकर थाना प्रभारी कुंदन कांत विमल ने कहा के अनुसंधान जारी है।

## बैंक मोड़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स में कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी से आत्मीय मुलाकात, धनबाद के विकास की समस्याओं पर हुई चर्चा

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** झारखंड कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अधीर रंजन चौधरी से मंगलवार को बैंक मोड़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स के सभागार में जिला चेम्बर के विभिन्न इकाइयों के पदाधिकारियों ने आत्मीयता और गर्मजोशी के साथ मुलाकात की। इस अवसर पर कांग्रेस प्रत्याशी अजय कुमार दुबे भी उपस्थित रहे। अधीर रंजन चौधरी ने भी चेम्बर के सभी पदाधिकारियों का हृदय से स्वागत और आभार व्यक्त किया और अपने विचारों से उपस्थित सभी का दिल जीत लिया। इस चर्चा के दौरान, चेम्बर के पदाधिकारियों ने श्री चौधरी को धनबाद की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि धनबाद, जो कभी अपने कोयला उद्योग और आर्थिक योगदान के लिए प्रमुखता रखता था, आज विकास की दृष्टि से पिछड़ गया है। इस शहर में एयरपोर्ट और पर्याप्त ट्रेन सुविधाओं का अभाव है, जो व्यापार और पर्यटन को बाधित करता है। श्री चौधरी ने कहा मैं यहां वोट मांगने नहीं आया हूँ, बल्कि आपके विकास के लिए आपका समर्थन और विश्वास चाहता हूँ। चाहे मेरा प्रत्याशी जीते या हारे, मैं आपके मुद्दों को प्रधानमंत्री और सम्बंधित मंत्रियों के सामने लेकर जाऊंगा। धनबाद जैसे प्रमुख शहर की समस्याओं का समाधान मेरी प्राथमिकता में रहेगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि वे हर संभव प्रयास करेंगे ताकि धनबाद की समस्याओं का समाधान हो सके।

# विधानसभा चुनाव को लेकर बरही में निषेधज्ञा लागू

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** विधानसभा चुनाव को लेकर कल सुबह 7 बजे से शाम के 5 बजे तक मतदान किया जाना है। इस मतदान के क्रम में अभ्यर्थियों और उनके सहयोगियों तथा असामाजिक तत्वों द्वारा बूथों पर बलपूर्वक कब्जा करने एवं बोगस मतदान कराने की चेष्टा की जा सकती है। इससे विधि - व्यवस्था की गंभीर समस्या उत्पन्न हो सकती है। इसपर बरही अनुमंडल निर्वाचन पदाधिकारी जोहन टुडू ने धारा 163 का प्रयोग करते हुए बरही विधानसभा अंतर्गत विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में निम्नांकित निषेधज्ञा जारी की गई है। 1. पांच या पांच से अधिक व्यक्तियों




को उक्त क्षेत्र के मतदान केंद्र भवनों के 200 मीटर की परिधि में जमा होना या चलना (मतदान केंद्र परिसर एवं सरकारी/ मैदान कार्य में लगे पदाधिकारियों/ पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों को छोड़कर 2. सभी प्रकार के चुनाव संबंधी राजनैतिक सभा, जुलूस/रैली आदि प्रचार प्रसार में प्रतिबंध रहेगा। 3. मतदान समाप्ति के 48 घंटे पहले से मतदान कार्य के शांतिपूर्ण समाप्ति तक किसी भी प्रकार के शराब की बिक्री या सेवन पूर्ण रूपेण प्रतिबंधित करते हुए ड्राई डे घोषित किया गया है। 4. जारी निषेधज्ञा अवधि में मतदान के 48 घंटे ध्वनि विस्तारक यंत्र का व्यवहार पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। 5. मतदान के 48 घंटे से पहले से मतदान केंद्र के 200 मीटर की परिधि में किसी भी राजनीतिक पार्टी का झंडा, बैनर एवं पोस्टर नहीं लगेगा। 6. बिना किसी अनुमति के सार्वजनिक बैठक, धरना प्रदर्शन एवं सभा आयोजित करने ध्वनि विस्तारक यंत्र आदि का व्यवहार नहीं कर सकते है। ( यह धार्मिक स्थलों पर लागू नहीं है।) 9. किसी भी प्रकार के हथियार जैसे लाठी, डंडा एवं तीर - धनुष आदि लेकर रोड पर निकलना चलाना ( सरकारी कार्य में लगे पदाधिकारियों / कर्मचारियों को छोड़कर) शामिल है।

## विधानसभा चुनाव 2024, मास्टर ट्रेनर सहित कई ने किया पोस्टल बैलट से मतदान



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा के निर्देशानुसार विधानसभा चुनाव के द्वितीय चरण, 20 नवंबर 2024, के लिए मतदान कार्य में लगे पदाधिकारियों, मतदानकर्मियों, पुलिस के जवान, सुरक्षा बलों के लिए मंगलवार, 12 नवंबर से 17 नवंबर तक, पोस्टल बैलट से मतदान करने की सुविधा प्रारंभ हुई। पोस्टल बैलट से मतदान करने की सुविधा विभिन्न फैसिलिटेशन सेंटर में की गई है। मंगलवार को श्री श्री लक्ष्मी नारायण ट्रस्ट महिला महाविद्यालय में बने फैसिलिटेशन सेंटर में मास्टर ट्रेनर दिलीप कुमार कर्ण, राज कुमार सिंह सहित चुनाव कार्य में प्रतिनियुक्त कई कर्मियों ने पोस्टल बैलट से अपने मताधिकार का प्रयोग किया। वहीं समाहरणालय के फैसिलिटेशन सेंटर में आईटी मैनेजर रुपेश मिश्रा, डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर सुशांत कुमार, बिजनेस एनालिस्ट आनंद कुमार पटेल, एसएमपीओ विनीता कुमारी सहित अन्य ने पोस्टल बैलट से मतदान किया। पोस्टल बैलट कोषांग के नोडल पदाधिकारी सह सहायक नगर आयुक्त प्रसून कौशिक ने बताया कि पोस्टल बैलट से मतदान करने का समय पूर्वाह्न 09.00 बजे से अपराह्न 05 बजे तक निर्धारित है।इसके लिए उपायुक्त के निर्देशानुसार 12 नवंबर से 17 नवंबर तक समाहरणालय के फर्स्ट फ्लोर, पीके रॉय मेमोरियल कॉलेज, श्री श्री लक्ष्मी नारायण ट्रस्ट महिला महाविद्यालय, गुरु नानक कॉलेज भुदा, पुलिस लाइन, गोविंदपुर जैप 3, रेलवे पुलिस लाइन तथा सिविल सर्जन कार्यालय में फैसिलिटेशन सेंटर बनाए गए हैं। जहां 12 से 17 नवंबर तक संबंधित पदाधिकारी या कर्मचारी अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे।वहीं चुनाव कार्य में लगे चालक, उपचालक एवं परिवहन कोषांग के कर्मियों के लिए 16, 17 एवं 18 नवंबर को गोल्फ ग्राउंड में फैसिलिटेशन सेंटर बनाया जाएगा। जबकि छुटे हुए चुनाव कार्य में लगे कर्मियों के लिए 19 नवंबर को धनबाद पॉलिटेक्निक, कृषि बाजार एवं निरसा पॉलिटेक्निक में फैसिलिटेशन सेंटर मौजूद रहेगा।

# विधानसभा चुनाव को लेकर विष्णुगढ़ पुलिस : प्रशासन चौकस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** झारखण्ड प्रदेश में विधानसभा चुनाव के मद्देनजर विष्णुगढ़ पुलिस प्रशासन काफी चौकस है। विष्णुगढ़ प्रखण्ड में विष्णुगढ़ - बगोदर मार्ग एन0एच-522 पर अलपिटो में तथा गोमियाँ मार्ग अड़जरी में चेकपोस्ट लगाकर पूरी मुस्तैदी से जुटी है। जानकारी के अनुसार आज तीन-तीन शिफ्ट में सुबह 06 बजे पूर्वाह्न से 02 बजे अपराह्न तक एस0आई परमानंद पाल,02 बजे अपराह्न से 10 बजे रात्रि तक



ए0एस0आई रंजीत तिग्गा,10 बजे रात्रि से सुबह 06 बजे पूर्वाह्न तक पीटर बाकला पूरी मुस्तैदी से जुटे रहेंगे,आने वाली वाहनों सघनता से जाँचने के पश्चात उन्हें छोड़ा गया। इसी तरह अदला-बदली कर आचार संहिता लगने के बाद विष्णुगढ़ पुलिस-प्रशासन चुनाव में धांधली एवं अवांछित तत्वों पर अब तक लगाम लगाने में सक्षम रही है।आचार संहिता के नियमो की अवहेलना ना हो इसके तहत सारे कार्य कैमरे की निगरानी में किये जा रहे है।

# कल्पना मुर्मू सोरेन पहुंची झरिया, उमड़ा जनसैलाब

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**झरिया :** त्रिलोकनाथ मध्य विद्यालय मोहलबनी भौंरा मैदान में महागठबंधन समर्थित कांग्रेस प्रत्याशी पूर्णिमा नीरज सिंह के पक्ष में मतदान की अपील करने जनसभा में गांडेय विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन झरिया पहुंची। झरिया वासियों ने श्रीमती सोरेन का भव्य स्वागत किया।कल्पना सोरेन ने कहा की झरिया को बेचकर खाने वाले इक्कठे हो गए हैं और ये सब झरिया को बेचकर खा जाना चाहते हैं और इनके रास्ते में झरिया को बचाने वाला कोई आता है तो उनकी हत्या कर देते हैं। मैंने जब सुना कि पूर्णिमा के पति को इन लोगों ने छलनी कर दिया तो मैं अचंभित हो गई। इसलिए झरिया वासियों की जिम्मेवारी है कि झरिया को बचाना है। श्रीमती सोरेन ने कहा अभी झारखंड को भाजपा के बड़े-बड़े नेताओं ने पर्यटन केंद्र बना दिया है। सब के सब अभी टूर पर निकले हैं। चुनाव खत्म होते ही कोई लौटकर झरिया नहीं आनेवाला है। उन्होने कहा की भाजपा गरीब जनता का हक मारने वाली पार्टी है जिसने झारखंड के आम जनता का हजारों करोड़ रूपया रोक कर रखा है। झरिया को बचाने के लिए झारखंड को बनाने के लिए आप सब को एकत्र होकर कांग्रेस को जिताना है।वही झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह ने विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि झरिया आग की गोद में बसा है। इसका ख्याल केंद्र के किसी नेता को नहीं है कि यहां के लोगों को कैसे सुरक्षित रखा जाय इसकी कोई योजना नहीं है। केंद्रीय गृहमंत्री भी झरिया आकर झरिया के लोगों की सुविधा देने के सिवाय दुनिया भर की बातें करते हैं। उन्होने कहा की आज हमारी इंडिया गठबंधन की सरकार ने हर घर तक सरकारी योजना को पहुंचाया है और इससे सीधे आम जनता को लाभ पहुंची है और आनेवाले समय में यह संख्या कई गुणा बढ़नेवाली है।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कुम्हार टोली में इस्कॉन मंदिर की ओर से विविध कार्यक्रमों का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर,कुम्हार टोली, हजारीबाग में बालिकाओं के व्यक्तित्व विकास हेतु बालिका शिक्षा के अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें इस्कॉन मंदिर के प्रभुजी श्याम बृज विलास तथा उनके सहयोगियों का आगमन हुआ एवं उनके द्वारा धार्मिक मार्गदर्शन किया गया। बच्चों को श्री कृष्ण जी के जीवन संबंधी, चारो युगों से संबंधित तथा भागवत गीता से संबंधित ज्ञान दिए गए । कार्यक्रम में बच्चों ने कीर्तन किया एवं दीप जलाए द्य मौके पर विद्यालय के प्रभारी राजीव रंजन, विद्यालय के आचार्य बंधु - भगिनी एवं कार्यालय प्रमुख कुमार प्रवीण मौजूद थे द्य कार्यक्रम के आयोजन में बालिका शिक्षा विभाग प्रमुख श्रीमती पूनम दीदी तथा बालिका शिक्षा विद्यालय प्रमुख मनिका जी का योगदान रहा।

# बरही में विधानसभा चुनाव के लिए प्रशासनिक तैयारी पूरी, निर्भीक होकर करें मतदान : अजित कुमार विमल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 के मद्देनज़र बरही अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अजीत कुमार विमल ने बरही अनुमंडल क्षेत्र के मतदाताओं से कल 13 नवंबर को मतदान में भाग लेकर लोकतंत्र के इस महापर्व को सफल बनाने की अपील की है। एसडीपीओ अजीत कुमार विमल ने कहा कि प्रशासन द्वारा निष्पक्ष और सुरक्षित चुनाव सुनिश्चित करने के लिए व्यापक तैयारी कर ली गई है और मतदाता निर्भीक होकर घरों से निकलें और अपने मतदान के अधिकार का प्रयोग करें। उन्होंने बरही के आम नागरिकों को आश्वस्त किया है कि सुरक्षा व्यवस्था प्रशासन की पूरी जिम्मेदारी है और मतदाताओं को किसी भी प्रकार का डर महसूस नहीं करना चाहिए। बरही क्षेत्र में निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं।



एसडीपीओ अजीत कुमार विमल ने बताया कि हर मतदान केंद्र पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया है ताकि कोई अप्रिय घटना न घटे और मतदाता बिना किसी दबाव के अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें। उन्होंने कहा कि प्रशासन द्वारा सुरक्षा व्यवस्था का हर पहलू ध्यान में रखा गया है और सभी महत्वपूर्ण स्थानों पर सुरक्षा बल की गश्त जारी रहेगी। इसके अतिरिक्त बरही अनुमंडल क्षेत्र में विभिन्न मतदान केंद्रों पर विशेष सतर्कता बरती जा रही है। प्रशासन ने शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव के लिए पूरे क्षेत्र में सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन सुनिश्चित किया है। एसडीपीओ विमल ने मतदाताओं को यह भी सलाह दी कि वे चुनाव प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी की जानकारी तत्काल पुलिस प्रशासन को दें ताकि समय रहते उचित कार्रवाई की जा सके। एसडीपीओ अजीत कुमार विमल ने मतदाताओं से आग्रह किया कि लोकतंत्र के इस महापर्व को एक उत्सव के रूप में मनाएं। पहले मतदान करें, फिर जलपान करें। हर मतदाता का मत अनमोल है और आपके द्वारा दिए गए हर वोट से लोकतंत्र और अधिक मजबूत होगा। उन्होंने कहा कि चुनाव लोकतंत्र का आधार है और इसमें हिस्सा लेना हर नागरिक का कर्तव्य और अधिकार है।

# टाटीझरिया पुलिस प्रशासन ने किया बूथ का निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टाटीझरिया :** बरकट्ठा विधान सभा क्षेत्र के खैरा झरपो भराजो तीनों पंचायत के मतदान केंद्र बूथ स्थलो का निरीक्षण शांति पूर्ण तरीके से चुनाव को संपन्न करवाने को लेकर टाटीझरिया थाना प्रभारी सरोज सिंह चौधरी ने अपने दल बल के साथ निरीक्षण किया और सभी मतदाताओं से आग्रह किया कि क्षेत्र के सभी मतदाता निर्भीक होकर बूथ स्थल में जाकर अपना मतदान करे। यदि किसी प्रकार से कोई भी राजनैतिक दल के कार्यकर्ता जबरन पार्टी विशेष पर मतदान करने को लेकर उकसाए अथवा परेशान करे तो प्रशासन को अविलंब सूचित करे ताकि वैसे मनचलों पर आचार संहिता को उल्लंघन करने के आरोप में प्रशासनिक नियमावली के अनुसार कार्यवाही की जा सके। क्षेत्र के सभी मतदाता निर्भीक स्वतंत्र स्वेक्षा पूर्वक अपना मतदान करें प्रशासन हर संभव आपकी सहायता के लिए हरेक बूथ में मौजूद है।

# गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में पसीना बहा रहे विभावि के खिलाड़ी

◆इस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी वॉलीबॉल प्रतियोगिता के लिए अभ्यास मैच जारी

◆बेस्ट टीम के लिए चयनित होंगे प्लेयर, आवासीय कोचिंग कैंप में सात टीमों से जुटे हैं 21 खिलाड़ी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय मुकुंदगंज, हजारीबाग में पिछले तीन दिनों से विनोबाभावे विश्वविद्यालय हजारीबाग के विभिन्न कॉलेजों के वॉलीबॉल खिलाड़ी पसीना बहा रहे हैं। कोई सर्विस मजबूत कर रहे हैं, तो कोई नेट पर अपना हुनर दिखा रहे हैं। मिडिल से डिफेंस और अटैक के लिए भी खिलाड़ी अपना हाथ साफ कर रहे हैं। यह अभ्यास 10 नवंबर से शुरू है और 17 नवंबर तक चलेगा। इस सप्ताहभर के अभ्यास में सर्वश्रेष्ठ 12 खिलाड़ी तराशकर निकाले जाएंगे, जो इस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी वॉलीबॉल टूर्नामेंट में भाग लेंगे। यहां अभ्यास कर रही सात टीमों में विनोबा भावे विश्वविद्यालय पीजी विभाग, संत कोलंबा कॉलेज, अन्नदा कॉलेज, गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय मुकुंदगंज, हजारीबाग, गिरिडीह कॉलेज गिरिडीह, रामगढ़ कॉलेज रामगढ़ और जुबिली कॉलेज भुरकुंडा के 21 खिलाड़ी वॉलीबॉल का आवासीय प्रशिक्षण लेते हुए अभ्यास कर रहे हैं। कैंप इंचार्ज गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय मुकुंगंज, हजारीबाग के सहायक प्राध्यापक एस.एस.मैती और कोच विभावि के सिंटू कुमार वर्मा ने बताया कि कोचिंग कैंप में खिलाड़ियों की बेहतर आवासीय व्यवस्था है। खिलाड़ी अपना सर्वश्रेष्ठ परफोर्मेंस देने की कोशिश में जुटे हैं। निश्चित रूप से इस्ट जोन इंटर विवि वॉलीबॉल टूर्नामेंट में विनोबाभावे विश्वविद्यालय के खिलाड़ी खिताब जीत कर लौटेंगे।



# जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने विनोबा भावे विश्वविद्यालय के डिस्पैच सेंटर का किया निरीक्षण

◆3 विधानसभा में चुनाव कराने, पोलिंग पार्टियां ईवीएम-मतदान सामग्री लेकर हो रहे है रवाना

◆उपायुक्त ने पोलिंग पार्टियों से मिलकर उनका हौसला बढ़ाया,दी शुभकामनाएं

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** जिला के 3 विधानसभा (20 बरकट्ठा, 21 बरही,25 हजारीबाग) क्षेत्रों में 13 नवंबर को मतदान होना है। इसको लेकर पोलिंग पार्टियां आज विनोबा भावे विश्वविद्यालय से रवाना हो रही है।रवानगी की तैयारियां व डिस्पैच प्रक्रियाओं का जायजा लेने जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती नैंसी सहाय पहुंची। निरीक्षण के क्रम में 3 विधानसभा के मतदान केंद्रों पर पोलिंग पार्टी को रवाना करने के लिए रूट मैप, ईवीएम और तैयार मतदान सामग्री के वितरण की जांच की। वहीं नियुक्ति पत्र वितरण काउंटर, हेल्प डेस्क, मटेरियल डिस्पैच सेंटर, विधानसभा वार कार्मिक कोषांग, पोलिंग पार्टी डिस्पैच सेंटर, कार्मिक रिजर्व, पोलिंग पार्टी के बैठने की व्यवस्था आदि तथा वाहन पड़ाव का भी अवलोकन किया। डिस्पैच सेंटर में ईवीएम और मतदान सामग्री को बूथवार रखा गया है, ताकि पोलिंग पार्टियों को सामग्री देने में किसी तरह की परेशानी न हो । जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने डिस्पैच कार्य हेतु प्रतिनियुक्त कर्मियों को लेकर निर्देश दिया कि मतदान कर्मियों के बीच सुलभ तरीके से नियुक्ति पत्र वितरण, मतदान सामग्रियों तथा ई0वी0एम0 मशीन उपलब्ध कराएं। मतदान कर्मियों को सभी प्रकार के सामाग्री वितरण के लिए काउंटर बनाये गये हैं।



**उपायुक्त ने मतदान कर्मियों से मिलकर उनका हौसला बढ़ाया**

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि शांतिपूर्ण तथा सौहार्दपूर्ण माहौल में चुनाव संपन्न कराने की जिले की स्वस्थ परंपरा रही है। विधानसभा चुनाव को शांतिपूर्ण, भयमुक्त और निष्पक्ष तरीके से संपन्न करवाने के लिए जिला प्रशासन प्रतिबद्ध है। मतदान प्रक्रिया में नियुक्त सभी कार्मिक निष्पक्ष, निष्ठापूर्वक, प्रतिबद्धता और कर्तव्य परायणता तथा आपसी सामंजस्य के साथ चुनाव संपन्न कराएं भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदान केन्द्रां पर वेबकास्टिंग और सीसीटीवी से निगरानी रखी जाएगी । उन्होने जिले के तीन विधानसभा क्षेत्रों के मतदाताओं से 13 नवम्बर को शत प्रतिशत मतदान की अपील की है।

## श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश उत्सव को लेकर दसवें दिन निकाली गई प्रभात फेरी



**रामगढ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिख धर्म के प्रवर्तक और सिखों के प्रथम गुरु श्री गुरु नानक देव के प्रकाशोत्सव पर दसवें दिन भी प्रभात फेरी निकाली गई। प्रभातफेरी में बच्चे भी प्रभात फेरी में बढ़ चढ़ कर भाग ले रहे हैं। निसान साहब की अगवाई गुरजोत सिंह सैनी कर रहे थे। ÷कहो नानक सभ तेरी वडयाई, कोई नाव न जाने तेरा, राजन के राजा महाराजन के राजा÷ जैसे शब्दों से माहौल भक्तिमय हो रहा था। संगत की अगुवाई करते हुए आगे चल रहे थे। प्रभातफेरी गुरुद्वारा साहिब से निकलकर सुभाष चौक से होकर बिजोलिया सरदार इंद्रजीत सिंह कोहली के आवास पहुंची। यहां कोहली परिवार ने साध संगत का स्वागत किया। किया। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से सरदार रंजीत सिंह छाबड़ा ने इंद्रजीत सिंह कोहली को सरोपा देकर सम्मानित किया।प्रभातफेरी में रामगढ़ गुरुद्वारा के प्रधान परमदीप सिंह कालरा मीत प्रधान अमरजीत सिंह सैनी, मीत प्रधान हैप्पी छाबड़ा,विंकल कालरा जोगिंदर सिंह जग्गी प्रीतम सिंह कालरा रघुवीर सिंह, जसविंदर सिंह सलूजा,रविंदर सिंह छाबड़ा बिट्टी त्रिलोचन सिंह जैसल कुलजीत सिंह कालरा इंद्रजीत सिंह होरा रमन सिंह कोहली कशिश छाबडा शरद चमन अंकित कालरा प्रसिद्ध सबद गायक सुरजीत सिंह छाबड़ा पुष्पेंद्र सिंह छाबड़ा गुरदीप सिंह आदि

# 22- बड़कागांव विधानसभा निर्वाचन के मद्देनजर सेक्टर दंडाधिकारी व मतदान पदाधिकारी डिस्पैच सेंटर रामगढ़ कॉलेज रामगढ़ से हुये रवाना





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** विधानसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर 22- बड़कागांव विधानसभा निर्वाचन में चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण रूप से संपन्न कराने के उद्देश्य से सेक्टर दंडाधिकारियों एवं मतदान पदाधिकारियों को रामगढ़ महाविद्यालय रामगढ़ में बनाए गए डिस्पैच सेंटर से सुरक्षा व्यवस्था के साथ रवाना किया गया। इस दौरान निर्वाचन आयोग से आए सामान्य प्रेक्षक वी सरवना, पुलिस प्रेक्षक देवव्रत दास, जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़, चंदन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक श्री अजय कुमार सहित अन्य वरीय पदाधिकारियों ने डिस्पैच सेंटर पर उपस्थित रहकर कार्यों का जायजा लिया। मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने मतदान कर्मियों को उपलब्ध कराई जा रही सामग्रियों व अन्य कार्यों का जायजा लेने के क्रम में सभी सेक्टर दण्डाधिकारियों एवं मतदान पदाधिकारियों को शांतिपूर्ण एवं कदाचार मुक्त तरीके से मतदान संपन्न कराने के लिए शुभकामनाएं दी वहीं उन्होंने इस संबंध में कई आवश्यक दिशा निर्देश भी सभी अधिकारियों को दिए।जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चंदन कुमार ने सभी सेक्टर दंडाधिकारियों व मतदान पदाधिकारियों को मतदान के दिन समय का विशेष रूप से ध्यान रखने एवं निर्धारित समय पर मतदान शुरू कर देने का निर्देश दिया वहीं उन्होंने प्रशिक्षण के दौरान बताई गई बातों को ध्यान में रखते हुए कार्य करने का निर्देश दिया।मतदान संपन्न करने के लिए रवाना हो रहे हैं महिला मतदान कर्मी एवं पुरुष मतदान कर्मियों को गुलदस्ता देकर एवं फूल माला से स्वागत कर हौसला बढ़ते हुए मतदान के लिए रवाना किया गया।डिस्पैच के दौरान उप निर्वाचन पदाधिकारी रविंद्र कुमार गुप्ता ने मतदान संपन्न कराने जा रहे हैं सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों को दिए गए प्रशिक्षण के अनुरूप निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन का पालन करते हुए अपने-अपने कार्यों को पूर्ण करने का निर्देश दिया गया।22 बड़कागांव विधानसभा निर्वाचन तिथि 13 नवंबर को प्रातः 7~00 बजे से शाम 5~00 बजे तक मतदान होना है, प्रथम चरण का मतदान 22-बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 197399 पुरुष, 188662 महिला, एवं 11 थर्ड जेंडर इस प्रकार कुल 386072 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। मतदान के दौरान विधि व्यवस्था एवं मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने हेतु पुलिस पदाधिकारी एवं माइक्रो आब्जर्वर की भी प्रतिनियुक्ति की जा चुकी है। 22-बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कुल 456 पोलिंग बूथ बनाए गए हैं जिसके लिए 456 पोलिंग पार्टी एवं 20न्न आरक्षित पोलिंग पर्सनल्स की नियुक्ति की गई है।22 बड़कागांव विधानसभा निर्वाचन स्वच्छ एवं निष्पक्ष रूप से शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न करने के उद्देश्य से जिला स्तर पर कंट्रोल रूम 24म7 संचालित है जिसकी दूरभाष संख्या 06553 261 522, 99733 14112 है।डिस्पैच के दौरान मुख्य रूप से वरीय पदाधिकारी कार्मिक कोषांग सह उप विकास आयुक्त,वरीय पदाधिकारी ईवीएम कोषांग सह अपर समाहर्ता,सहित अन्य उपस्थित थे।

## सीपीएम रामगढ़ जिला कमिटी की हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** झारखंड विधानसभा चुनाव के मद्देनजर सीपीएम रामगढ़ जिला कमिटी की बैठक कॉम्रेड फूलन देवी कि अध्यक्षता में इफिको मोड़ बिंझार रामगढ़ में हुई। जिसमें कॉ. अशोक सिंह, कॉ. संजीत राम, कॉ. अशोक राम चंद्रवंशी, कॉ. रीना देवी, कॉ. नाज़मा खातून एवं राज्य सचिव मंडल के सदस्य कॉम्रेड रामचंद्र ठाकुर उपस्थित थे। सीपीएम के रामगढ़ जिला सचिव कॉम्रेड आर पी सिंह चंदेल ने उपस्थित साथियों संग विचार-विमर्श कर घोषणा करते हुए कहा कि सीपीआई (एम) का झारखंड विधानसभा चुनाव - 24 को लेकर इंडिया गठबंधन के घटक दलों से कोई समझौता नहीं हुआ है। हमारी पार्टी के अधिकृत उम्मीदवार राज्य कि 9 विधानसभा सीटों पर अपने बलबूते चुनाव मैदान में अपने जनोपयोगी घोषणा-पत्र जारी कर एनडीए और सत्तारूढ़ दलों के खिलाफ चुनाव लड़ जनता से वोट मांग रहे हैं। सीपीआई (एम) झारखंड राज्य कमिटी के निर्देशानुसार वाम जनवादी पार्टी के उम्मीदवारों के पक्ष में मतदान पर जोर दिया है जिससे बड़कागांव से कांग्रेस उम्मीदवार सुश्री अम्बा प्रसाद, रामगढ़ से कांग्रेस उम्मीदवार ममता देवी और मांडू से कांग्रेस उम्मीदवार श्री जय प्रकाश भाई पटेल के पक्ष सीपीएम और इससे सम्बन्ध रखने वाले मजदूर यूनियन, किसान सभा, जनवादी महिला समिति, डी वाई एफ आई सभी कांग्रेस उम्मीदवारों के पक्ष में मतदान कर झारखंड को सांप्रदायिक उन्माद और कॉरपोरेट लूट से बचाने कि अपील करते हैं।

## रामगढ पुलिस ने चोरी के रायफल एवं अन्य समान के साथ एक को किया गिरफ्तार







**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** रामगढ पुलिस अधीक्षक अजय कुमार को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि रामगढ़ थाना कांड सं0 259, 59/2024, दिनांक 29.08.2024, धारा-331 (4)/305 (ए)/3(5) बी0एन0एस0 में चोरी हुई लाईसेंसी राईफल को एक व्यक्ति जो पारेबस्ती पानी टंकी के पास झाड़ियों में छुपा कर रखा है तथा राईफल बिक्री के लिए किसी व्यक्ति से बात चीत कर रहा है। पुलिस अधीक्षक, रामगढ़ के द्वारा अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, रामगढ़ के नेतृत्व में एक विशेष छापामारी टीम का गठन किया गया। गठित टीम छापामारी हेतू जब पानी टंकी पारेबस्ती के पास पहुंची तो एक युवक पुलिस को देख कर तेजी से भागने लगा, जिसे पुलिस बल के सहयोग से घेर कर पकड़ा गया नाम-पता पुछने पर उसने अपना नाम शशि कुमार, उम्र करीब 20 वर्ष, पिता स्व0 बंसी माली, पता पारेबस्ती पानी टंकी के पास पारसौतिया रामगढ़ बताया। पकड़ाये युवक से पूछताछ करने पर वह अपने तीन अन्य सहयोगियों के साथ मिलकर न्यूकॉलोनी बगीचा वार्ड नं0-03 रामगढ़ स्थित फौजी रमेश राय जो वर्तमान में जेल में बंद है के घर से चोरी करने की बात स्वीकार किया। जिसके निशानदेही पर पारेबस्ती पानी टंकी के पास स्थित झड़ियों से चोरी गया लाईसेंसी राईफल छ्क्क्क्र हश- 10441/97 को बरामद किया गया साथ हीं रमेश राय, न्यूकॉलोनी बगीचा के घर से चोरी गई अन्य घरेलु सामानों को पकड़ाये युवक के किराये के घर से बरामद कर जप्त किया गया है। गिरफ्तार युवक को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है।इस छापामारी दल में शामिल पुलिस पदाधिकारी में परमेश्वर प्रसाद, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, रामगढ़, पु0नि0 कृष्णा कुमार, पु0नि0 सह थाना प्रभारी रामगढ़ थाना , पु0अ0नि0 आशुतोष कुमार सिंह , पु0अ0नि0 ओमकार पाल, स0अ0नि0 सुजीत कुमार सिंह एवं रामगढ़ थाना रिजर्व गार्ड के सशस्त्र बल शामिल थे।

## खुदरा सब्जी विक्रेता संघ वेंडिंग जॉन रामगढ़ एनडीए प्रत्याशी श्रीमती सुनीता चौधरी को करेंगे समर्थन : नीरज मंडल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** खुदरा वसब्जी विक्रेता संघ वेंडिंग जॉन रामगढ़ में एक अति महत्वपूर्ण बैठक अयोजित की गई द्य इस बैठक में सर्व सम्मति से निर्णय लिया की एनडीए प्रत्याशी सुनिता चौधरी के पक्ष में सभी खुदरा सब्जी विक्रेता लोग 20 तारीख को क्रम संख्या 3 चुनाव चिन्ह केला छाप मे मतदान करेंगे ओर रामगढ़ के देव तुल्य जनता को जागरूक करने का कार्य करेंगे द्य मौके पर अध्यक्ष नीरज मंडल ने कहा कि हेमंत सरकार ने झारखंड के भविष्य को अधर में डाल दिया पांच वर्षो तक जनहित में कार्यो का पर प्रदेश की सरकार का ध्यान नहीं गया ओर साथ ही कहा कि चुनाव नजदीक आते हैं राज्य सरकार ने महिलाओं के लिए मैया सम्मान योजना लाकर लोगों को ध्यान भटकाने का काम किया है ताकि उनकी सरकार की नाकामी नजर नहीं आए द्य विशेष कर महिलाएं से एकजुट होकर हेमंत सरकार को उखाड़ के फेंकने का आह्वान किया द्य मौके पर सचिव संजय कुशवाहा ने कहा की आज जिस तरह से पुरे झारखंड में कोयला, बालू की लूट मची हुई है की आम जनता को आज सोने से महंगा बालू मिल रहा है ओर सभी विकाश कार्य ठप पड़ गई है द्य हेमंत सरकार के कार्यकाल में अपराध का ग्राफ काफी बड़ा है या सरकार में जनता के पैसों की बंदर बांट की गई है खनिज संपदा की लूट हुई है इस बार चुनाव झारखंड प्रदेश को बचाने की लड़ाई है द्य मौके पर कार्यकारी अध्यक्ष संजय बनार्शी ने कहा की प्रदेश में महिलाएं आज सुरक्षित नहीं है अपराधियों को मनोबल इस कदर बड़ा है की दिन दहाड़े गोली मारने की घटना को अंजाम दे रहे हैं तो कहीं तेजाब फेंक दिया जाता है द्य ऐसा प्रतीत होता है कि झारखंड सरकार ने अपराधियों खुली छूट दे रखी है । राज्य की जनता विकास के लिए एनडीए के नेतृत्व में सरकार को बनाएगी जिससे जनता को भय भूख व भ्रष्टाचार से मुक्ति और बेरोजगार युवाओं को रोजगार मिल सकेगी द्य इस बैठक में संघ के अध्यक्ष नीरज मंडल, कार्यकारी अध्यक्ष संजय बनारसी, सचिव संजय कुशवाहा, कोषाध्यक्ष राजा सोनकर, राम मौजूद थी।

## कांग्रेस नेत्री एवं दुलमी के पार्षद प्रीति-दीवान ने आजसू का थामा दामन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** विधानसभा चुनाव को लेकर प्रतिदिन विभिन्न पार्टियों को छोड़कर आजसू पार्टी में लोग शामिल रहे हैं और पार्टी के सदस्यता ले रहे हैं रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के दुलमी प्रखंड अंतर्गत कांग्रेस पार्टी के नेत्री एवं दुलमी जिला परिषद सदस्य प्रीति दीवान ने गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी के समक्ष आजसू पार्टी में शामिल हुई, जिससे कांग्रेस पार्टी को एक और बड़ा झटका लगा, पार्षद के शामिल होने पर गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी के द्वारा आजसू पार्टी का पट्टी पहनाकर भव्य रूप से स्वागत किया, इस मौके पर सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने लोगों से कहा कि रामगढ़ की जनता यहां विकास चाहती है पानी, बिजली, सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा आदि मूलभूत समस्याओं समाधान कर सकते हैं वैसी पार्टी में लोग स्वत~ शामिल हो रहे हैं उन्होंने कहा कि पिछले 17 वर्षों में रामगढ़ का जो ऐतिहासिक विकास कार्य किया गया है जिससे लोग प्रभावित होकर पार्टी की सदस्यता ले रहे हैं,जनहित में आजसू पार्टी छोटे बड़े सभी लोगों को मान सम्मान देने का काम किया है साथ ही हमेशा सुख-दुख में पार्टी कार्यकर्ता एक सारथी बनकर सेवा व सहयोग करने का काम किया है तथा भविष्य में भी पार्टी कार्यकर्ता लोगों के साथ मिलकर विकास योजनाओं को धरातल पर उतारने का काम किया है, इस मौके पर आजसू में शामिल पार्षद प्रीति दीवान नेसदस्यता ग्रहण करने के बाद कही की पूर्व में 15 वर्ष पूर्व मंत्री व सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने दुलमी क्षेत्र का जो अद्भुत सर्वांगीण विकास किया है जिसे कभी यहां की जनता नहीं भूलेगी और अच्छे विचारधाराओं से पार्टी ने मुझे आजसू मान सम्मान दिया, पार्टी द्वारा मुझे जो जिम्मेवारी मिली है उसे हम पार्टी का एक सिपाही बनकर बखूबी से निभाऊंगी, विकास योजनाओं को धरातल पर उतारना हमारी प्राथमिकता होगी। इस मौके पर आजसू पार्टी के केंद्रीय सदस्य लाल बिहारी महतो,पार्षद पति अरुण दीवान,रीमा देवी,सहित गोला प्रखंड आजसू महिला कार्यकर्ता उपस्थित थे!

## कुंदरू पंचायत एवं बारलोंग में बैठक,एनडीए प्रत्याशी के पक्ष में वोट देने का निर्णय



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** रामगढ़ विधानसभा चुनाव को लेकर कुंदरू कलां एवं बारलोंग पंचायत में आजसू पार्टी द्वारा बैठक आयोजित की गए जिसमे रामगढ़ पार्षद धनेश्वर महतो एवं आजसू वरिष्ठ नेता किसुन राम मुंडा शामिल हुए,इस मौके पर पार्षद ने कहा कि रामगढ़ विधानसभा का विकास का विकल्प है सुनीता चौधरी रामगढ़ में जिनके द्वारा विकास का गंगा बहाने का काम किया गया है वही हमारा सही विकास कर सकती है इसलिए शत प्रतिशत मतदान करने का काम करें और विधानसभा रामगढ़ के प्रत्याशी सुनीता चौधरी को आगामी 20 नवंबर को चुनाव चिन्ह केला छाप पर वोट देकर भारी मतों से विजय बनाकर विधानसभा भेजनें का काम करें और रामगढ़ में विकास की मार्ग को मजबूत करें, इस मौके पर कुंदरू पूर्व मुखिया उमेश महतो, पूर्व पंचायत समिति सदस्य विजय केसरी,धनेश्वर यादव, हीरा गोप,दिलीप यादव,अनूप यादव,गोपाल महतो, प्रदीप नायक, संजय सिंघानिया, मोहराय महतो,छोटू मुंडा,नेमधारी महतो, विजय मुंडा, रेखा देवी, रेनू देवी, संगीता देवी, सहित कई आजसू कार्यकर्त्ता शामिल थे!

## श्री दिगंबर जैन मंदिर में श्री सिद्धचक्र विधान का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** रामगढ़ स्थित श्री दिगंबर जैन मंदिर में श्री सिद्धचक्र विधान का आयोजन बहुत भक्ति भाव से किया जा रहा हैं यह विधान दिनांक 8 नवंबर शुक्रवार से शुरू होकर 15 नवंबर शुक्रवार तक पूरे विधि विधान के साथ संपन्न होगा। जैन महिला जागृति रामगढ़ के द्वारा श्री सिद्ध चक्र विधान का आयोजन किया जा रहा हैं प्रतिदिन सुबह जलाभिषेक,शांतिधारा एवम् नित्य पूजन किया जा रहा हैं।पंडित रमेश जैन शास्त्री ने कहा कि सिद्धचक्र महामडल विधान विधानों का राजा है। विधान में सिद्ध परमेष्ठी भगवान की आराधना की जाती है।जिमसें महिलाओं ने हाथों में मंगल कलश धारण कर मंडप की स्थापना के साथ ही सुख शांति की कामना की । पंडित जी ने कहा कि सिद्धचक्र महामंडल विधान में अनेक विधान समाहित है। मोह चक्र के वशीभूत प्राणी को सांसारिक चक्र से पार पाने के लिए सिद्ध चक्र की आराधना करनी होगी। सिद्ध चक्र का विधान मैना सुंदरी और श्रीपाल ने किया था। सकारात्मक और सफल जीवन के लिए सभी लोगों को अपने जीवन में धर्म को महत्व देना चाहिए। अरुणा जैन, मीना पाटनी,उषा पाटनी,शारदा अजमेरा, पुष्पा अजमेरा,खुशबू चूड़ीवाल,मिथलेश जैन ,सरला सेठी,अनीता चूड़ीवाल,सुनीता चूड़ीवाल,आभा जैन,सुनीता छाबड़ा,प्रिया पाटनी,श्रीकांता गंगवाल,ममता गंगवाल,रेणु चूड़ीवाल,किरण सेठी आदिअन्य लोग भी विधान में बैठी हैं।समाज अध्यक्ष मानिक चंद जैन ने समाज के सभी सदस्यों से अनुरोध किया है कि विधान में सब बढ़ चढ़कर हिस्सा लेवे एवम पुण्य के भागीदार बनेसमाज सदस्या पुष्पा अजमेरा एवम संजय सेठी ने 8 दिन का व्रत धारण किया है इनके इस तप की हार्दिक अनुमोदना करते हैं ।

## 16 वे शहादत दिवस पर महाप्रबंधक अजय सिंह ने कहा,मजदूरों के सच्चे मसीहा थे स्वर्गीय शर्मा मांझी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** बड़कागांव प्रखंड के उरीमारी स्थित विस्थापित कार्यालय में मंगलवार को विस्थापितो व मजदूरों के मशीहा स्व शर्मा मांझी का 16 वा शहादत दिवस मनाया गया। वहीं सर्वप्रथम शर्मा मांझी के पुत्र मलइ सोरेन के द्वारा विधिवत पूजा अर्चना कर उनके चित्र पर माल्यार्पण किया गया। इस दौरान परिजनों में पत्नी सावित्री मुर्मू, पुत्री स्वाति सोरेन, पुत्र वधू अलिशमा सोरेन मौजूद रहे।वहीं इस शहादत दिवस समारोह का नेतृत्व विस्थापित नेता सह अबुजा संथाल समाज दिशोम भारत परगना के केन्द्रीय महासचिव दशई मांझी ने किया। वहीं इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सीसीएल बरकासयाल क्षेत्र के महाप्रबंधक अजय सिंह रहे। वहीं श्री सिंह ने कहा कि स्वर्गीय शर्मा मांझी विस्थापितों के सच्चे मशीहा थे।वे मजदूरों के हित के लिए और उनकी समस्याओ के समाधान के लिए जी तोड मेहनत करते थे। वहीं दशई मांझी ने कहा कि स्वर्गीय शर्मा मांझी कि शहादत कभी व्यर्थ नहीं जाएगी। हम सभी विस्थापितो को उनके शहादत पर गर्व है उन्होंने मजदूरों कि लड़ाई लडते लड़ते वे अपने प्राणों कि आहुति दे दिये। वे हमेशा विस्थापित व आदिवासीयों के दिलों में राज करते हैं। वहीं इस मौके पर महाप्रबंधक संचालन संजय सिंह,पीओ उरीमारी दिलीप कुमार,पीओ बिरसा डि शिव दास, जीवनधारा परियोजना पीओ रामेश्वर मुंडा,खचांची राम,बच्चन पांडेय, कार्तिक मांझी, संजय टुडू, सुरेश मुर्मु, रैना मांझी,तालो हांसदा, सुरेन्द्र पासवान, कर्मबीर सिंह,शिकारी टुडू, बिनोद सोरेन, सिकंदर सोरेन,भादो करमाली, संतोष प्रजापति, अनिल मुर्मू,रामलाल बेदिया,बंसत सोरेन, सहदेव मांझी,पुरण टुडू, सुरेश प्रजापति, संतोष शर्मा, राजू पावरीया, जितेन्द्र यादव,पानपती देवी, सुकुरमनी देवी,पानो देवी, सुरेन्द्र करमाली,राजा, राजेश पटवा आदि दर्जनों लोग मौजूद थे।

## बारलंगा चेक नाका में तैनात पदाधिकारियों एवं पुलिस कर्मियों को उपायुक्त ने दिये आवश्यक दिशा निर्देश






**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** आगामी विधानसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर 22 बड़कागांव विधानसभा निर्वाचन तिथि 13 नवंबर 23 रामगढ़ विधानसभा निर्वाचन तिथि 20 नवंबर को चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष एवं भय मुक्त वातावरण संपन्न करने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चंदन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक रामगढ़ श्री अजय कुमार के द्वारा संयुक्त रूप से सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टिकोण से बनाए गए बारलंगा चेक नाका का औचक निरीक्षण किया गया निरीक्षण के क्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी शाह उपायुक्त चंदन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक अजय कुमार के द्वारा चेक नाका में प्रतिनियुक्ति पदाधिकारी एवं पुलिस कर्मियों को जिले में आने जाने वाली वाहनों को अच्छी तरह से जांच करने का निर्देश दिया गया। वहीं जांच के क्रम में अगर किसी वाहन में चुनाव प्रभावित करने के उद्देश्य से कोई भी सामग्री प्राप्त होती है तो संबंधित पदाधिकारी को तुरंत सूचित करने का निर्देश दिया गया।

## आईटीसी आशीर्वाद स्वस्ति ने छठ पूजा के अवसर पर एक भावपूर्ण गीत किया था लॉन्च

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आईटीसी आशीर्वाद स्वस्ति ने छठ पूजा के अवसर पर एक भावपूर्ण गीत लॉन्च किया था, जिसमें राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता गायिका रेखा भारद्वाज की आवाज है। परंपरा और संगीत कला के प्रेरक मिश्रण में, यह गीत त्योहार के गहरे सांस्कृतिक महत्व का उत्सव मनाता है, जिसे रेखा भारद्वाज की शक्तिशाली और भावनात्मक आवाज के माध्यम से दर्शाया गया था। यह गीत अलाइव इंडिया म्यूजिक फाउंडेशन के साथ मिलकर बनाया गया था, जिसके नेतृत्व गायक, संगीतकार और शिक्षाविद सुप्रतीक घोष हैं। यह गीत बिहार के प्रिय छठ पूजा त्योहार को समर्पित था, जो भक्तों की अपने परिवारों के लिए आशीर्वाद पाने की भावना को उजागर करता है। आशीर्वाद स्वस्ति और अलाइव इंडिया के बीच यह पुरस्कार विजेता साझेदारी, स्थानीय संगीत के द्वारा आशीर्वाद स्वस्ति ब्रांड को रोज़मर्रा की जिंदगी में शामिल करती है, साथ ही भारत की सांस्कृतिक धरोहर को सम्मान करती है।



## मंडार विस चुनाव को लेकर सारी तैयारी पूरी

**इटकी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** इटकी थाना क्षेत्र में मंडार विस चुनाव को लेकर सारी तैयारी पूरी कर ली गई है। क्षेत्र में कुल 51 बूथों पर कुल मतदानकर्मी और पुलिस बल अपने अपने मतदान केंद्रों पर पहुंच चुके है। थाना क्षेत्र में 43731 मतदाता अपने मतों का प्रयोग करेंगे, जिसमें 21468 पुरुष और 22263 महिला मतदाता है। क्षेत्र में दो क्लस्टर, आठ सेक्टर बनाए गए है सभी सेक्टर में और आठ मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए है। मतदान केंद्रों में पीने का पानी, शौच, दिव्यांगों के लिए व्हीलचेयर आदि कि व्यवस्था की गई है। एक मतदान केंद्र पर चार/एक के अलावा क्रिटिकल बूथों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किए गए है। निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान कराने को लेकर इटकी थाना प्रभारी अभिषेक कुमार पुलिस बलों के साथ सभी बूथों का निरक्षण करने में जुटे है। वहीं मतदान का समय प्रातः सात बजे से शाम पांच बजे तक है।



## विधानसभा चुनाव 2024, चिरकुंडा चेक पोस्ट से 1 लाख 38 हजार रुपए बरामद

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा के निर्देशानुसार स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं निर्भीक विधानसभा चुनाव संपन्न कराने के लिए जिले के 16 चेक पोस्ट सहित एफएसटी एवं एसएसटी की 63 - 63 टीम पूरे जिले में भ्रमणशील रहकर लगातार जांच अभियान चला रही है। इस कड़ी में मंगलवार को दिन के 11.40 बजे चिरकुंडा चेक पोस्ट पर जांच के दौरान एसएसटी ने एक बाइक से 1 लाख 38 हजार रुपए नगद बरामद किए हैं।इसकी विस्तृत जानकारी देते हुए उपायुक्त ने बताया कि मंगलवार को चिरकुंडा चेक पोस्ट पर तैनात टीम द्वारा लगातार वाहनों की जांच की जा रही थी। इस क्रम में पश्चिम बंगाल के बराकर से झारखंड में प्रवेश कर रही मोटरसाइकिल संख्या डब्ल्यू.बी. 38 ए.के.1045 की जांच की गई। इस क्रम में जयदेव बास्की, बिरेस तिग्गा व टीम के अन्य सदस्यों ने उक्त मोटरसाइकिल से 1 लाख 38 हजार रुपए नगद बरामद किए। उपायुक्त ने बताया कि जिले के 16 चेक पोस्ट सहित 63 एफएसटी एवं 63 एसएसटी को कड़ाई से जांच करने का निर्देश दिया है।



## एसएसएलएनटी से सिटी सेंटर तक निकाली मतदाता जागरूकता रैली

◆लोगों से की सपरिवार मतदान करने की अपील

**धनबादधनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विधानसभा चुनाव में अधिक से अधिक लोगों को लोकतंत्र के महापर्व में हिस्सा लेने और अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से मंगलवार को स्वीप कोषांग के वरीय पदाधिकारी सह नगर आयुक्त रवि राज शर्मा के नेतृत्व में श्री श्री लक्ष्मी नारायण ट्रस्ट महिला महाविद्यालय से सिटी सेंटर तक मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। रैली को नगर आयुक्त ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।इसमें एनसीसी सहित विभिन्न विद्यालयों के इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब (ई.एल.सी.) के छात्रों एवं शिक्षकों ने हिस्सा लिया। इस दौरान हाथों में प्ले कार्ड लेकर सभी लोगों को आगामी 20 नवंबर 2024 को सपरिवार मतदान करने की अपील की गई। साथ ही लोगों को बताया गया कि उनका एक-एक वोट कीमती है। आपका मत सशक्त लोकतंत्र के गठन में आपकी ताकत है।रैली में नगर आयुक्त रवि राज शर्मा, स्वीप कोषांग के नोडल पदाधिकारी सह जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अनीता कुजूर, जेएसएलपीएस के डीपीएम शैलेश रंजन, सहायक नगर आयुक्त शिखा कुमारी, बाल संरक्षण पदाधिकारी साधना कुमारी के अलावा एसएसएलएनटी महिला महाविद्यालय की प्राचार्या सहित बड़ी संख्या में छात्र मौजूद थे।




## कल्पना सोरेन ने अनगड़ा में राजेश कच्छप के पक्ष में किया चुनावी सभा

**अनगड़ा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** गठबंधन के स्टार प्रचारक कल्पना सोरेन ने मंगलवार को अपार जन समूह के बीच अनगड़ा के चिलदाग स्कूल मैदान में कांग्रेस प्रत्याशी राजेश कच्छप के पक्ष में चुनावी सभा में हुंकार भरी । सभा को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि वे आपके पास वोट नहीं आपका प्यार लेने और आशिर्वाद मांगने आए हैं। भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा के नेता और मंत्री चाहते हैं कि आदिवासी पिछड़ा दलित और गरीब गुरबा उनके सामने भीख मांगे लेकिन यह झारखंड की भूमि है जब शिबु सोरेन नहीं झुके तो हम कैसे झूकेंगे यहां के लोग अपना हक अधिकार मांगना भी जानते हैं और लेना भी जानते हैं। यहां उन्होंने कहा कि पिछड़ों के आरक्षण को 27 प्रतिशत से 14 प्रतिशत करने वाले यही बीजेपी के लोग हैं। भाजपा पर आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि गठबंधन सरकार 27 प्रतिशत आरक्षण का प्रस्ताव पास करके भेजती है तो केन्द्र सरकार उसे फाईलों में दबा कर बैठ जाती हैं। कहा कि भाजपा वाले चुनावी समर में आदिवासियों के हितेषी हो गए हैं। लेकिन मनीपूर में जब एक आदिवासी महिला की इज्जत तार-तार की जा रही थी वहां कोई बीजीपी वाले नहीं गए । कहा कि गठबंध सरकर आदिवासी पिछड़ो और मजदूरों की सरकार है जहां सबको सम्मान मिलता है। कहा कि हम युवाओं को नौकरी देना चाहते हैं। क्योंकि यह उनका अधिकार है। कहा कि मईयां सम्मान योजना के तहत महिलाओं को एक हजार रु0 की सम्मान राशि खटाखट उनके खाते में जा रही है दिसम्बर से उन्हें पच्चीस सौ मिलेंगी । कहा कि भाजपा की डब्ल इंजन की सरकार ने पत्थलगड़ी आदिवासियों को जेल में बन्द करने का काम किया लेकिन गठबेधन की सरकार ने पहली कैबीनेट की बैठक में उन्हें रिहा कर दिया । कहा कि गठबंधन सरकार 40 लाख लोगों को पेंशन दे रही है 36 लाख लोगों को अबुआ आवास दिया है तथा 9 लाख बेटियों को पढ़ई के लिए सावित्री बाई फूले योजना सहित अन्य कई योजनाओं से लाभान्वित किया है। उन्होंने गठबघन के उम्मीदवार राजेश कच्छप को चुनाव चिंह हांथ छाप में वोट देकर एक बार फिर से सेवा का मौका देने की अपील की । सभा को डॉ अमर कुमार चौधरी मुस्ताक आलम ने भी सम्बोधित किया । सभा का संचालन विधायक प्रतिनिधि राजेन्द्र मुन्डा ने किया सभा मे गुंजन सिंह जमल मुन्डा प्रमुख दीपा उरांव उप प्रमुख जयपाल हजाम अशोक मिश्रा मुस्तफा अन्सारी दिनेश प्रमाणिक साकीर अन्सारी छोटेलाल महतो एतवा उराव वनमाली महतो जगेश्वर महतो अमानुला अन्सारी संगीता कैथा विश्राम महतो फालगूनी शाही सरीता देवी अनीता देवी सहित काफी संख्या में लोग सुनने के लिए पहुचे थे ।



# चुनाव संपन्न कराने खलारी के क्लस्टरों में पहुंचे मतदानकर्मी







◆कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच लोकतंत्र का महापर्व आज

◆सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक करेंगे मतदान

प्रभात मंत्र संवाददाता

**खलारी :** खलारी प्रखण्ड क्षेत्र में शांतिपूर्ण मतदान कराने के लिये सारी तैयारी पूरी कर ली गई है. प्रखंड के सभी 60 बूथों के लिए छह क्लस्टर बनाए गए हैं. मंगलवार अपराह्न बाद मतदान कर्मी ईवीएम मशीन सहित अन्य मतदान सामग्री लेकर निर्धारित कलस्टरों में पहुंचे. छह कलस्टरों में आदर्श उच्च विद्यालय मैकलुस्कीगंज हेसालौंग, राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय हुटाप, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर करकट्टा, डीएवी उच्च विद्यालय खलारी बुकबुका, सरस्वती शिशु मंदिर पुरनी राय तथा राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय राय षामिल है. इधर बूथों पर सुरक्षा व्यवस्था के लिए पारा मिलिट्री फोर्स व जिला पुलिस बल के जवान पहले ही कलस्टर पहुंच चुके हैं. सभी कलस्टरों से मतदान कर्मी ईवीएम मशीन और मतदान सामग्री लेकर बुधवार तड़के अपने अपने बूथ के लिए रवाना होंगे. बुधवार की सुबह सात बजे से मतदान शुरू होगा और शाम पांच बजे समाप्त होगा. सभी बूथों पर सुरक्षा के मद्देनजर स्टेटिक फोर्स की व्यवस्था की गई है. इसके अलावा प्रखण्ड के सभी बूथों पर पुलिस बल के द्वारा लगातार पेट्रोलिंग भी की जाएगी. खलारी प्रखण्ड में कुल 60 बूथ है जिनमें सभी सामान्य बूथ हैं. प्रखंड क्षेत्र में कुल वोटर की संख्या 56806 है. जिसमें पुरूष मतदाताओं की संख्या 29316 तथा महिला मतदाता 27490 हैं. प्रखंड में बूथ संख्या 21 नवसृजित प्राथमिक विद्यालय गुलजारबाग (पश्चिमी भाग) में सर्वाधिक 1332 मतदाता हैं वहीं बूथ संख्या 59 राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय बमने कमरा नं. 1 में सबसे कम 460 मतदाताओं के नाम हैं. लोकसभा चुनाव 2019 की तुलना में इस चुनाव में 6633 मतदाता बढ़े है. बीडीओ सह निर्वाचन पदाधिकारी संतोष कुमार ने बताया कि असमर्थ मतदाताओं के लिये थर्ड लाइन की सुविधा होगी जिसमें दिव्यांग, वृद्धजन, बीमार व गर्भवती महिलायें सीधे लाइन में लगकर मतदान कर सकेंगी. साथ ही बताया कि असमर्थ मतदाताओं के लिये बूथ पर ट्राइ साइकिल की सुविधा भी रहेगी.

**खलारी व बुड़मू प्रखंड क्षेत्र के लिए जोनल मजिस्ट्रेट रहेंगे संतोष कुमार**

प्रखंड विकास पदाधिकारी संतोष कुमार को खलारी व बुड़मू दोनो प्रखंड क्षेत्र के लिए जोनल मजिस्ट्रेट का दायित्व दिया गया है. खलारी प्रखण्ड के सभी 60 बूथों में शांतिपूर्ण व निष्पक्ष चुनाव कराने को लेकर 240 मतदान कर्मियों को लगाया जाएगा. इसके अलावा सेक्टर मजिस्ट्रेट व रिजर्व मतदानकर्मी भी रहेंगे. इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम बनाया गया है जिसमें ईवीएम मशीन, वीवीपैट को रिजर्व रखा जायेगा. वहीं प्रखण्ड कार्यालय में एक सेन्ट्रल कंट्रोल रूम बनाया गया है.

**सुरक्षा को लेकर किये गये कड़े इंतजाम, निर्भिक होकर करें मतदान : डीएसपी**

खलारी अंचल क्षेत्र में चुनाव को शांति पूर्वक सफल मतदान कराने को लेकर पुलिस उप अधीक्षक खलारी आरएन चौधरी के निर्देश पर थाना प्रभारी खलारी पुनि विजयकुमार सिंह व मैक्लुस्कीगंज थाना प्रभारी गोविंद कुमार द्वारा सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किया गया है. खलारी डीएसपी आरएन चौधरी ने बताया कि चुनाव के दौरान सुरक्षा को लेकर पारा मिलिट्री फोर्स बीएसएफ व एसएसबी के 200 तथा जिला पुलिस बल के 100 सुरक्षाकर्मी लगाये गये है. उन्होने मतदाता से अपील करते हुए कहा कि बढ़चढ़ कर लोकतंत्र के इस महापर्व में निर्भिक होकर मतदान करें.

## मतदातओ के लिये मतदान केंद्र तैयार, आज होगा मतदान

**बेड़ो(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड़ में शांतिपुर्ण मतदान को लेकर पुलिस व प्रशासनिक स्तर पर सभी तैयारी पुरी कर ली गई है। प्रखंड में 92740 मतदाताओ के लिये107 मतदान केंद्र बनाये गये हैं। सभी मतदान केंद्रो में शस्त्रबल तैनात रहेगे, वही कैमरे के निगरानी में सुबह7 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान होगी। जहां कुल 17 उम्मीदवार के भाग्य का फैसला एबीएम में बंद हो जायेगी। साथ ही दंडाधिकारी के साथ सशस्त्र गस्ती दल मतदान केन्द्रों में निगरानी रखेगें। वहीं शांतिपुर्ण मतदान को लेकर कलस्टर व मतदान केन्द्रों का निरीक्षण मांडर विधान सभा ऑब्जर आर ग्रीस डीएसपी अशोक कुमार राम, निर्वाची पदाधिकारी बीडीओ राहुल उरांव, सीओ प्रदीप मिंज, थाना बेड़ो प्रभारी नकुल साह, नरकोपी थाना प्रभारी देव प्रताप प्रधान व अन्य प्रशासनिक पदाधिकारीयों ने किया। इधर बीडीओ राहुल उरांव ने बताया कि सभी कलस्टर व मतदान केंद्रो में मतदान कर्मी, सुरक्षा बलो की रहने में खाने व रात्री विश्राम की समुचित व्यवस्था की गई है, ताकि मतदान केंद्र में समय से मतदान शुरु हो। डीएसपी अशोक कुमार राम ने मतदाताओं को भयमुक्त होकर मतदान करने की अपील किया है।

**पूर्व मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य)/पूर्व मध्य रेल/धनबाद द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है :–

ई–निविदा सं. : C-710-BRMO-GCT.

1. कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि : बेरमो (BRMO) स्टेशन पर गति शक्ति मल्टी–मॉडल कार्गो टर्मिनल (जीसीटी) का पूरी तरह से रेलवे भूमि पर पैंतीस वर्ष (35 वर्ष) अर्थात 420 महीने की अवधि के लिए विकास। 2. बेरमो स्टेशन पर गति शक्ति मल्टी–मॉडल कार्गो टर्मिनल (जीसीटी) के विकास का लगभग लागत : ₹41,25,86,392/–, 3. ब्याने की राशि : ₹4,12,58,700/–, 4. निविदा बंद होने एवं खुलने की तारीख तथा समय : ई–निविदा बंद होने की तारीख 03.12.2024 को 15:00 बजे। ई–निविदा खुलने की तारीख 03.12.2024 को 15:30 बजे से। 5. वेबसाइट का विवरण : http://www.ireps.gov.in. ई–निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं की जाएगी।

रेल प्रशासन के पास किसी/समस्त प्रपत्र को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।

मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य)/
पूमरे/धनबाद

पीआर/01505/डीएचएन/वा./टी/24–25/36

**पूर्व मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

मंडल रेल प्रबंधक (अभियंत्रण)/पूर्व मध्य रेल/धनबाद द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है :–

1. ई–निविदा सं. : 237-DHN-2024-25. कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि : सहा. अभि./1/ धनबाद के अधीन अधिकारी आवास सं. 198, 194, 60(A&B), 57(A&B), 39, 59, 208, 42(A&B), 49, 50 के बरामदा के छत का विशेष मरम्मत। 09 (नौ) महीना। कार्य की लगभग लागत (रू. में) : ₹94,99,980.09

2. ई–निविदा सं. : 238-DHN-2024-25. कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि : सहा. अभि./1/ धनबाद के अधीन 12 महीनों के लिए धनबाद में अधिकारी विश्राम गृह का देख–भाल। 12 (बारह) महीना। कार्य की लगभग लागत (रू. में) : ₹32,51,406.40

ब्याने की राशि (रू में) : ब्याने की राशि http://www.ireps.gov.in पोर्टल पर दिखाये राशि के अनुसार लागू। निविदा बंद होने एवं खुलने की तारीख तथा समय : ई–निविदा बंद होने की तारीख 29.11.2024 को 12:00 बजे तक। ई–निविदा खुलने की तारीख 29.11.2024 को 12:30 बजे से। वेवसाईट का विवरण : https://www.ireps.gov.in. ई–निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं की जाएगी।

मंडल रेल प्रबंधक (अभियंत्रण)/
पूमरे/धनबाद

पीआर/01492/डीएचएन/अभि./टी/24–25/40

**पूर्व मध्य रेल**

**सूचना**

Notice No: C.710/0/GCT-EOI/DHN/24, Date : 11.11.2024

धनबाद मंडल के तीन (03) स्थानों पर गति शक्ति मल्टी मॉडल टर्मिनल के विकास के लिए अभिरुचि की अभिव्यक्ति (EOI) के लिए सूचना।

वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व मध्य रेलवे, धनबाद मंडल के माध्यम से भारत के राष्ट्रपति, माल यातायात को संवर्धन हेतु धनबाद मंडल के तीन (03) स्थानों पर गति शक्ति मल्टी मॉडल टर्मिनल विकसित करने के लिए इच्छुक ट्रांसपोर्टरों, रसद सेवा प्रदाताओं, विकासशील फर्मों सरकारी और सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम सहित से अभिरुचि की अभिव्यक्ति (EOI) आमंत्रित करता हैं। कार्य निष्पादन की योजना और कार्य के विस्तृत अनुमानसहित प्रस्ताव अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत किए जाएंगे। प्रत्येक स्थानों के लिए अलग अलग अभिरुचि की अभिव्यक्ति (EOI) जमा करना है।

**1. उस स्टेशन का नाम जहां कार्य का निष्पादन किया जाना है जो निम्नलिखित है:**
• Tokisud (TKS) • Billi (BXLL) • Karaila Road (KRLR)

**नोट :– इच्छुक बिडर को सलाह दी जाती है कि वे प्रत्येक स्थान के लिए अलग– अलग ईओआई (EOI) जमा करें।**

**2. कार्य का दायरा :**
निजी निवेश के माध्यम से मल्टी मॉडल कार्गो टर्मिनल का विकास ट्रांसपोर्टर/लॉजिस्टिक्स सेवा प्रदाताओं को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने हेतु जीसीटी को आधुनिक परिवहन और हैंडलिंग सुविधाओं के साथ विकसित किया जाना।

**3. अभिरुचि की अभिव्यक्ति (EOI) का उद्देश्य:**
परिवहन में रेलवे की हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए अत्याधुनिक डिजाइन और प्रौद्योगिकी सहित आधुनिक सुविधाओं के साथ माल संचालन टर्मिनलों का विकास करना।

**4. अभिरुचि की अभिव्यक्ति (EOI) जमा करने की तिथि: 12.12.2024 को 12:00 बजे तक।**

**5. अभिरुचि की अभिव्यक्ति (EOI) खुलने की तिथि: 12.12.2024 को 12:30 बजे।**

प्राप्त सभी प्रस्तावों की जांच प्रस्तावकों द्वारा पेश किए गए विचारों और अनुमानों के आधार पर की जाएगी। रेलवे प्रस्ताव के आधार पर अंतिम योजना/निवेश योजना/लाइसेंस की अवधि और अन्य नियमों और शर्तों को अंतिम रूप देगा और प्रचलित नियमों के अनुसार खुली निविदाएं /सीमित निविदाएं आमंत्रित कर सकता है। नोटः i) इच्छुक प्रस्तावक कार्यालय कार्य दिवसों के दौरान मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य) के कार्यालय में 12.12.2024 को 12:00 बजे से पहले अनुलग्नको के साथ EOI प्रस्तुत कर सकते हैं।

विस्तृत ब्यौरा www.ecr.indianrailways. gov.in पर उपलब्ध है।

**नोट :** हिंदी और अंग्रेजी सूचना में अंतर होने पर अंग्रेजी सूचना ही मान्य होगी।

मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य)/
पूमरे/धनबाद

पीआर/01502/डीएचएन/वा./एन/24–25/68

## मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी का कार्यालय, झारखण्ड, राँची

### मतदाताओं के लिए आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली से प्राप्त निदेश के आलोक में **झारखण्ड राज्य अन्तर्गत विधानसभा आम चुनाव, 2024** हेतु सभी मतदाता जिन्हें निर्वाचक फोटो पहचान पत्र जारी किये गये है, मतदान स्थल पर मत डालने से पहले पहचान सुनिश्चित करने हेतु अपना **निर्वाचक फोटो पहचान पत्र (EPIC)** दिखाएंगे तथा ऐसे निर्वाचक, जो अपना निर्वाचक फोटो पहचान पत्र **(EPIC)** प्रस्तुत नहीं कर पाते है, उन्हें अपनी पहचान स्थापित करने के लिए वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों में से कोई एक प्रस्तुत करना होगा, तद्नुसार निम्न दस्तावेज पहचान हेतु स्वीकार किये जायेंगेः–

1 निर्वाचक फोटो पहचान पत्र (EPIC)

**वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजः–**

2 आधार कार्ड,
3 मनरेगा जॉब कार्ड,
4 बैकों / डाकघरों द्वारा जारी की गई फोटोयुक्त पासबुक,
5 श्रम मंत्रालय की योजना के अन्तर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड,
6 ड्राइविंग लाइसेंस,
7 पैन कार्ड,
8 एनपीआर के अन्तर्गत आरजीआई द्वारा जारी किए गए स्मार्ट कार्ड,
9 भारतीय पासपोर्ट,
10 फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज,
11 केन्द्र / राज्य सरकार / लोक उपक्रम / पब्लिक लिमिटेड कम्पनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान–पत्र,
12 सांसदों / विधायकों / विधान परिषद सदस्यों को जारी किए गए सरकारी पहचान पत्र और
13 यूनिक डिसएबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) कार्ड, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार।

किसी अन्य विधानसभा निर्वाचन–क्षेत्र के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा जारी किया गया निर्वाचक फोटो पहचान पत्र (EPIC) भी पहचान स्थापित करने हेतु स्वीकृत किये जायेंगे बशर्ते निर्वाचक का नाम जहां वह मतदान करने आया है, उस मतदान स्थल से संबंधित निर्वाचक नामावली में उपलब्ध हो। यदि फोटोग्राफ इत्यादि के बेमेल होने के कारण निर्वाचक की पहचान सुनिश्चित करना संभव न हो तब निर्वाचक को उपर्युक्त वर्णित किसी एक वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेज प्रस्तुत करना होगा।

मतदाता सूचना पर्ची (Voter Information Slip) को मतदान केन्द्र में पहचान के उद्देश्य के लिए स्वीकार नहीं किया जाएगा। आपसे अपेक्षित है कि आप मतदान के लिए निर्वाचक फोटो पहचान पत्र (EPIC) या आयोग द्वारा उपरोक्त निर्दिष्ट वैकल्पिक दस्तावेजों में से एक मतदान के समय अपने साथ अवश्य लाए।

प्रवासी निर्वाचक को, जो अपने पासपोर्ट में उल्लेखित विवरणों के आधार पर निर्वाचक नामावलियों में पंजीकृत है, को मतदान केन्द्र में केवल उनके मूल पासपोर्ट (तथा कोई अन्य दस्तावेज नहीं) के आधार पर ही पहचाना जायेगा।

**झारखण्ड राज्य अन्तर्गत विधानसभा आम चुनाव, 2024 में सभी मतदाताओं से अपील है कि निर्भीक एवं स्वतंत्र रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें।**

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी
झारखण्ड, राँची

PR 340072 Election(24-25)#D

## झारखंड के तीरंदाजों ने एक स्वर्ण चार चांदी एवं एक कांस्य पदक जीता

**मुरी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** 68वां नेशनल स्कूल गेम्स का आयोजन 10 से 20 नंबर तक गुजरात में किया गया है। जिसमें झारखंड के अंडर 17 के तीरंदाजो ने हिस्सा लिया। शानदार प्रदर्शन करते हुए एक स्वर्ण चार रजत एवं एक कांस्य पदक जीतकर राज का नाम रोशन किया है। सिल्ली के तमन्ना वर्मा रिकर्व डिविजन के व्यक्तिगत स्पर्धा 60 मीटर की दूरी में स्वर्ण पदक ,ओवरऑल में रजत पदक एवं टीम स्पर्धा में रजत पदक जीती है। रिकवर टीम में तमन्ना वर्मा के अलावे सिलाई के रितु रानी जोना की लक्ष्मी कुमारी एवं जेएसएसपीएस रांची के अनूप कुमारी शामिल है वही इंडियन रंग में जोन की लवली कुमारी ने व्यक्तिगत स्पर्धा 40 मीटर की दूरी में कांस्य पदक जीते।ओवरऑल रजत पदक एवं टीम स्पर्धा में रजत पदक जीता है। जिसमें सिल्ली के रुचिता उरांव, रितिका, जमशेदपुर की प्रिया कुमारी शामिल है। पदक विजेता खिलाड़ियों को राज्य शिक्षा परियोजना के निदेशक शशि रंजन, खेल निदेशक संदीप कुमार, शिक्षा विभाग के राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन सोरेन ,रांची जिला के तीरंदाजी संघ के अध्यक्ष श्रीमती नेहा महतो, सचिव चंचल भट्टाचार्य, अंतरराष्ट्रीय तीरंदाजी प्रशिक्षक हरेंद्र कुमार सिंह ,प्रकाश राम ,सुशील महतो, रोहित कोईरी, करण कुमार कर्मकार , डी साईस्वरी एवं राज्य के खेल प्रेमियों ने बधाई दिया है।



## न्यायालय : अनुमण्डल दण्डाधिकारी, रामगढ़।

### भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा– 163 के अन्तर्गत

### निषेधाज्ञा आदेश

22– बड़कागाँव विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में मतदान दिनांक 13 नवम्बर 2024 को होना है। मतदान समाप्ति के 48 घंटे पूर्व से चुनाव संबंधी प्रचार–प्रसार पर भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रतिबंध लगाया गया है। इस अवधि में विधि व्यवस्था हेतु व राजनैतिक दलों / अभ्यर्थीयों की गतिविधियों पर भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के आलोक में नियंत्रण / निगरानी रखी जानी आवश्यक है।

अतः उपर्युक्त पृष्ठ भूमि के आलोक में स्वत्रंत / निष्पक्ष / शांतिपूर्ण मतदान सम्पन्न करने के निमित **मैं, अनुराग कुमार तिवारी झा0प्र0से0, अनुमण्डल दण्डाधिकारी, रामगढ़ दिनांक 11.11.2024 के अपराहन 5:00 बजे से दिनांक 13.11.2024 के अपराह्न 5:00 बजे तक भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा– 163** में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए **रामगढ़ जिलान्तर्गत** 22– बड़कागाँव विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में निम्नांकित निषेधाज्ञा जारी करता हूँ :–

1. सम्पूर्ण रामगढ़ जिला अंतर्गत 22– बड़कागाँव विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 5 या 5 से अधिक व्यक्तियों को एक साथ इकट्ठा होना या या एक साथ जत्था में आवागमन निशेध है, यह निशेधाज्ञा हाट या मेला में एकत्रित लोगों, मंदिर, मस्जिद या गिरजा घरों में उपासना करने के लिये आये लोगों पर और शव यात्रा में शामिल लोगों पर तथा विधानसभा आम चुनाव– 2024 के क्रम में Door-to-door Compaigning पर प्रतिबंध नहीं होगा।

2. किसी भी व्यक्ति / राजनैतिक दल / संगठन / अभ्यर्थी / इनके अभिकर्त्ता / कार्यकर्त्ता इत्यादि के द्वारा राजनैतिक प्रयोजन से संबंधित किसी भी प्रकार का सभा, जुलूस, धरना या प्रदर्शन पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाया जाता है।

3. मतदान केन्द्रों के 200 मीटर के परिधि के अंदर कोई प्राइवेट वाहन की अनुमति नहीं होगी, सिवाय आवश्यक सेवाओं अथवा निर्वाचन से सम्बद्ध वाहनों हेतु।

4. सेलुलर फोन, इत्यादित का प्रयोग मतदान केन्द्र के 100 मीटर के परिधि में नहीं किया जा सकेगा, सिवाग मतदान दलों व मतदान से सम्बद्ध कर्मियों के।

5. पूरे जिले में किसी भी व्यक्ति / राजनैतिक दल / संगठन / अभ्यर्थी / इनके अभिकर्त्ता / कार्यकर्त्ता इत्यादि द्वारा दिनांक 11.11.2024 के 5:00 बजे अपराहन् से लेकर दिनांक 13.11.2024 के अपराह्न 05:00 बजे तक ध्वनि विस्तारक यंत्र का प्रयोग पूर्णतया वर्जित रहेगा।

6. लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम–1951 की धारा 135 C के आलोक में मतदान के निमित दिनांक 11. 11.2024 के 5:00 बजे अपराहन से लेकर दिनांक 13.11.2024 के अपराह्न 5:00 बजे तक पूरे सम्पूर्ण रामगढ़ जिला अंतर्गत 22– बड़कागाँव विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में मद्य निशेध (Dry Day) लागू रहेगा। इसके अधीन किसी होटल, भोजनालय, मधुशाला दुकान में अथवा किसी अन्य निजी अथवा सार्वजनिक स्थान में कोई भी मादक लीकर या वैसे ही प्रकृति का अन्य पदार्थ ना तो विक्रय किया जायेगा ना दिया जायेगा और न वितरित किया जायेगा।

7. कोई भी व्यक्ति / राजनैतिक दल / संगठन / अभ्यर्थी / इनके अभिकर्त्ता / कार्यकर्त्ता इत्यादि किसी प्रकार का पोस्टर, पर्चा, आलेख, फोटो आदि अथवा किसी व्यक्ति विशेष के विरुद्ध आपत्तिजनक पर्चा, आलेख, फोटो आदि का प्रकाशन नहीं करेंगे, इस संबंध में किसी प्रकार आपत्ति विधि–विरुद्ध संदेश, वाट्सएप ऐप या एस0एम0एस / फेसबुक / ट्वीटर / इंस्टाग्राम / अन्य सोशल मिडिया अथवा अन्य इलेक्ट्रोनिक्स माध्यम से आदान–प्रदान नहीं करेंगे, जिससे चुनाव आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन हो।

8. मतदान केन्द्र के 100 मीटर के परिधि में प्रचार संबंधी कोई पोस्टर, बैनर इत्यादि का प्रयोग नहीं होगा, सिवाय मतदान दलों के द्वारा उपयोग हेतु।

9. कोई भी व्यक्ति / राजनैतिक दल / संगठन / अभ्यर्थी / इनके अभिकर्त्ता / कार्यकर्त्ता इत्यादि किसी धार्मिक स्थल का प्रयोग ना तो राजनैतिक प्रचार के लिए करेंगे और ना ही संप्रादायिक भावना को भड़काने की कोई कार्रवाई करेंगे।

10. कोई भी व्यक्ति / राजनैतिक दल / संगठन / अभ्यर्थी / इनके अभिकर्त्ता / कार्यकर्त्ता इत्यादि द्वारा मतदाताओं को डराने–धमकाने एवं किसी भी प्रकार के प्रलोभन में लाने का प्रयोग किये जाने से संबंधित यदि इस तरह की सूचना प्राप्त होगी, तो संबंधित के विरूद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 / भारतीय दण्ड विधान के सुसंगत धाराओं के आलोक में आवश्यक कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

11. राजनीतिक कार्यकर्त्ताओं / पार्टी कार्यकर्त्ताओं / जुलूस कार्यकर्त्ताओं / अभियान कार्यकर्त्ताओं आदि जो रामगढ़ जिला क्षेत्र के बाहर से लाए गये हैं और इस जिला क्षेत्र के 22– बड़कागाँव विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में मतदाता नहीं है उन्हें रामगढ़ जिला क्षेत्र में उपस्थित नहीं रहने का निदेश दिया जाता है।

12. सम्पूर्ण रामगढ़ जिला अंतर्गत 22– बड़कागाँव विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में किसी प्रकार का के घातक हथियार, अग्नेयस्त्र या विस्फोटक पदार्थ लाने एवं ले जाने पर प्रतिबंध रहेगा। यह अनुज्ञप्तिधारियों पर भी प्रभावी होगा परन्तु यह निशेधाज्ञा सरकारी पदाधिकारियों / कर्मचारियों / पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्तव्य पर तैनात पुलिस बल नेपालियों एवे सिक्खों द्वारा पारम्परिक तरीके से धारण की जाने वाली खुखरी तथा कृपाण पर लागू नहीं होगा।

13. किसी व्यक्ति / राजनैतिक दल / संगठन / अभ्यर्थी / इनके अभिकर्त्ता / कार्यकर्त्ता इत्यादि के द्वारा भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आदर्श आचार संहिता के संदर्भ में समय–समय पर जारी दिशा निर्देश के विपरित कोई कार्य नहीं किया जाएगा।

14. यह आदेश मतदान के दिन मतदान केन्द्र पर, शादी, बारात पार्टी, शव यात्रा, हाट बाजार, अस्पताल में ले जा रहे मरीज के साथ जाने वाले व्यक्तियों, विद्यालय एवं महाविद्यालय में जाने वाले छात्र–छात्राओं एवं कर्तव्य पर तैनात सरकारी कर्मचारी / पुलिस बल पर लागू नहीं होगा।

चूँकि संबंधित सभी व्यक्तियों को तत्काल रूप में नोटिस तामिला कराना संभव नहीं है, अतः यह आदेश एक पक्षीय (Ex-Parte) पारित किया जाता है।

यह आदेश मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से आज दिनांक 11.11.2024 को 5:00 बजे अपराह्न से दिनांक 13.11.2024 के 5:00 बजे अपराह्न तक के लिए जारी किया गया।

ह0/–
अनुमण्डल दण्डाधिकारी,
रामगढ़।

PR 340075 (Election) 24-25 (D)

# 310 पोलिंग पार्टियां हुईं रवाना, मतदान आज सुबह 7 बजे से



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** विधानसभा आम निर्वाचन,2024 के निमित्त कल 13 नवंबर को होनेवाले मतदान के लिए पोलियां पार्टियां आज मंगलवार को सदर प्रखण्ड कार्यालय,परिसर में बनाये गये डिस्पैच सेंटर से अपने-अपने मतदान सामग्रियों के साथ आवंटित पोलिंग बूथों के लिए रवाना हो गई। आज कुल 310 बूथों के लिए पोलिंग पार्टियों को रवाना किया गया। वहीं 11 नवंबर को 14 पोलिंग पार्टियों को दुर्गम क्षेत्र के बूथों के लिए रवाना किया गया था। 72-लोहरदगा (एसटी) विधानसभा क्षेत्र के लिए कुल 60 सेक्टर पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। 28 क्लस्टर बनाये गये हैं। 52 माईक्रोऑब्जर्वर प्रतिनियुक्त किये गये हैं। 69-बिशुनपुर (अंश) विधानसभा क्षेत्र के लिए 19 सेक्टर पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। 12 क्लस्टर बनाये गये हैं। विधानसभा आम निर्वाचन, 2024 अंतर्गत मतदान 13 नवंबर 2024 को सुबह 7 बजे से प्रारंभ होगा। 72-लोहरदगा (एसटी) विधानसभा क्षेत्र में कुल 324 बूथ हैं जहां के 276 बूथ ऐसे हैं जहां सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक मतदान होगा। वहीं 48 बूथ ऐसे जहां सुबह 7 बजे से शाम 4 बजे तक ही मतदान होगा। जिला में कुल 428 मतदान केंद्र हैं जिनमें 72-लोहरदगा क्षेत्र में 324 और 69-बिशुनपुर (अंश) में 104 मतदान केंद्र हैं। कुल मतदाता 3 लाख 75 हजार 06 हैं जिनमें महिला मतदाताओं की संख्या 1 लाख 90 हजार 345 और पुरुष मतदाताओं की संख्या 1 लाख 84 हजार 661 है। 72-लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र में कुल मतदाता 2 लाख 87 हजार 746 हैं जिनमें महिला मतदाताओं की संख्या 1 लाख 46 हजार 308 और पुरूष मतदाताओं की संख्या 1 लाख 41 हजार 438 है। 85 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाताओं की संख्या 1008 है। दिव्यांग मतदाताओं की संख्या 3342 है। 69-बिशुनपुर (अंश) विधानसभा क्षेत्र में कुल मतदाता 87 हजार 260 है जिनमें महिला मतदाताओं की संख्या 44 हजार 37 और पुरुष मतदाताओं की संख्या 43 हजार 223 है। 85 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाताओं की संख्या 393 है। दिव्यांग मतदाताओं की संख्या 1362 है। आज डिस्पैच सेंटर में जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण और पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां द्वारा पोलिंग पार्टियों को सुरक्षित माहौल में त्रुटिरहित निर्वाचन संपन्न कराने का निर्देश दिया गया। साथ ही, आपसी समन्वय रखते हुए एक-दूसरे की सुरक्षा, आपात स्थिति में निर्णय लिये जाने,ससमय मतदान कराने की जानकारी दी गई। आज डिस्पैच सेंटर में उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, आइटीडीए परियोजना निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग, अपर समाहर्ता जितेंद्र मुण्डा, अनुमण्डल पदाधिकारी अमित कुमार, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी श्रद्धा केरकेट्टा, उप निर्वाचन पदाधिकारी धीरज ठाकुर समेत अन्य प्रतिनियुक्त पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री सारथी योजना के तहत चला कोलेबिरा में मतदान जागरूकता अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** कोलेबिरा में मुख्यमंत्री सारथी योजना के तहत मतदान जागरूकता अभियान चलाया गया। शिक्षकों ने छात्र-छात्राओं को मतदान के महत्व के बारे में बताया और उन्हें अपने मताधिकार का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया और शपथ दिलाई। प्रोत्साहन समारोह में सिद्धिविनायक ऐकैडेमी के सेंटर हेड प्रभु कश्यप, सेंटर इंचार्ज पवन कुमार, एम आई एस रहनुमा प्रवीण, डी डी ओ ट्रेनर सबाना प्रवीण, एस ए टी ट्रेनर पिंकी कुमारी, रानी उराव, यौगेश् कुमार गुप्ता और सुल्ताना प्रवीण उपस्थित थे। मतदान हमारे लोकतंत्र का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है और यह हमें अपने नेताओं का चयन करने का अवसर प्रदान करता है। मतदान करना हमारा कर्तव्य है और हमें इसका उपयोग करना चाहिए।

## आज 13 नवंबर को सोशल मीडिया पर चलेगा हैशटैग वोट देने चलो अभियान

**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विधानसभा आम निर्वाचन, 2024 में मतदान प्रतिशत में वृद्धि एवं मतदाता जागरूकता के निमित्त कल दिनांक 13 नवंबर 2024 को सोशल मीडिया पर हैशटैग वोट देने चलो अभियान चलाया जाएगा। वोट देने चलो अभियान विधानसभा आम निर्वाचन, 2024 के प्रथम चरण अंतर्गत होनेवाले मतदान दिवस दिनांक 13.11.2024 को सुबह 7 बजे से शाम पांच बजे तक आयोजित किया जाएगा। इस दिन कोई भी परिवार/मतदाता भी अपने सोशल मीडिया अपने परिवारजनों,मित्रजनो एवं अपने परिचितों को वोट देने के लिए अपील करते हुए हैशटैग वोट देने चलो का इस्तेमाल कर उन्हें प्रेरित कर सकते हैं। साथ ही मतदान के पश्चात भी अपनी व अपने परिवार के साथ सेल्फी फोटो लेकर सोशल मीडिया पर हैशटैग वोट दने चलो के साथ अपलोड कर सकते हैं।

## मतदान के लिए एपिक कार्ड के अतिरिक्त अन्य पहचान पत्र दिखाकर कर भी कर सकते हैं मतदान

**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** ऐसे मतदाता जिनका नाम मतदाता सूची में दर्ज हो चुका है परंतु एपिक कार्ड (निर्वाचन आयोग द्वारा जारी मतदाता पहचान पत्र) पास में मौजूद नहीं है वैसे मतदाता मतदान दिवस यानी कल 13 नवंबर 2024 को अपने बूथ में जाकर निम्नलिखित 12 प्रकार के वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों में से कोई एक प्रस्तुत कर अपना वोट कर सकते हैं। 12 प्रकार के अन्य फोटो पहचान पत्र निम्नवत है। पासपोर्ट, ड्राईविंग लाइसेंस, राज्य/केन्द्र सरकार, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/पब्लिक लिमिटेड कम्पनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र,बैंकों डाकघरों द्वारा जारी किए गए फोटोयुक्त पासबुक,आयकर पहचान पत्र (पैन कार्ड), आधार कार्ड,राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर (एन0पी0आर0) के अन्तर्गत आर.जी.आई द्वारा जारी स्मार्ट कार्म, नरेगा जॉब कार्ड, श्रम मंत्रालय की योजना द्वारा जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज,स्क्क/स्न्/स्स्ट को जारी किया गया आधिकारिक पहचान पत्र,यूनिक विकलांगता पहचान पत्र (DID कार्ड)।

## भगवान बिरसा मुंडा जयंती सह राष्ट्रीय सरना धर्म महासम्मेलन भव्य रूप से मनाया जायेगा : सोमदेव उरांव

**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आगामी 15 नवंबर 2024 दिन शुक्रवार को स्थान कचहरी मोड़ दरहा देशवली स्थल कुटमू लोहरदगा में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भगवान बिरसा मुंडा जयंती सह राष्ट्रीय सरना धर्म महासम्मेलन भव्य दिवस दिनों रात्रि कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस भव्य महासम्मेलन में नेपाल देश के उरांव जाति के आदिवासी, छत्तीसगढ़, बिहार, पलामू एवं झारखंड राज्य के 24 जिलों के आदिवासी समुदाय के लोग शामिल होंगे। कार्यक्रम का पूरी तरह से पूर्ण तैयारियां कर ली गयी हैं। कार्यक्रम की शुरुआत लोहरदगा एम जी रोड झखरा कुम्बा से जुलूस प्रस्थान प्रातः 9.00 बजे होगी और कुटमू झखरा कुम्बा दरहा देशवली स्थल में झण्डा गड़ी 11.30 बजे सुबह किया जाएगा। उक्त जानकारी राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा जिला समिति लोहरदगा के अध्यक्ष सोमदेव उरांव एवं समिति के पदाधिकारियों ने दी।

# दंत चिकित्सक डॉ. टी साहू ने लोकतंत्र के महापर्व में बढ़ चढ़कर भाग लेने की जनता से किया अपील



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** झारखंड प्रदेश तेली महासभा, निंगनी काली पूजा समिति के आजीवन संरक्षक,भूतपूर्व सैनिक वेलफेयर सोसाइटी, विश्व हिंदू परिषद, जय श्री राम समिति के संरक्षक व सामाजिक कार्यकर्ता सह दंत चिकित्सक डॉ टी साहू ने लोकतंत्र के महापर्व में बढ़ चढ़कर भाग लेने की जनता से अपील किया है। उन्होंने कहा कि देश,राज्य व समाज के संपूर्ण विकास के लिए अपने बहुमूल्य वोट का प्रयोग अवश्य करे। पहले मतदान करे तभी जलपान करने जाए। आप खुद मतदान करे,अपने परिजनों को कराए और आसपास के लोगो को भी मतदान के लिए प्रेरित करते हुए मतदान कराए। ताकि हर बूथ पर शत प्रतिशत मतदान हो सके और हमारा भविष्य एक सुरक्षित हाथों में रहे। हम ऐसे व्यक्ति अथवा प्रत्याशी का चयन करें जो देश समाज व राज्य का विकास सोचता हो न कि स्वयं का हित सोचता हो। एक जागरूक नागरिक होने के साथ समझदारी के साथ अपना बहुमूल्य वोट करे। क्योंकि आपका एक वोट आपके लोहरदगा जिला समेत पूरे राज्य व देश के विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगा। डॉ टी साहू ने सामाजिक संगठनों,धार्मिक संगठनों, राजनीतिक दलों और युवाओं महिलाओ से जरूर से जरूर मतदान करने की अपील किया है। कहा कि युवा देश का भविष्य होते है इसलिए उनका यह फर्ज बनता है कि अपने मताधिकार को समझे,जाने और समझदारी के साथ सही प्रत्याशी को ही वोट करे। हमे किसी धर्म,जाति, समुदाय विशेष में न जाकर लोकतंत्र को मजबूत बनाने की दिशा में मुख्य भूमिका निभाना है। आप एक वोट करेंगे तो इससे हमारा लोकतंत्र मजबूत होगा। हमें अपने सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करना हैं। वर्तमान में निर्वाचन का समय है हमे अपने अधिकारों को समझने और उपयोग करने का एक बेहतर अवसर मिल रहा है। अपने वोट की चोट से राज्य की मजबूती के लिए कार्य करे। इसलिए देश व राज्य के विकास के लिए मतदान केंद्र पहुंच कर अपने मताधिकार का उपयोग करें। उन्होंने बताया कि अगर एक बार चूक गये, तो फिर पांच साल तक अफसोस करना पड़ेगा। इसलिए चूकना नही है।

# राष्ट्रहित के लिये बॉर्डर में बंदूक का ट्रिगर नहीं, बल्कि अपने बूथ में जाकर EVM मशीन का एक बटन दबाना है : रितेश कुमार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** चैंबर ऑफ कॉमर्स अध्यक्ष रितेश कुमार ने सभी व्यापरिबन्धु,युवा साथी एवं लोहरदगा वासियों से अपील है कि वर्तमान वस्तुस्थिति को समझते हुए कल दिनांक 13/11/2024 को झारखंड विधानसभा चुनाव हेतु अपने विधानसभा क्षेत्र में अपने पसंद के विधायक का चुनाव करने हेतु अपना मत का सदुपयोग अवश्य करें और साथ ही साथ अपने आस पास के लोगों को भी मतदान करने हेतु प्रेरित करें। ध्यान रहे राष्ट्रहित में आपका एक - एक मत इतना कीमती है कि इसका सदुपयोग देश की दशा और दिशा दोनों को ही प्रभावित करती है। यदि आप अपने मत का प्रयोग नही करते है और पड़ोसियों के भरोसे रह जाते है तो फिर आप निश्चिंत रहे कि आपके पसंद का शासक आपको नहीं मिलेगा और फिर शायद आपको पछताने का भी मौका नही मिले। अतः नम्र निवेदन है कि सभी लोग जिन्हें मतदान करने की आहर्ता प्राप्त है वे अपना मतदान करने से नहीं चूके क्योंकि आपको राष्ट्रहित के लिये बॉर्डर में बंदूक का ट्रिगर नहीं, बल्कि अपने बूथ में जाकर श्वड्रूरू मशीन का एक बटन दबाना है और आप अपने इसी योगदान से ही बिना युद्ध का विजय प्राप्त कर सकते है।

## विधानसभा चुनाव के मद्देनज़र डीसी एवं एस पी ने किया संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस



**सिमडेगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिमडेगा में विधानसभा आम चुनाव-2024 के लिए सभी मतदान कर्मियों को मतदान केंद्र पर रवाना करने के बाद जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- उपायुक्त सिमडेगा श्री अजय कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक श्री सौरभ ने संयुक्त रूप से प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन कर चुनाव संबंधित तैयारीयों की जानकारी मीडिया प्रतिनिधियों से साझा किया। उपायुक्त ने बताया कि मतदान दिन 13 नवंबर 2024 को सुबह मतदान शुरू करने के 90 मिनट पूर्व मॉक पोल की प्रक्रिया करते हुए 7ः00 बजे से मतदान प्रारम्भ कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि सिमडेगा जिले में मतदान संपन्न करने के लिए कुल 574 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। जहां जिला प्रशासन के द्वारा मतदाताओं के लिए आवश्यक बेसिक सुविधा के अनुरूप सारी व्यवस्था की गई है। सिमडेगा जिले में स्वतंत्र निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण वातावरण में मतदान करने के लिए सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है 70-सिमडेगा एवं 71-कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र के लिए लगभग 2500 मतदान कर्मी, 84 की संख्या में सेक्टर मजिस्ट्रेट और 80 की संख्या में माइक्रो ऑब्जर्वर प्रस्थान कर चुके हैं।और अधिकांश स्थानों में जो हमारा पोलिंग स्टेशन यह क्लस्टर लोकेशन है वहां पर पोलिंग पार्टी और सेक्टर ऑफिसर्स पहुंच चुके हैं।कल सुबह से समय से मतदान कराया जाएगा सभी मतदान केंद्र में मतदाताओं के लिए जो आवश्यक मूलभूत सुविधा है उसकी व्यवस्था की गई है। कल जिले में अमन चैन का माहौल बना रहे इसके लिए सभी सुरक्षा की व्यवस्था पूरी कर ली गई है। जो दो-दो घंटे में वोटर टर्न ऑउट का रिपोर्ट के लिए जिले में कंट्रोल रूम बनाया गया है। सारे मतदान केंद्र वेब कास्टिंग कैमरा से आच्छादित है जिसके लिए जिला में कंट्रोल रूम है जो पल-पल मतदान केदो में जो एक्टिविटी होती रहेगी उसकी जानकारी यहां मिलती रहेगी। सभी वाहनों में जो सेक्टर पदाधिकारी हैं और पोलिंग पार्टी जीपीएस ट्रैकर सिस्टम लगाया गया है। जिसका कंट्रोल रूम बनाया हुआ है जिसमें लगातार मॉनीटरिंग भी किया जा रहा है। जिले में अच्छे वातावरण में अधिक से अधिक से मतदान करने के लिए कोई भी बाधा नहीं है। उन्होंने कहा कि कल जिले में शांतिपूर्ण वातावरण में मतदान की प्रक्रिया संपन्न हो पाएगा।

# गिद्धौर समाज सेवी शारदा देवी भाजपा को दिया त्यागपत्र कहा निर्दलीय में हूं और रहूंगी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड पंचायत गांव की समाजसेवी एवं जिला परिषद उम्मीदवार शारदा देवी ने भाजपा को लिखित त्यागपत्र दिया है।एवं निर्दलीय पार्टी में थी और आज भी हुं। प्रेस विज्ञप्ति जारी कर लोगों को जानकारी दिया। प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से शारदा देवी ने बतलाई की मंगलवार को गिद्धौर प्रखंड भाजपा अध्यक्ष कपिल कुमार दांगी ने भाजपा में शामिल होने के लिए बुलाए थे।परंतु जब कार्यालय शारदा देवी पहुंची।तो उनके मन मुताबिक उन्हें सम्मान नहीं मिला। जिसे लेकर त्यागपत्र दिया। तो वही झामुमो के द्वारा रविवार के हो रहे जनसभा कार्यक्रम को सुनने शारदा देवी जवाहरलाल नेहरू फुटबॉल मैदान पहुंची।तो कुछ मुख्य बातों को लेकर मनोज चंद्रा ने उन्हें स्टेज पर बुलाया।और बात करने के द्रव्यमान कुछ पत्रकारों ने फोटो खींच लिया।और सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया ।की शारदा देवी जेएमएम में शामिल हो गई है।जो कि इस बात को भी शारदा देवी ने खंडन करते हुए साफ-साफ मना कर दिया।कहा कुछ मुख्य बातें मनोज चंद्रा से कर रही थी।आगे इन्होंने बतलाया कि मैं निर्दलीय में हूं।और निर्दलीय में ही रहूंगी मुझे अभी कोई भी पार्टी की जरूरत नहीं है।

# डीसी सिमडेगा एवं एसपी सिमडेगा ने दी चुनाव सम्बंधित जानकारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** विधानसभा आम चुनाव-2024 को लेकर आज सिमडेगा महाविद्यालय, सिमडेगा में 70- सिमडेगा एवं 71-कोलेबिरा असेंबली constituency के मतदान कर्मियों को उनके मतदान केंद्रों/क्लस्टरों के लिए प्रस्थान के पूर्व 70- सिमडेगा सामान्य प्रेक्षक श्री सी0 रवि शंकर, जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- उपायुक्त सिमडेगा श्री अजय कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक श्री सौरभ ने आवश्यक जानकारी दते हुए बारी -बारी से संबोधित किया। इस दौरान 70-सिमडेगा सामान्य प्रेक्षक श्री सी0 रवि शंकर ने सभी मतदान कर्मियों से कहा कि समय की महत्व को समझते हुए कार्य करेंगे, आज का दिन आप लोगों के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है, अच्छे से मतदान कराने के लिए आप सभी को कई राउंड में प्रशिक्षण दिया गया है। अगर किसी के मन में कोई शंका होगी तो वह नोडल पदाधिकारी से संपर्क कर पूछ लेंगे। या हैंडबुक ष्ठश्थ × ष्ठश्थठुह्लह्य एक बार अवश्य देख लेंगे। अपनी कार्य दायित्व का निर्वहन करने में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं करेंगे। क्योंकि लापरवाही के कारण ही बहुत बड़ी गलती हो जाती है। अच्छे से सजग होकर कार्य करेंगे। उन्होंने सभी मतदान कर्मियों से कहा कि आज अपने कलस्टर एवं मतदान केंद्र में पहुंचने के बाद शाम तक आवश्यक चीजों को देख लेंगे तब कल पूरी एनर्जी के साथ कार्य कर पाएंगे। उन्होंने सभी सेक्टर पदाधिकारी एवं अपने बूथ के बीएलओ से समन्वय स्थापित करते हुए कार्य दायित्व का निर्वहन करने की बात कहीं। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्र या कलस्टर जाने के क्रम में जो निर्धारित रूट है उसका पालन सुनिश्चित करेंगे। रूट डायवर्ट नहीं करेंगे साथ ही बीच में गाड़ी भी नहीं रोकने की बात कहीं। जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- उपायुक्त ने सभी मतदान कर्मियों को हौसला अफजाई करते हुए आस्वस्त किया कि आज आप अपने मतदान केंद्र या क्लस्टर में पहुंचेंगे जहां बी.एल.ओ. तथा प्रखंड से प्रतिनियुक्त कर्मी आपकी सुविधा के लिए तत्पर रहेंगे। पूर्व से प्रत्येक बूथ एवं क्लस्टर में आवश्यक न्यूनतम सुविधा उपलब्ध कराई जा चुकी है फिर भी कोई दिक्कत हो तो नोडल पदाधिकारी परियोजना निदेशक आईटीडीए से संपर्क कर लेंगे। आपके बूथों में लिखे गए अधिकारियों के नम्बरों में संपर्क कर अपनी दिक्कतों की जानकारी दे सकते हैं। उपायुक्त ने महिला मतदान कर्मियों की हौसला अफजाई करते हुए कहा कि आपकी सुविधा के लिए पानी, बिजली, शौचालय, कमरें तथा भोजन हेतु रसोइया द्वारा भोजन की व्यवस्था कराई गई है।आपके सफल प्रशिक्षण एवं हौसला से मुझे विश्वास है कि आप सिमडेगा में सफल चुनाव कराने में सक्षम होंगे। उपायुक्त ने मतदान दिन 13 नवंबर 2024 को सुबह मतदान शुरू करने के 90 मिनट पूर्व मॉक पोल कराकर 7ः00 बजें से मतदान प्रारम्भ करने की बात कहीं। उन्होंने कहा कि मॉक पोल की प्रक्रिया सुबह 5ः30 बजे कर देने है। अगर पोलिंग एजेंट नहीं पहुंचे रहेंगे तो इसके लिए 15 मिनट का इंतजार करेंगे इंतजार करने के बावजूद भी नहीं आते हैं तो मॉक पोल प्रारंभ कर लेंगे। 50 वोट मॉक पोल में डालने के बाद मॉक पोल की डाटा बी.यू. एवं वीवीपैट से क्लियर कर लेंगे। डाटा क्लियर करने के बाद पीठासीन पदाधिकारी प्रपत्र भरकर मतदान की प्रक्रिया को प्रारंभ करेंगे।

# सुरक्षित व शांतिपूर्ण मतदान कराने हेतु जिला प्रशासन पूरी तरह तैयार : डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण

## कल 13 नवंबर को होने वाले मतदान को लेकर उपायुक्त ने की प्रेस ब्रीफिंग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने कहा कि जिला प्रशासन लोहरदगा,जिला में शांतिपूर्ण और सुरक्षित मतदान करने के लिए पूरी तरह तैयार है। आज सभी पोलिंग पार्टियों को जिला में मतदान कराने के लिए सुरक्षित रवाना किया गया है। सभी मतदान केंद्रों में मतदान कल होंगे। 72-लोहरदगा (एसटी) विधानसभा क्षेत्र के 48 बूथों में मतदान सुबह 7 बजे से शाम 4 बजे तक और 276 मतदान केंद्रों में मतदान सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक होगा। 69-बिशुनपुर (अंश) के 83 मतदान केंद्रों में मतदान सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे और 21 मतदान केंद्रों में सुबह 7 बजे से शाम 4 बजे तक होगा। 72-लोहरदगा (एसटी) विधानसभा क्षेत्र के सभी 324 बूथों के लिए 324 पीठासीन पदाधिकारी, 324 प्रथम मतदान पदाधिकारी, 359 द्वितीय मतदान पदाधिकारी और 324 तृतीय मतदान पदाधिकारी समेत कुल 1331 पदाधिकारी मतदान कार्य सम्पन्न कराएंगे। वहीं 260 रिजर्व हैं। उपायुक्त ने कहा कि सभी प्रखण्डों के प्रखण्ड विकास पदाधिकारी/अंचल अधिकारी को अपने-अपने क्षेत्र के मतदान केंद्रों में पर आवश्यक सुविधाएं मुहैया कराने का निर्देश दिया गया है। मतदान केंद्रों/क्लस्टर पर आवासन, पेयजल, विद्युत, शौचालय की व्यवस्था संबंधित एईआरओ/बीडीओ/सीओ द्वारा की गई है। सभी मतदान केंद्रों पर वेबकास्टिंग करायी जा रही है जिसका कंट्रोल रूम एनआईसी कक्ष के वीसी रूम को बनाया गया है। इसके वरीय प्रभार में उप विकास आयुक्त, लोहरदगा रहेंगे। सभी थाना प्रभारियों द्वारा विशेष जांच अभियान भी चलाया जा रहा है। आदर्श आचार संहिता के पालन के लिए कड़े निर्देश दिये गये हैं जिसका पालन हो रहा है। बल्क एसएमएस/वॉयस एसएमएस का प्रयोग किसी भी स्थिति में नहीं किया जाएगा। सिविल सर्जन, लोहरदगा द्वारा 72-लोहरदगा (एसटी) विधानसभा क्षेत्र के 324 मतदान केंद्रों में चिकित्सा दलों व आवश्यक दवाईयां व मेडिकल किट उपलब्ध कराया गया है। लीकर मॉनिटरिंग टीम और सघनता से क्रियाशील रहेगी। बैंक ट्रांजेक्शन पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। सभी मैरेज हॉल/कम्युनिटी हॉल/गेस्ट हाउस/धर्मशाला में सघन निगरानी की जा रही है। उपायुक्त ने कहा कि जिला में कुल 428 मतदान केंद्र हैं जिनमें 72-लोहरदगा क्षेत्र में 324 और 69-बिशुनपुर (अंश) में 104 मतदान केंद्र हैं। कुल मतदाता 3 लाख 75 हजार 06 हैं जिनमें महिला मतदाताओं की संख्या 1 लाख 90 हजार 345 और पुरुष मतदाताओं की संख्या 1 लाख 84 हजार 661 है। 72-लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र में कुल मतदाता 2 लाख 87 हजार 746 हैं जिनमें महिला मतदाताओं की संख्या 1 लाख 46 हजार 308 और पुरूष मतदाताओं की संख्या 1 लाख 41 हजार 438 है। 69-बिशुनपुर (अंश) विधानसभा क्षेत्र में कुल मतदाता 87 हजार 260 है जिनमें महिला मतदाताओं की संख्या 44 हजार 37 है और पुरुष मतदाताओं की संख्या 43 हजार 223 है।

# नीरू शांति भगत ने विकास के लिए एनडीए के पक्ष में वोट करने का जनता से किया अपील



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** एनडीए प्रत्याशी नीरू शांति भगत ने लोहरदगा की जनता से मिले प्यार के लिए धन्यवाद देते हुए । आज 13 नवंबर को लोकतंत्र के महापर्व में पूरे जोश के साथ शामिल होने और एनडीए के पक्ष में केला छाप को एक नंबर बटन दबाकर अपना प्यार देने की अपील की। नीरू शांति भगत ने लोहरदगा वासियों को वर्तमान विधायक के 5 साल के कार्यकाल का जो एक मंत्री वह भी मुख्यमंत्री के बाद सबसे बड़े मंत्री जिनके पास पूरा झारखंड का खजाना था ।उनके कार्यकाल का तुलना पूर्व विधायक आंदोलनकारी स्वर्गीय कमल किशोर भगत के कार्यकाल से करते हुए वोट का फैसला करने की बात की ।लोहरदगा की जनता से यह भी अपील है की लोहरदगा को खुशहाल एवं सुंदर बनाना है या मूलभूत सुविधाओं से तरसती लोहरदगा बनाना है । यह फैसला आपके हाथों में है ।जिस पार्टी के 60 साल देश में शासन करने के बाद भी नली गली और पानी बिजली के लिए जनता को आज भी जूझना पड़ रहा है। उसके साथ जाना चाहिए या वैसे पार्टी के साथ जो आंदोलन कर झारखंड ली और इसके पूर्व विधायक स्वर्गीय कमल किशोर भगत के कार्यकाल में शंख नदी से मन्हो पुल ,तीगरा कोयल नदी पुल, मान्हो से बाघा कोयल नदी पुल जैसी बड़ी पुल जो यहां के जनता के पुरानी मांग थी ।शंख मोड़ से चंदवा तक चौड़ी सड़क किसको मोड़ से रिचूघूटा तक चौड़ी सड़क ।यह तो बड़ी पुरानी मांग थी जो बड़े स्तर का है जो एक विधायक सिर्फ विधायक रहते हुए किया और ऐसी बड़ी एक भी काम मंत्री रहते मंत्री जी नहीं कर पाए ।आप वैसे व्यक्ति को चुने जो जनता की पुरानी मांग। जिससे जनता लंबे समय तक लाभान्वित हो, उसको चुने। लोहरदगा की जनता की सबसे बड़ी मांग बिजली पानी नाली गली हॉस्पिटल है ।और पलायन दूर कर रोजगार की व्यवस्था लोरहदगा मे हो।जिस पर मेरी पहली नजर है ।यह मेरे प्राथमिकता में है। आप सभी से अपील है कि कल एक नंबर बटन दबाकर केला छाप में वोट देकर ।मुझे अपना प्यार एवं आशीर्वाद दें। जिससे मैं लोरहदगा की बहू बनकर अपने लोहरदगा रूपी घर को सजा सकू एवं इसका संपूर्ण विकास कर पाऊं। आपके प्यार एवं आशीर्वाद के आशा में आपकी बहू बेटी बहन नीरू शांति भगत।

चलते चलते एक नजर

## तेलंगाना के विकाराबाद में अधिकारियों पर हमला, 55 लोग हिरासत में

**विकाराबाद :** तेलंगाना के विकाराबाद जिले के ग्राम लगचार्ला में अधिकारियों पर हमले के आरोप में पुलिस ने मंगलवार को 55 लोगों को गिरफ्तार किया। वहीं जिले के अधिकारियों पर हमले के विरोध में राजस्व विभाग के अधिकारियों ने आज राज्यभर में काला बिल्ला लगाकर प्रदर्शन किया। विकाराबाद के राजस्व विभाग के कर्मचारियों ने कार्य का बहिष्कार किया। ग्राम लगचार्ला मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी के विधानसभा क्षेत्र कोडंगल में आता है। पुलिस के मुताबिक सोमवार को ग्राम लगचार्ला में फार्मास्युटिकल कंपनी की स्थापना के लिए भूमि अधिग्रहण को लेकर बैठक चल रही थी। बैठक में स्थानीय लोग और जिला प्रशासन के अधिकारी मौजूद थे। देखते ही देखते यह बैठक मारपीट में बदल गयी। आरोप है कि स्थानीय लोगों ने जिले के अधिकारियों पर हमला किया। इस घटना के बाद से लगचार्ला एवं आसपास के इलाकों में भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। एहतियात के तौर पर जिले के डुड्याला, कोडंगल और बोम्रासपेट मंडल में इंटरनेट सेवाएं अगले आदेश तक निलंबित कर दी गयी हैं। पुलिस को जांच में पता चला है कि हमला सुनियोजित था। जिला कलेक्टर की कार पथराव से क्षतिग्रस्त हो गयी। स्थानीय लोगों ने जिला कलेक्टर प्रतीक जैन, अतिरिक्त कलेक्टर लिंग्या नायक, उप-कलेक्टर उमाशंकर प्रसाद और कोडंगल क्षेत्र विकास प्राधिकरण के विशेष कार्याधिकारी वेंकट रेड्डी पर लाठियों और पत्थरों से हमला किया। इस दौरान कलेक्टर और अतिरिक्त कलेक्टर भागने में सफल रहे लेकिन विशेष कार्याधिकारी वेंकट रेड्डी और अन्य हमले में गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने डीएसपी श्रीनिवास रेड्डी पर भी हमला किया। कांग्रेस सांसद चमाला किरणकुमार रेड्डी ने इस हमले की घटना की निंदा की है। उन्होंने आरोप लगाया कि हमले में विपक्षी दल बीआरएस के कार्यकर्ता शामिल थे। उन्होंने कहा कि अच्छा काम कर रही सरकार को रोकने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने केसीआर से सवाल किया कि इस तरह की हरकतों से वे क्या संदेश देना चाहते हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि अधिकारियों पर हमला करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

## महाराष्ट्र के सोलापुर में चुनाव आयोग ने फिर की उद्धव ठाकरे के हेलीकॉप्टर की जांच

**मुंबई :** चुनाव आयोग की टीम ने मंगलवार को शिवसेना (यूबीटी) के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे के हेलीकॉप्टर की फिर जांच की। इससे पहले भी उनके हेलीकॉप्टर की जांच यवतमाल में की गई थी। उद्धव ठाकरे में हेलीकॉप्टर में चुनाव आयोग की ओर से की जा रही सामानों की जांच का वीडियो बना कर सोशल मीडिया में वायरल किया है। इसके बाद राज्य में राजनीति गरमा गई है। उद्धव ठाकरे ने कहा कि जिस तरह से उनके सामान की जांच की जा रही है, इसी तरह की जांच सभी स्टार प्रचारकों की होनी चाहिए। उद्धव ठाकरे ने अधिकारियों से सवाल पूछा कि क्या प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस सहित अन्य प्रमुख राजनीतिक हस्तियों के लिए भी इसी तरह की जांच की जाएगी। जब उनकी जांच की जाएं तो उसका वीडियो उन्हें भी भेजें। राष्ट्रवादी (एसपी) के अध्यक्ष शरद पवार ने कहा कि किसी नेता को टारगेट करके चुनाव आयोग का इस तरह का कृत्य ठीक नहीं है। चुनाव आयोग सत्ता पक्ष के इशारे पर इस तरह का काम कर रहा है। शिवसेना नेता संजय राऊत ने कहा कि यह सब जानबूझकर किया जा रहा है। चुनाव आयोग को निष्पक्ष होना चाहिए।

# पलामू के विकास और खुशहाली के लिए पंजा छाप पर वोट दें : त्रिपाठी

प्रभात मंत्र संवाददाता



**मेदिनीनगर :** डाल्टनगंज-भंडारिया-चैनपुर विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी केएन त्रिपाठी ने आम जनों से पंजा छाप पर वोट देने की मार्मिक अपील की है।उन्होंने कहा कि पलामू के विकास के लिए और पलामू की खुशहाली के लिए पंजा छाप पर वोट देकर उन्हें विजई बनाएं। त्रिपाठी ने कहा कि अगर उनकी जीत होती है तो डालटनगंज विधानसभा सहित पलामू प्रमंडल में विकास का एक नया अध्याय शुरू होगा। पलामू के सुदूर प्रखंड क्षेत्र में कल कारखानों की स्थापना की जाएगी। ऐसा करने से बेरोजगारी दूर होगा। साथ ही उन्होंने कहा कि पलामू के हर खेतों तक पानी पहुंचाना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। केएन त्रिपाठी ने कहा कि पलामू के खेतों तक अगर पानी पहुंच जाएगा तो यहां के किसान खुशहाल हो जाएंगे और पलामू की गणना हरियाणा व पंजाब जैसे राज्यों से होने लगेगी। उन्होंने कहा कि यहां पेयजल की घोर समस्या है। पेयजल की समस्या को दूर करना उनकी पहली प्राथमिकता है। इसके लिए कोयल नदी को बांधकर पूरे पलामू के घरों में पानी पहुंचाया जाएगा। त्रिपाठी ने कहा कि पलामू जिले में स्वास्थ्य सेवाओं का भी घोर अभाव है। छोटी-छोटी बीमारियों में भी यहां के डॉक्टर रांची मरीजों को रेफर कर देते हैं। इसके लिए जरूरी है कि यहां ऐसा अस्पताल का निर्माण हो कि किसी भी मरीज को रांची नहीं जाना पड़े। इसके लिए वे पूरी तरह से कोशिश करेंगे। उन्होंने कहा कि पलामू की जितनी भी समस्याएं हैं। उन सभी समस्याओं का निदान वे बारी-बारी से करेंगे। पूर्व मंत्री और कांग्रेस प्रत्याशी त्रिपाठी ने कहा कि पलामू जिले की खुशहाली के लिए वह कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। यहां हर लोगों की खुशहाली तन और मन पर बनी रहे, इसके लिए वह अंतःकरण से काम करेंगे। श्री त्रिपाठी ने कहा कि 13 नवंबर को मतदान देने जाने से पहले यह जरूर सोचे कि विकास कौन प्रत्याशी कर सकता है। उन्होंने कहा कि वह सब की आकांक्षाओं पर खरा उतरेंगे। इसलिए सभी मतदाता पंजा छाप पर मोहर लगाकर उन्हें भारी मतों से विजई बनाएं। ताकि पलामू की सेवा करने का उन्हें मौका मिल सके।

## कालिदास की रचना में भी दिखती है नारी शक्ति : उपराष्ट्रपति

एजेंसी



**भोपाल :** उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि कोई भी देश इस बात पर नहीं चलता कि हम अधिकारों पर जोर दें, हमें अपने दायित्वों से अधिकारों को संतुलित करना होगा। मन को टटोलिए, हम महान भारत के रहवासी हैं। राष्ट्र को सर्वोपरि रखते हैं। इसमें हर नागरिक को आहूति देनी है। आज की सरकार ने लोकसभा और राज्यसभा में एक तिहाई आरक्षण देकर महिला शक्तिकरण किया है। कालिदास की रचना में भी नारी शक्ति देखने को मिलती है। इन कृतियों में कुटुम्ब का ध्यान रखने की भी सीख छिपी हुई है। हमें पता होना चाहिए कि हमारे पड़ोस और हमारे समाज में कौन हैं। उप राष्ट्रपति धनखड़ मंगलवार को मध्य प्रदेश के उज्जैन में 66वें अखिल भारतीय कालिदास समारोह के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने जय महाकाल का उद्घोष कर अपने भाषण की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि भारत जैसा कोई दूसरा देश नहीं है, जहां ऐसी सांस्कृतिक विरासत हो। जो देश और समाज अपनी संस्कृति और सांस्कृतिक धरोहर को संभालकर नहीं रखता, वो ज्यादा दिन नहीं टिकता है। उन्होंने कहा कि कालिदास की रचनाओं के बीच मानव और प्रकृति का अटूट रिश्ता देखने को मिलता है। पर्यावरण आज की ज्वलंत समस्या है। इसका ज्ञान हमें महाकवि कालीदास की रचनाओं से मिलता है कि पर्यावरण संरक्षण जरूरी है।

# हुसैनाबाद में भाजपा का किसी से मुकाबला नहीं : कमलेश सिंह



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हुसैनाबाद :** हुसैनाबाद से भाजपा प्रत्याशी पूर्व मंत्री कमलेश कुमार सिंह ने बताया कि वह पूरी तरह निश्चिंत हैं। उन्होंने कहा कि एक ओर दिन्दुत्व और संस्कृति की रक्षा का सवाल है, दूसरी ओर घुसपैठियों को बसाने वाले हैं। हुसैनाबाद ने विश्व की सबसे बड़ी पार्टी को विधानसभा भेजने का मन बना लिया है। उन्होंने कहा कि कुछ वोट कटवा भी घुसपैठियों का समर्थन देने वाले लोगों से समर्थन मांगने में जुटे रहे। जनता ने उन्हें नकार दिया है। उन्होंने कहा कि इस बार हुसैनाबाद की जनता इतना कमल खिलाने का मन बना चुकी है कि उस आंधी में सभी चित्त हो जाएंगे। कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि उन्होंने क्षेत्र में जो विकास किया है, उसका इनाम जनता उन्हें जरूर देगी। उन्होंने कहा कि राज्य में एनडीए की सरकार बनना तय है। हुसैनाबाद की उसने भागीदारी इस बार निश्चित रूप से रहेगी। जनता ने इसकी तैयारी कर ली है। उन्होंने कहा कि एनडीए के शीर्ष नेताओं ने उनके क्षेत्र में आकर जो कार्य किया है, उसे वह कभी नहीं भूल सकते। उन्होंने कार्यकर्ताओं का आह्वान किया है कि वह एक एक वोट निकालने का प्रयास करेंगे।

# एसपीडी कॉलेज ने जीता पेन्टिंग रंगोली, नृत्य में प्रथम पुरस्कार

प्रभात मंत्र संवाददाता




**गढ़वा :** विधान सभा चुनाव के मद्देनजर मतदाता जागरुकता को लेकर स्वीप कोषांग गढ़वा के द्वारा कई कार्यक्रम एवं प्रतियोगिताएं आयोजित करायी गयीं। मतदाता जागरुकता कार्यक्रम अर्न्तगत विभिन्न कार्यक्रमों में सूरत पाण्डेय डिग्री कॉलेज एनएसएस के छात्र-छात्राओं ने पेंटिंग, रंगोली एवं नृत्य की प्रतियोगिता में प्रथम एवं गायन में सान्त्वना पुरस्कार जीता। उपायुक्त शेखर जमुआर द्वारा उन्हे स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ती पत्र देकर सम्मानित किया गया। विभिन्न प्रतियोगिताओं के अर्न्तगत पेंटिंग में सिमरन सोनी को प्रथम, रंगाली में कॉलेज टीम को प्रथम तथा नृत्य में मौलिक विश्वकर्मा को प्रथम पुरस्कार दिया गया। वहीं गायन की प्रतियोगिता में लौकिक विश्वकर्मा को सान्त्वना पुरस्कार दिया गया। इस मौके पर महाविद्यालय में मंगलवार को प्राचार्य प्रो. निकलेश चौबे ने टीम में शामिल सिमरन सोनी, सिमरन खातून, प्राची कुमारी, अंजली पाण्डेय, लौकिक विश्वकर्मा, मौलिक विश्वकर्मा तथा एनएसएस के कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो. कमलेश सिन्हा को इसके लिए बधाई दी। साथ ही उन्होने सबों से लोकतंत्र के इस महापर्व में अपने-अपने मतों का प्रयोग करने की अपील की। इस मौके पर प्रो. विवेकानंद उपाध्याय, प्रो. अर्जुन प्रसाद, प्रो. राजीव रंजन मिश्रा आदि उपस्थित थे।

# आपकी एक भूल गढ़वा को पांच वर्ष पिछे धकेल देगी : मिथिलेश ठाकुर

### मंत्री मिथिलेश ने किया डोर-टू-डोर जनसंपर्क, की वोट देने की अपील

प्रभात मंत्र संवाददाता



**गढ़वा :** गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद व युवा कार्य विभाग मंत्री गढ़वा विस क्षेत्र के इंडिया गठबंधन प्रत्याशी मिथिलेश कुमार ठाकुर ने मंगलवार को गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में डोर-टू-डोर जनसंपर्क अभियान चलाया। मंत्री श्री ठाकुर ने घर-घर जाकर मतदाताओं से अपने चुनाव चिन्ह तीर-धनुष छाप पर वोट देने की अपील की। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि गढ़वा वासियों ने वर्ष 2019 में उन्हें जिस उम्मीद के साथ अपना आशीर्वाद दिया था, उस पर उन्होंने पूरी तरह से खरा उतरने का प्रयास किया।

गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के लोगों के आशीर्वाद से आज गढ़वा के चप्पे-चप्पे में विकास की किरण झलक रही है। उन्होंने कहा कि अभी भी गढ़वा को विकसित जिला बनाने का कार्य अधूरा है। इसे पूरा करने एवं गढ़वा के विकास के गाड़ी को और आगे बढ़ाने के लिए सभी लोग पुनः उन्हें भारी मतों से जीतायें। ताकि शेष बचे कार्य को भी पूरा किया जा सके। उन्होंने कहा कि गढ़वा के लोगों से मिले प्यार और आशीर्वाद का मैं आजीवन ऋृणी रहूंगा। मैं हमेशा जनता के हर सुख - दुख में साथ खड़ा रहूंगा। मंत्री ने कहा कि आप सभी सोच समझ कर अपने क्षेत्र का बेहतर विकास के लिए एव हमेशा आपके बीच उपलब्ध रहने वाला जनप्रतिनिधि का चयन करें। आपकी एक छोटी सी भी भूल गढ़वा को पांच वर्ष पीछे धकेल देगी। अपने क्षेत्र, अपना जिला, एवं अपने राज्य को आगे बढ़ाने एवं अपना अधिकार प्राप्त करने के लिए किसी के बहकावे में आकर एवं भावना में बहकर मतदान नहीं करें। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि आज के गढ़वा एवं पांच वर्ष पूर्व के गढ़वा में तुलना करें उसके बाद तीर-धनुष छाप पर बटन दबायें। साथ ही मंत्री श्री ठाकुर ने सभी मतदाताओं से निश्चित रूप से मतदान करने की अपील की।

## वाराणसी में 16 नवंबर मध्यरात्रि तक नो फ्लाई जोन घोषित

**वाराणसी :** उत्तर प्रदेश के वाराणसी में विश्व प्रसिद्ध देव दीपावली पर्व (15 नवंबर) को देखते हुए पूरे शहर को आज मध्यरात्रि से 16 नवंबर की मध्यरात्रि तक नो फ्लाई जोन घोषित कर दिया गया है। वाराणसी में हर साल कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर देव दीपावली का पर्व मनाया जाता है। वाराणसी के अपर पुलिस आयुक्त (कानून एवं व्यवस्था) के आदेश के अनुसार यह प्रतिबंध 12 नवंबर की मध्यरात्रि (मंगलवार) से 16 नवंबर की मध्यरात्रि तक प्रभावी रहेगा। आदेश में कहा गया है कि देव दीपावली पर गंगा किनारे लाखों श्रद्धालुओं, स्थानीय निवासियों और विभिन्न विशिष्ट अतिथियों के आगमन के कारण सुरक्षा व्यवस्था और कानून-व्यवस्था का विशेष ध्यान रखना आवश्यक है।

## प्रयागराज महाकुंभ में पहली बार विकसित किया जा रहा चैटबॉट 'कुंभ सहायक', 10 से अधिक भाषाओं में मिलेंगी सूचनाएं

एजेंसी

**प्रयागराज :** महाकुम्भ-2025 मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विरासत और विकास के विजन का सबसे बड़ा उदाहरण बनता जा रहा है।

एक ओर तो विश्व की सबसे प्रचीनतम सनातन परम्पराओं का वाहक महाकुम्भ है, तो वहीं दूसरी ओर आधुनिक तकनीक से जुड़ कर विकास का प्रतिमान बनता जा रहा है। इसका प्रत्यक्ष उदाहरण बन रहा है डिजिटल महाकुम्भ, जो एआई और चैटबॉट जैसी अत्याधुनिक तकनीकि के उपयोग से श्रद्धालुओं को विश्वस्तरीय सुविधा उपलब्ध कराएगा।

महाकुम्भ में पहली बार एआई जेनेरेटिव चैटबॉट कुम्भ सहायक विकसित किया जा रहा है। जो भाषिनी ऐप की मदद से दस से अधिक भाषाओं में श्रद्धालुओं को महाकुम्भ से जुड़ी सभी जानकारियां उपल्ब्ध कराएगा। ये चैटबॉट गूगल नैविगेशन, इंटरैक्टिव कनवरसेशन व व्यक्तिगत जीआईएफ की सुविधा से लैस होगा।





